(1100/RPS/NKL)

1100 hours

(Hon. Speaker *in the Chair*)

SHRI T. R. BAALU (SRIPERUMBUDUR): Sir, I have given a notice of Adjournment Motion....(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष: प्रश्न संख्या 101, श्री दिलीप साईकिया जी।

...(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): अध्यक्ष जी, शिड्यूल्ड कास्ट्स- शिड्यूल्ड ट्राइब्स के रिजर्वेशन पर हाथ लगाया जा रहा है।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : गलत बात मत बोलिए, सरकार नहीं है इसमें।

...(व्यवधान)

(प्रश्न 101)

श्री दिलीप साईकिया (मंगलदाई): माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरा पहला पूरक प्रश्न यह है कि बच्चों पर बढ़ते पढ़ाई के दबाव और अभिभावकों की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए …(व्यवधान) शिक्षकों पर दबाव की समस्या को कम करने के लिए सर्व शिक्षा अभियान के माध्यम से सरकार ने कौन-कौन से कदम उठाए हैं, क्योंकि आज देश भर में ऐसे कई विद्यालय हैं, जहां पर केवल एक ही शिक्षक ही मौजूद है? …(व्यवधान)

डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक: श्रीमन्, पूरे देश भर में…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): मुझे एक मिनट बोलने दीजिए। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, कोई गलत वक्तव्य मत दीजिए। ऐसे नहीं होता है। गलत बात मत कीजिए।

…(व्यवधान)

डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक: श्रीमन्, सर्व शिक्षा अभियान के तहत, समग्र शिक्षा अभियान के तहत, पहले जो सर्व शिक्षा अभियान था, माध्यमिक शिक्षा अभियान और अध्यापक शिक्षा – इन तीनों का मिलाकर, समीक्षा के बाद समग्र शिक्षा अभियान बनाया गया।

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सर, मुझे बोलने दीजिए।…(व्यवधान)

डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक: श्रीमन्, इसके तहत स्कूलों का उन्नयन, रिहायशी विद्यालयों की स्थापना, परिवहन की सुविधाएं दिलाना, मुफ्त वर्दी, मुफ्त पुस्तकें, सामुदायिक प्रबन्धन समिति का प्रशिक्षण, पुस्तकालय, समग्र विद्यालय अनुदान, प्री-नर्सरी को सहायता देना, लड़कियों को आत्म रक्षा सिखाना, खेल आदि हर क्षेत्र में राज्य सरकारों को मदद दी जा रही है। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आपकी कोई बात अंकित नहीं हो रही है।

…(व्यवधान)

डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक: श्रीमन्, जहां तक स्कूल में शिक्षकों की भर्ती का प्रश्न है, यह राज्य सरकारों से संबंधित विषय है। उनको बार-बार कहा गया है कि जो भी पद उनके यहां रिक्त हैं, उनको शीर्ष प्राथमिकता पर भरा जाए। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, मेरी बात सुनिए।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, अगर आप बोलना चाहते हैं तो मेरी बात सुनिए। आप प्रश्न काल को चलने दीजिए। शून्य काल में आपका विषय लेंगे और सरकार की तरफ से माननीय रक्षा मंत्री जी जवाब देंगे।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: नहीं, प्रश्न काल में नहीं। गलत परम्परा मत बनाइए। कभी ऐसे चर्चा नहीं हुई। मैं आपको शून्य काल में मौका दूंगा।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, यह गलत बात है।

…(व्यवधान)

श्री दिलीप साईकिया (मंगलदाई): माननीय अध्यक्ष महोदय, जैसा माननीय मंत्री महोदय ने अपने जवाब में कहा है, सर्व शिक्षा अभियान को अभी सर्व स्पर्शी बनाने की दिशा में कम्प्यूटर शिक्षा को छठीं कक्षा से 12वीं कक्षा तक देने का प्रावधान रखा गया है। क्या टीचर और टेक्नोलॉजी का एकीकरण करके, सभी स्तरों पर गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए कम्प्यूटर शिक्षा को प्राथमिक स्तर पर शुरू करने का सरकार का कोई विचार है? असम में हजारों टीचर्स हैं, जिनकी सर्विस अभी तक रेगुलराइज नहीं हुई है। उनको रेगुलराइज करने, या जब तक उनको रेगुलराइज नहीं किया जाता है, तब तक उनकी सर्विस खत्म नहीं की जाएगी, क्या मंत्री जी की ओर से ऐसा कोई प्रावधान रखा गया है?

(1105/IND/KSP)

…(व्यवधान)

डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक: श्रीमन्, पहले कम्प्यूटर एडेड लर्निंग कार्यक्रम था, जिसके लिए प्रत्येक जिले को 50 लाख रुपये उपलब्ध कराए जाते थे। इस समय उसे और व्यापक बनाने के लिए और हर बच्चा कम्प्यूटर शिक्षा से जुड़ सके, ई-लर्निंग के तहत अब प्रत्येक स्कूल को 6 लाख 40 हजार रुपये कम्प्यूटर लैब की स्थापना के लिए स्वीकृत किए जा रहे हैं, जबकि 2 लाख 40 हजार रुपये पांच वर्ष तक के लिए रेगुलर स्वीकृत हो रहा है।…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): अध्यक्ष जी, यह सरकार अनुसूचित जाति और जनजाति के खिलाफ अन्याय कर रही है। यह संविधान के खिलाफ है और मौलिक अधिकारों का हनन है।…(व्यवधान)

डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक: श्रीमन्, ऑपरेशन डिजिटल बोर्ड के तहत भी अभी तक हजारों स्कूल में स्मार्ट क्लासेस शुरू की जा रही हैं तथा स्वयं एवं स्वयंप्रभा के तहत और दीक्षा के तहत इसको किया जा रहा है।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय रक्षा मंत्री जी, क्या आप कुछ बोलना चाहते हैं?

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : रक्षा मंत्री जी बोलना चाहते हैं।

…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सर, मेरी बात रिकॉर्ड नहीं हो रही है, मुझे भी बोलने दीजिए।

रक्षा मंत्री (श्री राजनाथ सिंह): अध्यक्ष महोदय, इस देश की सर्वोच्च न्यायपालिका – सुप्रीम कोर्ट ने अभी हाल ही में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के 'रिजर्वेशन इन प्रमोशन' के मुद्दे पर एक जजमेंट दिया है। यह मामला बहुत ही संवेदनशील है। मैं सभी सम्मानित सदस्यों से अनुरोध करना चाहता हूं कि इस संबंध में हमारे सामाजिक न्याय मंत्री जी यहां पर आकर स्टेटमेंट देने वाले हैं, तब तक सदन की कार्यवाही को ठीक तरीके से चलने दें। सामाजिक न्याय मंत्री यहां पर आएंगे और स्टेटमेंट देंगे। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: ठीक है। आपने अपनी बात कह दी, उन्होंने अपनी बात कह दी है।

…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सर, मेरी बात रिकॉर्ड नहीं हुई है।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आपकी बात रिकॉर्ड हो गई।

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): रिकॉर्ड नहीं हुई है। …(व्यवधान) सर, मेरी बात रिकॉर्ड नहीं हुई है।…(व्यवधान) मुझे दो मिनट का समय दीजिए।

माननीय अध्यक्ष : श्री रमेश चन्द्र कौशिक जी।

…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सर, मेरी बात रिकॉर्ड नहीं हुई है।…(व्यवधान) मुझे दो मिनट का समय दीजिए। …(व्यवधान) एक दफा मेरी बात भी रिकॉर्ड हो जानी चाहिए। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, आप विराजें। आप एक मिनट मेरी बात सुनिए।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, सदन के अंदर मैंने कभी भी आपको किसी विषय पर बोलने से नहीं रोका, लेकिन आप सभी माननीय सदस्यों ने तय किया था कि हम प्रश्न काल के बाद शून्य काल में इस विषय को उठाएंगे। शून्य काल में आप विषय उठाएं, मैं आपको विषय पर बोलने दूंगा और सरकार की तरफ से सामाजिक न्याय मंत्री जी अपना वक्तव्य देंगे, स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। उसके बाद भी अगर आपको चर्चा करनी हो तो आप नियम-प्रक्रिया के तहत नोटिस दीजिए, यही संसद की प्रक्रिया है।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : एक मिनट रुकिए, सुरेश जी।

आप सभी वरिष्ठ सदस्य हैं, क्यों इस संसद की गरिमा को खत्म करना चाहते हैं?

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: संविधान खतरे में नहीं है, लेकिन इस तरीके से आप सदन की मर्यादा को खतरे में डाल रहे हैं। यह बात गलत है।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : सुरेश जी, शून्य काल में इस विषय पर बोलें। एडजर्नमेंट मोशन तो प्रश्न काल के बाद आएगा।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, ऐसा क्यों करते हैं? मैं आपको पर्याप्त समय दूंगा। आप अपना विषय रखना। सरकार की तरफ से मंत्री जी वक्तव्य देंगे, सदन चलेगा।

…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सर, मेरा कोई ऑब्जेक्शन नहीं है। राजनाथ सिंह जी बोल रहे हैं, मुझे भी दो मिनट के लिए बोलने दीजिए।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय राजनाथ सिंह जी ने केवल कहा है कि ऐसा वक्तव्य देंगे, उन्होंने जवाब नहीं दिया। जवाब देने से पहले मैं आपको बुलाऊंगा, उसके बाद सरकार जवाब देगी। पहले आपका

सवाल होगा, उसके बाद सरकार जवाब देगी। सिस्टम यही है कि पहले आपका सवाल होगा, उसके बाद सरकार जवाब देगी। आपको शून्यकाल में बोलने का अवसर देंगे।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आपकी बात को रिकार्ड में लाएंगे। माननीय सदस्य, आपको शून्य काल में बोलने का मौका देंगे। शून्य काल में आपको इस सब्जेक्ट पर बोलने का मौका दिया जाएगा।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप मेरी बात सुनिए। माननीय रक्षा मंत्री जी ने कोई वक्तव्य नहीं दिया है। सदन शांति से चले, इसलिए उन्होंने केवल उठकर यह कहा है कि सरकार आपकी जिज्ञासा को शांत करने के लिए इस पर वक्तव्य देना चाहती है।

(1110/ASA/KKD)

अगर उन्होंने कोई वक्तव्य देना होता तो मैं पहले आपको बुलाता, उसके बाद सरकार वक्तव्य देती। यह सिस्टम है।

…(व्यवधान)

SHRI T. R. BAALU (SRIPERUMBUDUR): Sir, he knows the subject matter. He is the most responsible Minister …(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : वह इस सदन के उप नेता हैं। सदन के उप नेता कभी भी किसी भी विषय पर वक्तव्य दे सकते हैं। आप नियम प्रक्रिया की किताब में देखिए। आप वरिष्ठ नेता हैं।

…(व्यवधान)

SHRI T. R. BAALU (SRIPERUMBUDUR): That is why we are raising it. He knows the subject matter …(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : मैं आपको भी विषय पर बोलने दूंगा। बालू जी, आपका विषय आज लेना है न। बैठे-बैठे मत बोलिए।

…(व्यवधान)

(इति)

(प्रश्न 102)

डॉ. रामशंकर कठेरिया (इटावा): माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी ने विस्तार से प्रश्न का उत्तर दिया है। देश भर में श्रमिकों की जो कई तरह की बड़ी-बड़ी समस्याएं थीं, उन समस्याओं के समाधान की दिशा में पिछले 6 साल से सरकार का जो एक सकारात्मक प्रयास रहा है, यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है, लेकिन इसके बावजूद बहुत सारी समस्याएं, आज भी श्रमिकों के साथ …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, आप सभी जिम्मेदार माननीय सदस्य हैं। मैं किसी माननीय सदस्य, माननीय मंत्री जी को रोकना नहीं चाहता। लेकिन सदन के अंदर प्रश्न काल सबसे महत्वपूर्ण काल है। सभी माननीय सदस्यों ने यह व्यवस्था दी है कि प्रश्नकाल के बाद जो भी विषय होगा, हम प्रश्न काल के बाद अपने विषयों को उठाएंगे। सभी माननीय सदस्यों का मानना है कि प्रश्न काल सबसे महत्वपूर्ण काल है, इसलिए आप अपना प्रश्न संक्षेप में पूछें। मुझे पूरी लिस्ट रोज पूरी करने का प्रयास करना है।

डॉ. रामशंकर कठेरिया (इटावा): माननीय अध्यक्ष महोदय, बाहरी स्रोत से ली जाने वाली जो सेवाएं हैं, उन सेवाओं के द्वारा जो लोग लगाए जाते हैं और राज्य का जो श्रम विभाग है, उनके अनुसार दैनिक रेट से जो भुगतान किया जाता है, जैसे दिल्ली में सफाई कर्मचारियों को महीने में लगभग 14842 रुपये का भुगतान बनता है और उसमें से 1781 रुपये ईपीएफ के लिए और 111 रुपये ईएसआई के लिए कटते हैं। लेकिन प्रैक्टिकली इन तीनों बातों में कठिनाइयां आती हैं। मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि इसमें प्रॉपर पैसा उसको मिले और उसका जो पैसा कटता है, वह भी उसके खाते में जाए। मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि इसमें कहीं-कहीं जो शिकायतें आती हैं, उन शिकायतों के समाधान की दिशा में माननीय मंत्री जी की तरफ से क्या कोशिशें हो रही हैं?

श्री संतोष कुमार गंगवार: माननीय अध्यक्ष जी, जो माननीय सदस्य कह रहे हैं, उनकी वह बात दुरुस्त है। इसीलिए हमारी सरकार ने इस दिशा में विशेष कदम उठाए हैं। आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने वर्ष 2014 के बाद श्रम कानूनों में जो परिवर्तन की बात की थी, उसी का परिणाम यह है कि हम 44 कानूनों को चार कोड्स में बदल रहे हैं। पहला कानून कोड ऑन वेजेज अभी पिछले सत्र में ही सदन ने पास किया है। इससे इन सारी समस्याओं को हम हल करने का काम करेंगे और हमारा मानना है कि जो शिकायतें आप बता रहे हैं, उनका एक सही समाधान भी होगा। मैं इतना ही कह सकता हूं कि जो भी शिकायतें हमारे पास आ रही हैं, चाहे वे जिस स्तर की आ रही हैं, हम केवल संगठित मजदूर जो 8 करोड़ हैं, उनकी हम चिंता नहीं कर रहे हैं, 50 करोड़ मजदूरों की चिंता हमारी सरकार कर रही है और उनकी हर समस्या का समाधान हम टाइम-बाउंड तरीके से करने का काम कर रहे हैं कि कैसे कम से कम समय में समस्या का समाधान हो। अगर किसी की कोई स्पेसिफिक समस्या हो तो माननीय सदस्य अगर हमें बताएंगे तो हम उसका समाधान करने का काम करेंगे।

डॉ. रामशंकर कठेरिया (इटावा): माननीय अध्यक्ष जी, जो आउटसोर्सिंग है, हम देख रहे हैं कि धीरे-धीरे बहुत बड़ी संख्या में, सभी क्षेत्रों में, चाहे सरकारी हो या गैर-सरकारी हो, हम धीरे-धीरे आउटसोर्सिंग की तरफ बढ़ रहे हैं। लेकिन उनमें उसी तरह की समस्याएं भी बढ़ती जा रही हैं।

(1115/RAJ/RP)

मैंने कई जगह ऐसा देखा है कि कभी-कभी किसी बड़ी फैक्ट्री जो गेट पास में दिए जाते हैं, वे गेट पास उनको एक महीना के बाद तब दिए जाते हैं जब उसमें कटौती हो जाती है। इसे रोकने के लिए माननीय मंत्री जी की तरफ से क्या कदम उठाए गए हैं?

आउटसोर्सिंग में बहुत सारे सवाल उठ रहे हैं कि क्या माननीय मंत्री जी की तरफ से, सरकार की तरफ से इसमें रिजर्वेशन की व्यवस्था पर कोई विचार किया जा रहा है?

श्री संतोष कुमार गंगवार: सर, माननीय सदस्य ने आउटसोर्सिंग की बात कही है। हमारी सरकार ने इस ओर चिंता की है और एक टाइम बाउंड कार्य की बात की है। इसलिए एक साल, दो साल या तीन साल, जितने समय के लिए नौकरी होगी, वह निश्चित होगी और उसमें सारी समस्याओं का समाधान होगा। जहां तक इसमें आरक्षण का प्रश्न है, तो मैं अभी उसके उपर टिप्पणी नहीं कर सकता हूं, संबंधित मंत्री महोदय से बात करके बताऊंगा।

श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन (कोल्लम): सर, धन्यवाद। यह बहुत महत्वपूर्ण सवाल है। In 2016, a number of complaints had been registered during 2016-19 under EPFiGMS, that is a Grievance Management System. The number was 2,36,005. In the year 2019, it has come to 9 lakh. That means, several lakhs of petitions have been registered. The matter is regarding the PF and the pension. The rate of disposal, according to your answer, is around 90 per cent plus.

You are imposing online submission of application. As far as the poor cashew workers and the traditional workers are concerned, they are illiterate. They are not able to submit their applications online. It is very difficult for them. Now, it is becoming mandatory. Therefore, the poor people are not able to submit their applications through online portals in cities.

I would like to know from the hon. Minister whether this will be reviewed so that the poor people can submit their applications offline. The hon. Minister has assured in this august House that after realisation of the entire commuted pension, the original pension will be restored. The Government and the EPF trustees have decided this. But, unfortunately, so far, no order has been issued in this regard by the EPF Commissioner. It has not been issued after months. I would like to know whether the EPF Commissioner or the Chief Provident Fund Commissioner is the highest authority or the Government and the Minister is the highest authority. The poor worker whose pension has been deducted since

long has not been restored. It means, it is an anti-labour approach on the part of the Central Provident Fund Commissioner.

I would like to know from the hon. Minister when the order will be issued in this regard so that the poor workers will be satisfied. These are two parts of my supplementary.

श्री संतोष कुमार गंगवार : सर, यह कम्पलसरी नहीं है कि ऑनलाइन शिकायत करें, जैसा माननीय सदस्य कह रहे हैं, अगर वे हार्ड कॉपी पर या हमारे मोबाइल पर भी शिकायत कर देंगे तो उसकी सुनवाई होगी, उसका निस्तारण होगा। हमारा यह मानना है कि उनकी समस्याओं का निस्तारण विदइन टाइम हो और टाइम लिमिट कम से कम हो। इसलिए इसमें कोई वजह नहीं है कि ऑनलाइन ही शिकायत करें। It is not necessary. He can make his complaint by any way which he likes.

जहां तक पेंशन का सवाल है तो माननीय सदस्य इसके अच्छे जानकार हैं, मैं इनके साथ अलग से बात करके इसका समाधान करूंगा और इसको दुरुस्त करने की दिशा में जल्दी कदम उठाऊंगा।

SHRI FEROZE VARUN GANDHI (PILIBHIT): Sir, the domestic workers have traditionally been one of the most exploited communities in our country. My question relates to breach of the National Wage Guidelines by domestic employers. Through you, I would like to ask the hon. Minister whether workers have any grievance redressal mechanism towards their protection in this regard.

श्री संतोष कुमार गंगवार : सर, डोमेस्टिक वर्कर्स की समस्या होती है, हमारी जानकारी में है। अब इसीलिए सरकार ने, आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने आठ करोड़ नहीं, बल्कि 50 करोड़ वर्कर्स की चिंता की बात की है। हमारी सदन ने कोड ऑन वेजेज पास किया है। ऐसी कोई भी समस्या होगी, शिकायत होगी, उसका तुरंत समाधान किया जाएगा। अगर माननीय सदस्य की जानकारी में कोई स्पेसिफिक समस्या है, वह उसके बारे में बताएंगे तो हम तुरंत उसका निस्तारण करने का काम करेंगे।

श्री विनायक भाउराव राऊत (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग): अध्यक्ष महोदय, भारत के मजदूरों के बारे में देखा जाए तो यह महत्वपूर्ण प्रश्न है। खासकर, प्रोविडेंट फंड के कंट्रीब्यूशन और ईएसआईसी की समस्या है।

(1120/VB/RCP)

महोदय, सबसे बड़ी समस्या यह है कि जहाँ कांट्रैक्चुअल वर्कर्स रहते हैं, वहाँ बहुत-से ठेकेदार वर्कर्स का कंट्रीब्यूशन इकट्ठा करते हैं और उसे प्रोविडेंट फण्ड में जमा करते हैं, लेकिन मालिक का जो शेयर होता है, वह डिडक्ट करके जमा नहीं किया जाता है।

कांट्रैक्चुअल सिस्टम में एक ठेकेदार का मुद्दत खत्म होने के बाद जब दूसरा ठेकेदार आता है, तो उनकी जो कंटिन्यूटी होनी चाहिए, वह भी बहुत-सी जगहों पर नहीं हो रही है, खासकर के मुम्बई, दिल्ली के एयरपोर्ट्स पर, जहाँ बहुत-से कांट्रैक्चुअल वर्कर्स काम करते हैं।

मेरी आपके माध्यम से मंत्री महोदय से प्रार्थना है कि कांट्रैक्चुअल वर्कर्स को भी ईपीएफ और ईएसआइसी की सहायता मिलनी चाहिए। हालाँकि, आपने उसके लिए डाटा-बेस पोर्टल तैयार की है, लेकिन उसके ऊपर सही तरीके से ध्यान देने की आवश्यकता है। सरकार इसके लिए गम्भीर है, ऐसा आपने बताया है, फिर भी इसमें और सुधार करने के लिए आपने क्या प्रावधान किए हैं?

श्री संतोष कुमार गंगवार : माननीय अध्यक्ष जी, इसमें जो भी सुधार हो सकता है, उसका समाधान भी किया जाएगा। सरकार की चिन्ता है कि यह ब्रेक न हो, अगर ठेकेदार बदलता है, तो मजदूर को नुकसान न हो, यह हमारी चिन्ता का विषय है। अगर मजदूर हमें सीधे रूप से लिखकर देता है, तो हम उसका समाधान भी करेंगे और अगर आपके संज्ञान में किसी क्षेत्र विशेष की कोई स्पेसिफिक शिकायत है, उसके बारे में आप हमें बताएंगे, तो हम पूरी तरह से आपको संतुष्ट करने का काम करेंगे।

(इति)

(प्रश्न 103)

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैंने इस्पात मंत्रालय के पीएसयू सेल से यह जानना चाहा था कि सेल के पास कितने कैश रिज़र्व्स, सरप्लस और बैंक फण्ड्स हैं।

माननीय अध्यक्ष: आपने प्रश्न पूछ लिया है, आप आगे पूछें।

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद): सर, मैं वही पूछ रहा हूँ।

मुझे जो उत्तर दिया गया है, उसमें केवल कैश सरप्लस की ही जानकारी दी गई है। यह कहा गया है कि वर्ष 2011-12 में कैश सरप्लस 13 हजार करोड़ रुपये थे, परन्तु सेल का कहना है कि वर्ष 2015 के बाद सेल के पास कोई कैश सरप्लस फण्ड है ही नहीं।

मेरा प्रश्न यह है कि सेल के कैश सरप्लस फण्ड का क्या हुआ और क्या सेल के पास कोई फण्ड है ही नहीं?

श्री धर्मेन्द्र प्रधान : माननीय अध्यक्ष जी, स्थिति ऐसी ही है। यह विषय स्टील के बाजार भाव से जुड़ा हुआ है। वर्ष 2011-12, 2012-13, 2013-14 और 2014-15 तक स्टील सेक्टर की अपवर्ड जर्नी के कारण उस समय सेल के पास थोड़ी बचत हुई थी। वह कैसे किया गया है, इस संबंध में आपके माध्यम से उत्तर सभा-पटल पर रखा गया है। फिलहाल आज सेल के पास कोई कैश सरप्लस नहीं है।

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद): महोदय, मैंने आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहा था और सेल ने बताया है कि इनवेस्टमेंट्स उन बैंक्स में रखे गए हैं, जहाँ उसको सबसे ज्यादा इंट्रेस्ट रेट मिलते हैं। परन्तु, सेल ने यह नहीं बताया कि इन बैंक्स में सेल के द्वारा जो इनवेस्टमेंट्स किए गए हैं, उन पर उसको कितना इंट्रेस्ट रेट मिलता है? केवल राशि बता दी गई है, लेकिन रेट ऑफ इंट्रेस्ट नहीं बताया गया है। मैं इसके बारे में जानना चाहता हूँ।

श्री धर्मेन्द्र प्रधान: हम माननीय सदस्य को वह भी बता देंगे।

डॉ. संजय जायसवाल (पश्चिम चम्पारण): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री जी के जवाब से पूर्णत: संतुष्ट हूँ।

माननीय अध्यक्ष: ठीक है, तो आगे बढ़ते हैं।

डॉ. संजय जायसवाल (पश्चिम चम्पारण): सर, यह मेरे क्षेत्र का प्रश्न है।

कुमारबाग स्टील प्लांट के बारे में फाइनेंस मिनिस्टर के सामने मंत्री जी ने कहा था कि अगर वहाँ पर रेक पॉइंट बन जाए, तो हम कुमारबाग यूनिट को पूर्ण रूप से चालू करेंगे और वहाँ के एम्प्लॉइज को परमानेंट करेंगे। कुमारबाग में माननीय रेल मंत्री जी के द्वारा रेक पॉइंट का निर्माण हो गया है। उन्होंने कहा था कि तीन हजार रुपये प्रति टन एक्स्ट्रा खर्च है, वह भी बच गया है, इसलिए मेरा माननीय मंत्री जी से प्रश्न है कि कुमारबाग प्लांट को 100 परसेंट कब तक चालू करेंगे और वहाँ के एम्प्लॉइज को कब तक एडजस्ट करेंगे?

श्री धर्मेन्द्र प्रधान: माननीय अध्यक्ष महोदय, यह एक अलग प्रश्न है, मैं माननीय सदस्य से इस विषय के बारे में चर्चा करूँगा।

SHRI M. K. RAGHAVAN (KOZHIKODE): Sir, there is a Joint Venture company of SAIL, namely SAIL-SCL Kerala Limited (SSKL) in my constituency, Kozhikode. For the revival of this company, a meeting was held by the Ministry of Steel on 30.06.2017. Various measures including provision of material and financial assistance was discussed. Unfortunately, however, no effective measure to revive this company has been forthcoming so far.

I would like to know from the hon. Minister the steps being taken to revive this company which will give employment opportunity to over 200 persons both directly and indirectly.

(1125/PC/SMN)

SHRI DHARMENDRA PRADHAN: Sir, this is a separate question but with your permission, I would like to answer this specific query. It is not a fact that the Government has not taken any step to revive that plant. Recently, the Chairman of Steel Authority of India, at the invitation of the hon. Chief Minister of Kerala, has visited Kerala. They had a very detailed discussion.

Today, the raw-material is little bit costly. The landing cost is higher in Kerala. The private sector is more competitive to supply to the Kerala market. We have asked some assurance from the Kerala Government for the off-take guarantee. In that way, the Government of India is keen to run that plant and the Government of Kerala is in consultation on that issue.

I hope if that competitiveness will come, we can run that plant.

(ends)

(प्रश्न 104)

श्री अजय निषाद (मुजफ्फरपुर): माननीय अध्यक्ष जी, माननीय मंत्री जी ने विस्तार से अच्छा उत्तर दिया है, मंत्री जी का आभार।

मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि इंजीनियरिंग शिक्षा को और उन्नत बनाने हेतु बी. आर. मोहन रेड्डी समिति की मुख्य संस्तुतियां क्या थीं?

डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक: श्रीमन, जो समिति गठित की गई थी, उस बी. आर. मोहन रेड्डी समिति ने दिनांक 27 दिसंबर, 2018 को जो मुख्य संस्तुतियां दी थीं, उनमें था कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर कोर्स सुनिश्चित किया जाए, इंटरनेट ऑफ थिंग्स को सुनिश्चित किया जाए, क्वॉन्टम कम्प्यूटिंग, डेटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी सहित जो दस-बारह प्रमुख संस्तुतियां थीं, उनमें दूसरी महत्पवपूर्ण संस्तुति थी कि पारंपरिक विषयों में सीट कम कर के मौजूदा सीटों को इन पाठ्यक्रमों में परिवर्तित कर के अनुशासन पाठ्यक्रमों पर अधिक ध्यान देना, एआईसीटीई इनको अन्य पाठ्यक्रमों के आधार पर सुनिश्चित करे, यह प्रमुख रूप से उनकी संस्तुतियां थीं।

श्री अजय निषाद (मुजफ्फरपुर): माननीय अध्यक्ष जी, मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि दिव्यांग छात्रों और जम्मू-कश्मीर के छात्रों को तकनीकी शिक्षा ग्रहण करने के लिए क्या सरकार कोई छात्रवृत्ति दे रही है?

डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक: श्रीमन, मुझे आपके माध्यम से सदन को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की शिक्षा पर सरकार ने विशेष रूप से ध्यान केन्द्रित किया है।

कुछ दिन पूर्व 45 नई योजनाओं को वहां शुरू किया गया है। जम्मू-कश्मीर के छात्रों को विशेषकर प्रधान मंत्री विशेष पैकेज के तहत छात्रवृत्ति दी जाती है। मेडिकल के छात्र को चार लाख रुपये तक और इंजीनियरिंग के छात्र को तीन लाख रुपये तक की छात्रवृत्ति दी जाती है।

माननीय सदस्य ने दिव्यांगों के बारे में जो चर्चा की है, दिव्यांगों के लिए भी विशेष रूप से सुविधाएं दी जाती हैं और उनको छात्रवृत्ति के साथ-साथ अलग से तमाम प्रकार की सुविधाएं देने का प्रावधान है।

DR. SHASHI THAROOR (THIRUVANANTHAPURAM): Hon. Speaker, as we know today unemployment is a serious crisis facing our technical sector. Sixty-four per cent of our fresh graduates of age 20 to 24 have no work. This is a major crisis facing the country and engineering is particularly bad because you are looking at a situation where even among those who get jobs, 65 per cent end up in jobs that do not require an engineering degree. So, the question is this. When the AICTE was first setup, it had a mandate of promoting technical education with a view to the development of the country.

When we look at the latest World Bank Report, technology is reshaping the skills needed for work in the technical space. There is a demand for

advanced cognitive skills, socio-behavioural skills, skill combination associated with greater adaptability, and of course, you already mentioned Mr. Minister about innovation, automation, internet of things, cyber-studies, and so on.

The question is what is the AICTE doing to amend its very strict regulatory approach asking how many classrooms, how many teachers, what syllabus, and moving into a situation where we can instill the skills that will help our technical graduates to actually get employment in today's difficult market?

(1130/SPS/MMN)

डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक: श्रीमन्, मैं यह समझता हूं कि बीते पांच सालों में हमारी गवर्नमेंट ने बहुत महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। ए.आई.सी.टी.ई. के माध्यम से जो छात्र वहां तक पहुंचा है, उसको पूरी ताकत के साथ एक योद्धा के रूप में वर्तमान परिस्थितियों से मुकाबला करने के लिए कैसे तैयार किया जाए और उसको किस तरीके से रोजगारपरक बनाया जाए, इसके लिए हमने नए मॉडल तैयार किए हैं। इसमें परिणाम आधारित मॉडल पाठ्यक्रम तैयार किया गया है। इस पाठ्यक्रम को उद्योगों के साथ जोड़कर ताकत के साथ लागू करेंगे। छात्रों के लिए अनिवार्य इंटर्नशिप कर दी गई है। इसमें छात्र छ: महीने तक अनिवार्य रूप से उद्योगों के साथ जुड़कर काम करेंगे। हमने छात्रों को प्रेरित करने और छात्रों की कांउसलिंग के लिए कई प्रकार के कार्यक्रम शुरू किए हैं। परीक्षा में क्या-क्या सुधार हो सकता है, उस पर भी पूरा ध्यान केन्द्रित किया गया है। तकनीकी शिक्षा के लिए अलग परिप्रेक्ष्य में जो उद्योग हैं, पाठ्यक्रम हैं और छात्र के बीच भी समन्वय रहे, ताकि वह जो भी शिक्षा प्राप्त करता है, उससे वह वहां तक पहुंचे जहां उसकी योग्यता है।

श्रीमन्, इसके लिए शिक्षकों का प्रशिक्षण बहुत जरूरी है, इसलिए शिक्षकों का प्रशिक्षण अनिवार्य कर दिया गया है। जब भी नए प्रवक्ता आते हैं, तो उनके लिए चार सप्ताह की अनिवार्य ट्रेनिंग सुनिश्चित की गई है। जो अध्यापक वहां पढ़ा रहे हैं, उनको अत्याधुनिक तकनीकी के साथ नया प्रशिक्षण रेगुलर दिया जाए, ताकि वह बच्चे को पूरी ताकत के साथ तैयार कर सकें। हमने स्टार्ट अप प्रोग्राम शुरू किए हैं और उनके बहुत अच्छे परिणाम भी निकले हैं।

श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण): सर, मंत्री जी अद्भुत उत्तर देते हैं। मैं आज प्रत्यक्ष रूप से इनके उत्तर पोर्टल पर देख रहा था। वहां अभी तक प्रश्नों का उत्तर मिलता था, लेकिन आज इनके पोर्टल पर सभी सप्लीमेंट्रीज, जो इनके विभाग ने तैयार करके दिए थे, वे भी उपलब्ध थे। इससे हम सब लोगों का ज्ञान बढ़ता है और हमें ज्यादा कठिन सवाल पूछने के लिए रास्ता दिखेगा।

माननीय अध्यक्ष: आप पोर्टल पर सवाल पूछ लेना।

श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण): महोदय, पूरे भारतवर्ष में चिंता का विषय है कि पूरे भारत में 15 लाख इंजीनियरिंग की सीट्स हैं। महादेय, फिर से आपके सामने प्रत्यक्ष रूप से कहना चाहता हूं, क्योंकि आप कोटा से हैं और कोटा शिक्षा के क्षेत्र में विश्व में जाना जाने वाला स्थान है, जहां से बच्चे पढ़कर सभी आई.आई.टीज. में जाते हैं। इन 15 लाख सीट्स में से 7.5 लाख सीट्स खाली हैं। यह इतना बड़ा इन्फ्रास्ट्रक्चर है, जो पूरे भारतवर्ष में बना है। यह प्रत्यक्ष रूप से मंत्री जी के उत्तर में भी है

कि 7.5 लाख सीट्स खाली हैं। पिछले वर्ष जो 7 लाख 90 हजार के आस-पास बच्चे आए हैं, उनमें से मात्र 3 लाख 60 हजार बच्चों का प्लेसमेंट हुआ है।

महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि पूरे भारतवर्ष में जो ए.आई.सी.टी.ई. के कॉलेजेज खाली पड़े हैं, वे अरबों-खरबों रुपये का निवेश करने के बाद भी खाली पड़े हैं। उस संरचना का उपयोग करने के लिए क्या किसी और रूप से स्किल कोर्सेज के लिए अनुमति देने के प्रावधान के साथ-साथ, जो पिछली बार ए.आई.सी.टी.ई. ने 1 लाख 60 हजार सीटें गुणवत्ता के आधार पर अपने आप कम की हैं, उनके लिए मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि क्या ए.आई.सी.टी.ई. के कॉलेजेज बंद होने के कारण जो स्पेयर इन्फ्रास्ट्रक्चर इस देश में उपलब्ध हुआ है, उसके उपयोग के लिए सरकार के विवेक में कोई ऐसा निर्णय है और क्या इसकी क्वालिटी बढ़ाकर इसमें अधिक से अधिक लोगों को रोजगार मिल सकता है? क्या निचले स्तर के स्किल से जोड़कर 10वीं, 12वीं, डिप्लोमा, इंजीनियरिंग की कोई ऐसी व्यवस्था है कि वे 8वीं में स्किल प्राप्त करें, 10वीं में स्किल प्राप्त करें, डिप्लोमा भी प्राप्त करें और आई.एस.सी. करने के बाद डिप्लोमा करें, फिर डिप्लोमा के पश्चात इंजीनियरिंग में जाए? अगर इस प्रकार की व्यवस्था भारतवर्ष में कायम हो सकती है तो शायद इतनी बढ़ी संख्या में भवन और इन्फ्रास्ट्रक्चर खाली नहीं रहेंगे। क्या ए.आई.सी.टी.ई. स्किल मंत्रालय के साथ मिलकर कोई इंटीग्रेशन का प्रस्ताव लाएगी, ताकि यह पूरी व्यवस्था जिसमें 7.5 लाख सीटें खाली हैं, जिसमें व्यवस्था और इन्फ्रास्टक्चर उपलब्ध है, उसका उपयोग हो सके? मैं माननीय मंत्री जी से नीतिगत तौर पर इस सवाल का उत्तर जानना चाहूंगा।

डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक: श्रीमन्, माननीय सदस्य ने जो 8वीं, 10वीं,12वीं के साथ नवाचार की शिक्षा नई प्रौद्योगिकी के साथ जोड़ने के लिए कहा है, उसके लिए नई शिक्षा नीति का जो नया मसौदा ला रहे हैं, उसमें हम इसको समाहित कर रहे हैं।

(1135/MM/VR)

लेकिन जहां तक आपने कहा है, क्योंकि इंजीनियरिंग कॉलेजों के लिए भी हमने यह सुनिश्चित किया है कि कोई न कोई इंजीनियरिंग कॉलेज किसी एक विषय को लेकर उसके शिखर तक पहुंचे और जिनका स्तर अच्छा नहीं है, स्वाभाविक है कि वे प्रतिस्पर्द्धा में नहीं आ पाएंगे, इसलिए वही इंजीनियरिंग कॉलेज अब जिंदा रहेंगे जो उद्योगों के साथ मिलकर नये पाठयक्रम, नवाचार के साथ, नई प्रोद्योगिकी के साथ मिलकर उस छात्र को रोजगार की दिशा में खड़ा करने के लिए सक्षम होंगे और इस दिशा में तेजी से काम हो रहा है।

श्री जयंत सिन्हा (हज़ारीबाग): बहुत-बहुत धन्यवाद माननीय अध्यक्ष जी, मैं माननीय मंत्री जी से संक्षेप में एक सवाल पूछना चाहता हूं। मैं खुद एक इंजीनियर हूं। आईआईटी की एजुकेशन में और हमारे जो सब इंजीनियरिंग इंस्टीटयूट्स हैं, उनमें एआईसीटीई का योगदान काफी रहा है। लेकिन इम्प्लॉयबिलिटी का जो क्राइसिस है, जिसका माननीय शशि थरूर जी और माननीय रूडी जी ने जिक्र किया है कि उनमें सॉफ्ट स्किल्स और लीडरशिप स्किल्स भी अत्यंत जरूरी हैं। मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि एआईसीटीई का जो क्यूरिकुलम है, उसकी डेवलपमेंट के लिए सॉफ्ट स्किल्स पर क्या आपने ध्यान दिया है?

डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक : श्रीमन, निश्चित रूप में ध्यान दिया है। जैसा मैं पहले भी अवगत करा चुका हूं कि उद्योगों के साथ मिलकर, अभी क्या था कि छात्र कुछ पढ़ रहा है और आवश्यकता कुछ और है। आवश्यकता और उसके अध्ययन के बीच का जो सेतु था, उसको मिलाने की कोशिश हमने की है। इसीलिए उद्योगों के साथ मिलकर पाठ्यक्रम तैयार किया गया है। जो भी छात्र पढ़ेगा, उसमें वह 50 प्रतिशत उद्योगों के साथ काम करेगा, 50 प्रतिशत प्रेक्टिकल होगा और 50 प्रतिशत थ्योरिटिकल होगा। इससे निश्चित रूप से उद्योगों का आधार भी बढ़ेगा और उसकी लाइन भी तय होगी।

(इति)

(Q.105)

SHRIMATI VANGA GEETHA VISWANATH (KAKINADA): Thank you, Sir. I am very happy and not only me but all of us are very happy by the answer given by the hon. Minister that between 2015-16 and 2018-19 there has been a gradual decrease in the number of drop-out students. It is a happy news.

But I would like to know from the hon. Minister what the major reasons are for drop-out of students from IIT and IIM colleges and what steps the Government is taking to prevent this.

डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक : श्रीमन, विशेषकर आईआईएम और आईआईटी में जो छात्र बीच में छोड़कर जाते हैं, एक तो वे तनाव में होते हैं और तनाव के कारण जब पाठ्यक्रम का बोझ पड़ता है तो उसके कारण वे छोड़ देते हैं। दूसरा, उच्च शिक्षा में जाने के लिए उनको तमाम प्रकार के अवसर मिलते हैं तो वे वहां भी चले जाते हैं। इसलिए सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि इसके लिए शैक्षणिक प्रगति और सहकर्मी सहायता प्राप्त प्रशिक्षक हों, जो हर संस्थान में परामर्शी होंगे। वे छात्रों के साथ लगातार सम्पर्क रखेंगे और उनका जो तनाव है, जो दबाव है, उसको कम करेंगे। छात्रों के तनाव को कम करने के लिए काउंसलर हर संस्थान में सुनिश्चित किए गए हैं। जब छात्र बी.टेक करने के बाद एम.टेक में जाएगा तो उसके लिए छात्रवृत्ति की तमाम ऐसी सुविधाएं हैं, ताकि वह बीच में छोड़े नहीं। इसकी वजह से बहुत अच्छे रिजल्ट भी आए हैं।

SHRIMATI VANGA GEETHA VISWANATH (KAKINADA): It is not only the responsibility of the HRD Ministry but also of the head of the institution. What role is being played by the head of the institution in this issue?

डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक : श्रीमन, हम लोगों ने एक लीप प्रोग्राम भी सुनिश्चित किया है। किसी भी आईआईटी, एनआईटी, आईआईएसईआर या आईआईएम के जो निदेशक हैं, उनको उन समस्याओं के समाधान की दिशा में क्या-क्या प्रशासनिक और व्यावहारिक कठिनाइयां आती हैं, इसके लिए एक लीप प्रोग्राम नेतृत्व विकास की क्षमता के लिए अलग से लाया गया है, ताकि छात्रों के बीच बेहतर तरीके से उस संस्थान का जो शीर्ष वाला है, श्रीमन, इसलिए मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि पहले की अपेक्षा बीच में छोड़कर जाने वाले छात्र जो वर्ष 2015-16 में 7.49 प्रतिशत थे, अब गिरकर के 2.82 प्रतिशत रह गए हैं। इस वर्ष तो इसमें और भी कमी आएगी।

(1140/SJN/SAN)

श्री अच्युतानंद सामंत (कंधामल) : अध्यक्ष महोदय, आपका धन्यवाद। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह पूछना चाहता हूं कि whether the Government has approved any proposal which will allow the students studying in IITs to opt for B.Sc. (Engineering) in case they are unable to keep pace with the required academic standards.

जो बच्चे आईआईटी में पढ़ते हैं, वह प्रैशर में चले जाते हैं, लेकिन वे बाद में आईआईटी के स्टैंडर्ड में कोप-अप नहीं कर पाते हैं, ऐसे बच्चे ड्राप आउट हो जाते हैं। ऐसे बच्चे ड्राप आउट न हो सकें, उसके लिए पहले आईआईटी में यह रूल था कि बच्चे की काउंसलिंग करके उसको किसी दूसरे कोर्स या बीएससी (इंजीनियरिंग) में पढ़ने के लिए कहा जाता था। लेकिन अभी आईआईटी में वह प्रथा समाप्त हो गई है। क्या मंत्रालय की ऐसी कोई योजना है कि वह उस प्रथा को दोबारा से लागू करे, जिसकी वजह से बच्चे का भविष्य सुरक्षित होगा और ड्राप आउट भी कम हो जाएगा?

डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक : श्रीमान्, इस साल से यह शुरू कर दिया गया है। जैसा कि माननीय सदस्य ने कहा है, वह बिल्कुल सही है। इसलिए, हम लोगों ने दो प्रकार से किया है। यदि उसको यह लगता है कि वह विभिन्न कोर्सों में या वह जिसके भी अनुरूप फिट बैठ सकता है, एक तो यह किया है। दूसरा यह है कि कैसे उसको सक्षम किया जा सकता है। इसलिए, कैसे उसको अतिरिक्त क्लासेज़ देकर तैयार किया जाए, तो उसको और मदद के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है।

DR. T. SUMATHY (a) THAMIZHACHI THANGAPANDIAN (CHENNAI SOUTH): Hon. Speaker, Sir, the answer given by the hon. Minister regarding the statistics of drop-outs seem to be very convincing, but I would like to ask the hon. Minister, through you, whether he is aware of the suicides committed by the students in the IITs. Recently also, we have had a case in the Chennai IIT. Is the hon. Minister aware of such cases because that also can be considered as drop-outs? I would like to ask the hon. Minister, through you, what steps are taken in such cases. Those cases are testimonial evidence of students being subjected to psychological tensions, either by the academic professor or by the peers. So, I would like to know from the hon. Minister, through you, what his take on these cases is.

डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक: श्रीमान्, हालांकि यह इससे जुड़ा हुआ प्रश्न नहीं है, लेकिन एक ही कारण नहीं है। ऐसी कुछ दुखद घटनाएं घटती हैं, तो उनके अलग-अलग कारण हैं। इसीलिए, मैंने अपने उत्तर में यह कहा है कि जो तनाव है, उसको कम करना है। चाहे किसी भी कारण से उस पर दबाव है, तनाव है, उसको कम करने के लिए जहां हम युद्ध स्तर पर लीव प्रोग्राम कर रहे हैं, वहीं अतिरिक्त शिक्षण का भी कार्यक्रम कर रहे हैं। माननीय सदस्य ने जो कहा है कि यदि उसको दबाव महसूस हो रहा है, तो हम उसको अतिरिक्त पाठ्यक्रमों में भी हिस्सा दे रहे हैं। यह एक अच्छा प्रयोग है।

SHRI GAURAV GOGOI (KALIABOR): Hon. Speaker, Sir, the hon. Minister referred that stress is a very major factor in institutes of higher education. One of the reasons for high level of stress is the cases of sexual harassment and bullying. My question to the hon. Minister is what instructions the Ministry has given to institutions of higher education with respect to monitoring, supervision

and resolution of cases of sexual harassment and bullying. Specifically, we have seen in the recent case in Gargi College how a festival of girl students became a painful episode because so many males entered and harassed the girl students over there. What steps will the Ministry take so that the girls of Gargi College feel safe and reassured?

डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक: श्रीमान्, माननीय सदस्य जिस घटना का जिक्र कर रहे हैं, जैसा कि संज्ञान में आया है कि वे छात्र नहीं थे, कुछ बाहर के लोग वहां घुसे थे, वह भी ठीक नहीं है। इसलिए, उस कालेज के प्रशासन से यह पूछा गया है कि उस पर ध्यान दें।

जहां तक जो बच्चे का तनाव और उसकी समस्याओं का विषय है, हम लोगों ने एक 'दीक्षारंभ' नामक कार्यक्रम शुरू किया है। चाहे वह उच्च शिक्षा में हो, या चाहे तकनीकी शिक्षा में हो, जब भी बच्चा उस परिवेश में जाएगा, तो सबसे पहले पुरातन छात्र उसका परिचय कराएंगे। पुरातन छात्र फिर अध्यापकगण के साथ मिलकर उनको पूरे परिसर के वातावरण से परिचित कराएंगे और उनको जानकारी देंगे। उस छात्र को शुरू से ही यह लगना चाहिए कि हां, मैं जिस संस्थान में आया हूं, वह मेरा है। जो पुराने छात्र हैं, जो उसके सहयोगी हैं और जो अध्यापक हैं, वे उसके मार्गदर्शक हैं। इस साल से हमने 'दीक्षारंभ' नामक एक कार्यक्रम शुरू किया है। उसमें अद्भुत् प्रकार के परिणाम सामने आए हैं। यदि कोई भी घटना घटती है, तो उसके लिए कड़े से कड़े प्रावधान किए गए हैं और इस समय हमने उनको लागू भी किया है।

(इति)

(प्रश्न 106)

(1145/GG/RBN)

श्री अब्दुल खालेक (बारपेटा): अध्यक्ष जी, मंत्री जी ने सदन के पटल पर जो जवाब रखा है, वह कनफ्यूज़िंग है। सरकार दावा कर रही है कि जीडीपी में कोई गिरावट नहीं हुई है। लेकिन आईएमएफ द्वारा प्रकाशित वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक अपडेट 2020 बोल रहा है कि जीडीपी डाउन हुआ है, जो कि 4.8 पर्सेंटेज है। मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि आईएमएफ द्वारा प्रकाशित जो इनफॉर्मेशन है, क्या यह गलत थी या सरकार के दावे गलत हैं?...(व्यवधान)

सर, हम लोग सुन रहे हैं कि ऑटोमोबाइल सैक्टर में स्लाइडिंग ग्रोथ हुई है। लेकिन फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन, एग्रीकल्चर और इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन में क्या हो रहा है, वह भी हम जानना चाहते हैं।

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अनुराग सिंह ठाकुर): माननीय अध्यक्ष जी, मुझे लगता है कि इस पूरे विषय को बड़े ग्लोबल इकोनॉमिक कॉन्टेक्स्ट में भी देखना चाहिए। जहां पर वर्ल्ड आउटपुट ग्रोथ, वर्ष 2018 में 3.6 पर्सेंट थी, जो कम हो कर 2.9 पर्सेंट रह गई। एडवांस इकॉनोमीज़ जो बढ़ रही थीं, वर्ष 2018 में 2.2 पर्सेंट से, वह कम हो कर 1.7 पर्सेंट रह गई। जो इमर्जिंग मार्केट्स और डेवल्पिंग इकॉनोमीज़ थीं, वे 4.5 पर्सेंट से कम हो कर वर्ष 2019 में 3.7 पर्सेंट रह गईं। वहीं पर हम भारत में अगर देखें तो आईएमएफ ने कहा था कि 4.8 प्रतिशत की ग्रोथ इस वर्ष रहेगी, जो लगभग अभी पांच प्रतिशत के लगभग अनुमानित है। अगले वर्ष के लिए भी जो कॉन्फिडेंस दिखाया है, आईएमएफ ने भी, वह लगभग छह प्रतिशत का है। हमारे आरबीआई ने भी उसको छह पर्सेंट और इकॉनोमिक सर्वेयरिस्ट ने उसको छह से साढ़े पर्सेंट की ग्रोथ कही है। उसके पीछे बड़ा कारण है, जो भारत सरकार ने कई कदम उठाए हैं, चाहे वह इन्सॉल्वेंसी बैंक्रप्सी कोड की बात हो, जीएसटी की बात हो या बाकी एनबीएफसीज़ के लिए कदम उठाए गए हों या बैंकों के मर्जर्स की बात हो, ये सारे कदम उस दिशा में हैं, जहां पर हमारी विकास दर बढ़ सके। मुझे कहते हुए प्रसन्नता भी हो रही है, अगर आप ग्रीन शूट्स की ओर देखेंगें तो इंडस्ट्रीज़ के आठ में से पांच कोर सैक्टर्स जो हैं, उनमें पॉज़िटिव ग्रोथ है, ईयर ऑन ईयर बेसिस पर। दिसंबर, 2019 में कोल लगभग 6.1 पर्सेंट, सीमेंट 5.5 पर्सेंट, स्टील 1.9 पर्सेंट, फर्टिलाइजर 10.2 पर्सेंट, रिफाइनरी 3.0 पर्सेंट है।

अध्यक्ष जी, यही नहीं इसके अलावा भी जो आंकड़े दिखाते हैं, उनमें भारत में एफडीआई भी लगातार बढ़ी है। अप्रैल से नवंबर, 2018 में नैट एफडीआई 21.2 बिलियन यूएस डॉलर्स थी। जो अप्रैल से नवंबर, 2019-20 वाले वित्तीय वर्ष में 24.4 बिलियन यूएसस डॉलर्स हुई। नैट एफडीआई भी 2018 में 8.7 बिलियन यूएस डालर्स थी, जो 2019-20 अप्रैल से नवंबर में 12.6 बिलियन डॉलर्स हुई। मैं माननीय सदस्य से कहना चाहता हूँ कि भारत सरकार के सब कदम भी उस दिशा में हैं कि विकास दर में बढ़ावा हो और इंडीकेटर्स भी बड़े पॉजिटिव आ रहे हैं। निश्चित तौर पर हम इस लक्ष्य को प्राप्त करेंगे।

SHRI ABDUL KHALEQUE (BAARPETA): The present Government came out with a promise of providing two crores of new jobs a year. How far has that promise been affected by the growth slide in the economy? Is it true that the job generation in the country is at an all-time low in the last four decades?

Moreover, one of the reasons behind the stagflation of the economy is the crisis faced by the banking sector and the financial institutions like the IL&FS. Despite the enforcement agencies going after the defaulters in the public space, why do such scams involving banks and financial institutions get noticed by the enforcement agencies? Or is it the policy of the Government to go after the public figures and their tax issues but allow the FIIs and the banks to commit financial crimes affecting thousands of people?

SHRI ANURAG SINGH THAKUR: As far as the banking sector is concerned, the Government has taken many steps, from mergers to the recapitalisation of banks. If you look at the previous tenure, like 2009-14, the way the loans were given and post that, when we came into power, there is a vast difference. In 2015 we had the Asset Quality Review for the banking sector.

Apart from that there was a four 'R' approach, that is Reforms, Resolution, Recapitalisation, and Recognition. Due to that there is a huge improvement. If you look at the banks today, the Government has infused more than Rs. 3.5 lakh crore for recapitalisation of banks. The banks are doing well. They are into profits. Out of 18, I think 12 are making profits.

(1150/SM/KN)

In the NBFC sector also, the Partial Credit Guarantee Scheme was for one lakh crore rupees. That has also given advantage to the NBFC sector.

Sir, if you look at the NBFC sector as against the regulatory requirement of 15 per cent of CRAR, the NBFC sector remained at 19.5 per cent at the end of September, 2019. So, I can assure the Member that as far as the banking sector is concerned, due to recapitalisation and other steps taken by the Government and the RBI, the banks have started doing well.

PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM): Sir, I have seldom seen that a reply which is given is as much bad as catchy on the very crucial question regarding India's economy.

You read with me the question. It asks about the sectors which have taken the hit of the sliding growth rate. In the whole reply, no mention of any sector, whether auto or others, has been made.

Again, part '(e)' of the question says about the manner in which the Government proposes to steer the economy on a growth path. Instead of saying some 'bla, bla' as to what the Budget has done, specific measures needed to steer the economy towards the growth path, in this very critical situation when the GDP growth rate has slumped to 11 year low and when unemployment rate has slumped to 45 year low, …(*Interruptions*) have not been mentioned.

I would like to ask the Minister directly in this very dire situation, very critical situation, whether the Government is thinking of giving any fiscal stimulus to the economy which was badly hit by demonetisation and marred implementation …(*Interruptions*) of GST at this stage when there is no money in the hands of the consumers. They are not able to buy….(*Interruptions*) I want to know whether the Government is going to give any fiscal stimulus.

माननीय अध्यक्ष : दादा, पूरी बात बजट में कर लेना। माननीय मंत्री जी।

SHRI ANURAG SINGH THAKUR: Sir, I am grateful for the question the hon. Member has asked. Let me, Sir, come again to the global economic situation today …(*Interruptions*)

PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM): What are the sectors which have been hit?

SHRI ANURAG SINGH THAKUR: I will come to that also. I think that is also part of your Supplementary Question.

Sir, if you look at the global growth today, it has come down to 2.9 per cent. If you compare with that, India will grow at five per cent and in the next year, the expected growth will be from six to six-and-a-half per cent according to the various agencies, from IMF and World Economic Outlook to the RBI's statement recently and also as per *The Economic Survey*.

Sir, what are the step the Government has taken? As I earlier said, from the Insolvency and Bankruptcy Code, the recovery was more than four lakh rupees. Apart from that, the GST was one of the other reforms.

Sir, if you look at the macro economic indicators, it clearly shows that stability remained secured; the GDP was 5 per cent this year; inflation which used to be in double digits in the previous regime, was 4.1 per cent average in

the last five years; if you look at the current account deficit, it was 1.5 per cent; If you look at the numbers regarding fiscal deficit, it is 3.8 per cent. As per the FRMB Act, we just reached at 3.8 per cent. हमने 0.5 परसेंट इस साल उसको किया है। Sir, look at the other indicators also. I can give you a long list.

माननीय अध्यक्ष : आप सारे आँकड़े बजट में बता देना।

…(व्यवधान)

श्री अनुराग सिंह ठाकुर : सर, उनका प्रश्न इतना लम्बा है कि सारे आँकड़े बताने ही पड़ेंगे। लेकिन फिर भी अगर आपको लगता है कि इतना समय नहीं है, तो सारी डिटेल्स मैं इनको दे दूँगा। इसके अलावा एफडीआई भी देखिए। मैंने पहले एफपीआईज़ के बारे में सब कुछ कह दिया है। इन्होंने कहा कि कौन से तीन सेक्टर्स की वजह से हो पाया, जो आपके मूल प्रश्न में भी था और आपकी सप्लीमेंट्री में भी। सर, अगर इसमें तीन सेक्टर्स को देखा जाए, उसका सारे सेक्टर्स पर ही इफेक्ट होगा। अगर ग्लोबली ग्रोथ कम हुई है, उसका भारत की अर्थव्यवस्था पर भी फर्क पड़ेगा और सब सेक्टर्स पर पड़ेगा। लेकिन कुल मिलाकर एग्रीकल्चर इंडस्ट्रीज़ और सर्विसेज़, इस पर उसका ज्यादा प्रभाव पड़ा है और मॉडरेशन थोड़ा सा इसका मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर पर भी है।

(1155/CS/SPR)

महोदय, लेकिन कुल मिलाकर भारत सरकार ने जो कदम उठाए हैं, जो कारपोरेट टैक्स रेट कट किया है, वह ऐतिहासिक है, सबसे आकर्षक है, जिसके कारण और निवेश भारत में आएगा और मुझे पूर्ण विश्वास है कि जो 103 लाख करोड़ रुपये के नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन की बात की गई है, उससे एफडीआई में भी बढ़ावा होगा।…(व्यवधान)

महोदय, मैं यहाँ पर एफपीआईज के नम्बर भी देना चाहता हूँ।…(व्यवधान) जो मैंने पहले भी दिए हैं।…(व्यवधान) इनकी एप्रोच केवल एक स्टिम्युलस की बात करती है, लेकिन हमने हर सेक्टर के लिए जो कदम उठाए हैं, उससे भारतीय अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा और एक-एक इंडिकेटर बताता है कि भारत अच्छा कर रहा है।…(व्यवधान) जो कदम भारत सरकार ने उठाए हैं, वे प्रशंसनीय हैं और उससे भी दुनिया का भारत में विश्वास बढ़ा है कि भारत आगे अच्छा करने वाला है।…(व्यवधान)

(इति)

माननीय अध्यक्ष : क्वेश्चन नम्बर - 107, श्री खगेन मुर्मु जी।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न पूछने वाले सभी माननीय सदस्य अपनी सीट से प्रश्न पूछा करें।

…(व्यवधान)

(प्रश्न 107)

श्री खगेन मुर्मु (माल्दहा उत्तर): महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूँ।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, एक मिनट रुकिए।

माननीय सदस्य, मैं आपसे फिर कह रहा हूँ कि आप सीट पर बैठे-बैठे टिप्पणियाँ करना बंद कर दें, नहीं तो मुझे मजबूर होकर कार्रवाई करनी पड़ेगी। That's all.

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : नहीं, यह गलत है।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, आप बोलिए।

...(व्यवधान)

सुश्री महुआ मोइत्रा (कृष्णानगर): हमने कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन आप फेयरनेस कीजिए।...(व्यवधान)

श्री खगेन मुर्मु (माल्दहा उत्तर): महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूँ।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप एक मिनट रुकिए।

...(व्यवधान)

विधि और न्याय मंत्री; संचार मंत्री तथा इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री रवि शंकर प्रसाद): महोदय, एक मिनट।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : रवि शंकर जी, आप एक मिनट बैठिए।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : एक मिनट, पहले आप बैठिए।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, आप सदन में पार्टी के नेता हैं। मैं आपसे फिर आग्रह कर रहा हूँ कि आप माननीय सदस्य को कहें कि एक तो वे अपनी सीट से बोलें।

दूसरा, सदन के अंदर माननीय सदस्य सीट पर बैठे-बैठे बार-बार टिप्पणियाँ करती रहती हैं। आप उन्हें समझाएं।

आप मुझे यह न कहें कि न्यायपूर्ण करें, मैं न्यायपूर्ण हूँ, नहीं हूँ, यह सदन तय कर दे, मुझे कोई आपत्ति नहीं है।

...(व्यवधान)

एक माननीय सदस्य : हर कोई अपनी सीट से बोले।

माननीय अध्यक्ष : हाँ।

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY (KOLKATA UTTAR): Sir, I would tell her to follow your direction. She is a first time MP. She is a very promising and very

(page 24-30)

jovial MP. She is also a very good speaker. I would tell her to follow the rules, procedures, and directions of the Chair. It will also be good for her also. You also give her your blessings.

श्री खगेन मुर्मु (माल्दहा उत्तर): महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूँ कि उन्होंने बहुत ही विस्तार से उत्तर सभा पटल पर रखा है।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूँ कि क्या संस्कृति मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय स्मारकों के विकास के अतिरिक्त और कोई योजना पश्चिम बंगाल के लिए है? यदि हाँ तो वे कौन-कौन सी योजनाएं हैं?

श्री प्रह्लाद सिंह पटेल : महोदय, माननीय सदस्य को हमने विस्तार से इस बात की जानकारी दी थी कि पश्चिम बंगाल में 135 हमारे संरक्षित स्मारक हैं और सिक्किम के सब-सर्किल को जोड़ देंगे तो इनकी संख्या 138 होती है। जिन योजनाओं की उन्होंने बात की है, मैं उनके ध्यान में लाना चाहता हूँ कि उनके प्रश्न के अलावा, संग्रहालयों की जो योजना है, वह पश्चिम बंगाल में चल रही है। मैं उनकी जानकारी और सदन की जानकारी के लिए बताना चाहता हूँ कि अभी 11 जनवरी को माननीय प्रधान मंत्री जी ने ओल्ड करेंसी बिल्डिंग में एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया है और वहाँ तीन स्थानों को फिर से पुनर्स्थापित करने का काम किया है। ओल्ड करेंसी बिल्डिंग, मेटकॉफ हॉल और बेलवेडियर भवन, इन तीनों जगहों पर 18 से 20वीं सदी के पश्चिम बंगाल के जितने भी आर्टिस्ट हैं, उन सबकी चित्रकला को, वहाँ के इतिहास को, उन सबको वहाँ पर संग्रहीत करके दिखाने की कोशिश की गई। इस समय जो बजट में म्यूजियम के डेवलपमेंट की बात आई है, उसमें इंडियन म्यूजियम को प्राथमिकता के साथ रखा गया है कि उस म्यूजियम का काम होगा। ऐसी अनेक योजनाएं, अगर उसके अलावा भी माननीय सदस्य जानना चाहते हैं तो मैं उन्हें सूचना दूँगा।

(1200/RV/UB)

श्री खगेन मुर्मु (माल्दहा उत्तर): सर, आपके माध्यम से मेरा लास्ट सप्लीमेंटरी क्वैश्चन है कि क्या संस्कृति मंत्रालय द्वारा स्वाधीनता आंदोलन में पश्चिम बंगाल के योगदानकर्ताओं के लिए कोई स्मारक बनाने की योजना है?

श्री प्रह्लाद सिंह पटेल: अध्यक्ष जी, मैंने अभी प्रश्न के उत्तर में आपके सामने कहा है कि अभी जो शुरुआत में है, उसमें एक स्थान पर तमाम स्वतंत्रता-संग्राम सेनानियों के तमाम इतिहास को, उनकी गतिविधियों को, उनके चित्रों को, पूरे पश्चिम बंगाल के इतिहास को सिरे से, प्रारंभ से लेकर अन्त तक संजोने की व्यवस्था है।

SHRI KALYAN BANERJEE (SREERAMPUR): Sir, article 16 (4) clearly talks about reservation for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes and also for the Other Backward Classes. This article 16(4) is a part of the Fundamental Rights under part III of the Constitution. Therefore, the contention which was made before the Supreme Court by the AG Counsel on behalf of the State of Uttarakhand, was not correct and the Uttarakhand Government is being run by the Bhartiya Janta Party …(*Interruptions*)

(1240/RU/IND)

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल): अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सदन की जानकारी में लाना चाहता हूं कि वर्ष 2012 में उत्तराखंड में कांग्रेस की सरकार थी। उस सरकार ने यह डिसीजन लिया और उसके साथ पीआईएल आई। भारत सरकार का इस विषय में कोई लेना-देना नहीं है। भारत सरकार आरक्षण के प्रति कटिबद्ध है। मेरा कहना है कि चिराग पासवान जी को अपनी स्टेटमेंट पूरी करने दी जाए।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मैं आग्रह करना चाहता हूं कि सरकार की तरफ से जब यह निर्णय होगा कि हम वक्तव्य देंगे। मेरा कहना है कि इस विषय पर सुप्रीम कोर्ट का डायरेक्शन है, सुप्रीम

कोर्ट का निर्णय है। फिर भी सरकार कह रही है कि हम अपनी स्थिति स्पष्ट करेंगे। निर्णय सुप्रीम कोर्ट ने दिया है, यह सरकार का निर्णय तो नहीं है।

…(व्यवधान)

संसदीय कार्य मंत्री; कोयला मंत्री तथा खान मंत्री (श्री प्रहलाद जोशी): अध्यक्ष जी, मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि भारत सरकार का इसमें कुछ लेना-देना नहीं है। वर्ष 2012 में उत्तराखंड सरकार ने निर्णय लिया था। उस समय उत्तराखंड में कांग्रेस की सरकार थी। कांग्रेस सरकार ने निर्णय लिया था। उसके ऊपर पीआईएल हुई। इस विषय में भारत सरकार को कटघरे में खड़ा करना बिल्कुल ठीक नहीं है।…(व्यवधान)

श्री चिराग पासवान (जमुई): अध्यक्ष जी, बार-बार इस तरह की जो बातें कही जाती हैं कि यह सरकार आरक्षण विरोधी है, यह सरकार दलित विरोधी है, यह ठीक नहीं हैं। मैं चाहता हूं कि थोड़ी गंभीरता से इन बातों का जिक्र किया जाए, क्योंकि इन बातों का प्रभाव देश भर की जनता पर पड़ता है। बहुत बड़ी आबादी अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग से आती है। ऐसी बातें करके आप उनकी भावनाओं को ठेस पहुंचाते हैं। यदि आरक्षण विरोधी हमारी एनडीए की सरकार होती, तो आरक्षण को जो मजबूत करने का काम किया गया, ऊंची जाति के गरीब वर्ग के लोगों को भी जो आरक्षण देने का काम किया गया, वह काम हमारी सरकार न करती। हमारी सरकार ने आरक्षण प्रणाली को मजबूत करने का काम किया। जब अनुसूचित जाति, जनजाति एट्रोसिटी एक्ट को दंतहीन करने का प्रयास किया गया, तो हमारी सरकार और लोक जनशक्ति पार्टी पहली पार्टी थी, जिसमें हम लोगों ने पुनर्विचार याचिका डाली। सरकार ने हाउस का समय दो-तीन दिन एक्सटेंड करके उस कानून को लोक सभा और राज्य सभा से भी पास कराया। हमारी सरकार पूरी तरह से आरक्षण को लेकर कटिबद्ध है। आरक्षण को समाप्त करना तो दूर की बात है, उस पर चर्चा की भी गुंजाइश नहीं हो सकती है।

माननीय अध्यक्ष : डॉ. किरिट पी. सोलंकी और श्री प्रिंस राज को श्री चिराग पासवान द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

SHRI A. RAJA (NILGIRIS): Mr. Speaker Sir, let the Members of the Treasury Benches have patience to hear us.

There are reasons to believe that ever since the inception of this Government, there is a continuous onslaught on the policy of reservation and social justice.…(*Interruptions*) I will come to you.…(*Interruptions*)

SHRI PRALHAD JOSHI: You cannot say like this. Why are you talking against the Government now? What is the role of the Government in that? …(*Interruptions*) Shri Raja, you are a learned and senior Member. Do not try to attribute it to the Government. …(*Interruptions*)

SHRI A. RAJA (NILGIRIS): The political entity of the Uttarakhand Government and this Government is one and the same. It is identical. Nobody can deny it.

The argument that has been advanced before the Supreme Court on behalf of the BJP Government in Uttarakhand.…(*Interruptions*) It is on record. Is it not your Government? (*Interruptions*) It is an argument that has been advanced before the Supreme Court on behalf of the Uttarakhand Government which is a BJP Government. Senior advocates appeared before the Supreme Court and they were categorical and paved way to the Supreme Court by claiming and arguing that reservation of SCs and STs is neither a fundamental right nor a constitutional right. …(*Interruptions*) Article 16(4) and Article 16(4)(a) are enabling provisions for reservation to socially and educationally backward classes including OBCs, BCs, Scheduled Castes, Scheduled Tribes and others. (1245/NKL/ASA)

Sir, it has been settled in the B.K. Pavitra Case in the Supreme Court, with the larger Bench, not to go for any opinion of the State, not to go for any enumeration work. It is immaterial whether the socially or educationally backward people, BCs, SCs and STs, have been adequately represented or not. They are entitled for reservation by birth. That has been settled in the B.K. Pavitra Case. As against this Judgment, now, a new Judgment came into existence. So, I urge upon the Government. …(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : लम्बी डिबेट थोड़े ही करनी है।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : राजीव रंजन जी, एक मिनट। अगर आप इस पर चर्चा करना चाहते हैं तो आप नोटिस दें। नियम प्रक्रिया के तहत अगर होगा तो एलाउ किया जाएगा। सबको बोलने का अधिकार है। आपको अधिकार है तो सबको है। राजीव रंजन जी, आप बोलिए।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप एक मिनट में बोलिए। बालू जी, आप तो हर विषय सुबह लेकर आते हैं, शाम को बोलते हैं।

…(व्यवधान)

SHRI A. RAJA (NILGIRIS): Sir, if the Central Government really have an inclination towards the people belonging to OBC, SC, ST to ensure their social justice, there are two options. Let them file a Review Petition before the Supreme Court or let them prepare a special legislation and include it in the Ninth Schedule. …(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले को श्री ए.राजा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह (मुंगेर): माननीय अध्यक्ष जी, 7 तारीख को जो सर्वोच्च न्यायालय का फैसला आया है, यह विषय बहुत संवेदनशील है और हम समझते हैं कि इस सदन में कोई भी दल और कोई भी सदस्य इस विषय पर दो मत नहीं है। …(व्यवधान) पूरा सदन एकमत है और जब पूरा सदन एकमत है और सर्वोच्च न्यायालय का फैसला आया है तो ऐसे संवेदनशील मामलों पर राजनीति नहीं होनी चाहिए।…(व्यवधान) राजनीति करने का प्रयास नहीं होना चाहिए।…(व्यवधान)

जब एससीएसटी एक्ट के बारे में सर्वोच्च न्यायालय का फैसला आया था तो सदन के बाहर पूरे देश में भ्रम फैलाने का प्रयास किया गया और सरकार ने अध्यादेश लाकर यह साबित किया कि सरकार की मंशा क्या है। …(व्यवधान) ऐसे मामलों में राजनीति नहीं होनी चाहिए और हम समझते हैं कि सरकार इस मामले को भी सुलझाने में सक्षम है और सरकार सुलझाएगी।…(व्यवधान)

1247 hours

(*At this stage, Shri Kodikunnil Suresh, Shri T.N. Prathapan and some other hon. Members came and stood near the Table.*)

नियम 377 के अधीन मामले – सभा पटल पर रखे गए

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यों, आज नियम 377 के अधीन मामले को उठाने की अनुमति प्रदान नहीं की गई है। वे अपने मामलों पर अनुमोदित पाठ को व्यक्तिगत रूप से सभा पटल पर रखें।

Re: Need to review the decision to phase out IASE, CTE and DIET from 1 April, 2020

श्री रामचरण बोहरा (जयपुर): माननीय अध्यक्ष महोदय मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदय का ध्यान स्कूली शिक्षा मैं गुणवत्ता सुधार की तरफ आकर्षित करना चाहूँगा। वर्तमान सरकार हमेशा से ही स्कूली शिक्षा और उच्च शिक्षा में सुधार को लेकर प्रयासरत रही है। इसी कड़ी में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत राजस्थान सहित सम्पूर्ण देश मैं सर्व शिक्षा अभियान योजना लागू की गयी थी। इसी योजना के तहत सम्पूर्ण देश में राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत बालक बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ नवाचारों एवं प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों का कौशल विकास करना था ताकि देश में साक्षरता दर बढ़ सके एवं गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मिल सके।

अध्यक्ष महोदय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के अनुसार मानव संसादन विकास मंत्रालय ने देश भर में शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने के लिए अनेक प्रयास किए हैं जिसमे एक प्रयास देश भर मैं राजकीय शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए केंद्र सरकार परवर्तित योजना के तहत आई ए एस ई. सी टी ई. डाइट जैसे संस्थाओं का गठन कर शिक्षा में आमलचल परिवर्तन लाने का प्रयास किया है किन्त मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा समग्र शिक्षा अभियान की गाइड लाइन में 14 वे वित आयोग की समाप्ति पर आई ए एस ई, सी टी ई डाइट जैसी संस्थाओं को 1 अप्रैल 2020 से फेज आउट किए जाने की योजना बना रहा है। इन परीक्षण संस्थाओं को फेज आउट किए जाने से आई ए एस ई, सी टी ई डाइट संस्थाओं को ही 31 मार्च 2020 के बाद समग्र शिक्षा अभियान से बाहर किया कर दिया जाएगा। अप्रैल 2020 में यदि उपरोक्त संस्थाओं को बाहर कर दिया जाएगा तो राजकीय विद्यालयों के शिक्षकों को प्रशिक्षित करने एव शिक्षा की गुणवत्ता सुधार पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा इसके अतिरिक्त इन संस्थाओं को फेस आउट किए जाने से इन संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों को राज्य के उच्च शिक्षा संस्थाओं में समायोजित करने से मानव संसाधन विकास मंत्रालय की उपरोक्त योजनाओं के सफल क्रियान्वयन पर भी विराम लग जाएगा। अध्यक्ष महोदय इस समय सम्पूर्ण देश में 152 सी टी ई और 28 आई ए एस ई संस्थान संचालित हैं। राजस्थान राज्य के 8 सी टी ई संस्थाओं में कार्यरत कार्मिकों को विगत कई माह से वेतन एव अन्य भत्तों का भुगतान भी नहीं किया जा रहा है तथा मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा लगातार इन्हे फेस आउट किए जाने के संदर्भ में दिशा निर्देश जारी किए जाने से इन संस्थानों में कार्यरत कार्मिकों की कार्य क्षमता प्रभावित हो रही है। अध्यक्ष महोदय राजस्थान राज्य समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत राज्य मे क्रमोनत 8 सी

टी ई संसथाओं के सी एस एस के स्वीकृत पदों पर कार्यरत कर्मियों के वेतन में अपना निर्धारित राजयांश 2018-19 में 58 प्रतिशत एंव 2019-20 में 64 प्रतिशत व्यय नहीं कर रहा है जिससे इन संस्थाओं पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।

अत: अध्यक्ष महोदय मेरा आपके माध्यम से केंद्र सरकार से अनुरोध है कि राजकीय विधालयों में अध्ययनरत बालक बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराये जाने के दृष्टिगत उपरोक्त संस्थाओं को फेज आउट किए जाने के मानव संसाधन विकास मंत्रालय के फैसले पर पुनर्विचार करने की कृपा करें।

(इति)

Re: Need to fix the norms for banana crop under Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana

श्रीमती रक्षा निखिल खडसे (रावेर): महाराष्ट्र राज्य ने इस वर्ष 2019-20 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना (RWBCIS) के तहत केले फल के अंबिया बहार के पैरामीटर नॉर्म गठित किये हैं जो कि इन्शुरन्सकंपनी को ज्यादा फायदा हो ऐसे प्राथमिकता में दिख रहे हैं । इस नये पैरामीटर में ठंडे मौसम कम टेम्परेंचर व दिन के लिए कोई बदलाव नहीं लेकिन इन्शुरन्स क्लेम की राशि जो पर हैक्टर दी जाती है उसे बड़े तौर पर कम किया है तथा गर्मी मौसम (ज्यादा टेमपटेंचर) की रेंज को बढ़ाते हुए 40.5 से 44 की जगह 42 से 45 डिग्री सेल्सियस तथा 3 दिन से 5 दिन तक बटाई है | मेरे जलगाँव जिल्हे में अधिकतम कृषि क्षेत्र में केले की खेती करने वाले किसान है। इस नये फसल बीमा योजना के पैरामीटर में संबंधित प्रतिकुल मौसम के परिणामस्वरप संभावित फसल हानि से होने वाली वितीय हानि मिलने की कोई संभावना नहीं दिखाई देती मैं इस सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध करती हूँ कि किसान की कठिनाई कम हो और प्रतिकूल मौसम में फसल हानि से होनेवाली वितीय हानि कम से कम उसे मिल सके ऐसे केले फल के अबिया बहार के पैरामीटर नॉर्स (RWBCIS) से गठित करने की सिफारिश राज्य सरकार से करें।

(इति)

Re: Economic condition of weavers in Bankura Parliamentary Constituency, West Bengal

DR. SUBHAS SARKAR (BANKURA): Recently concluded Census in 2019 shows the precarious economic condition of Handloom workers in West Bengal with *65%* of Weaver households earning less than Rs. 5000/month. In my parliamentary constituency Bankura, situation is more serious. Earnings per weaver for one *Gamchha* is a meagre Rs.20-25 and one produces 2-3 pieces a day.

Earnings being less than the MNGREGA wages for unskilled labourers and often lower than the daily wages of construction workers or auto rickshaw drivers, their economic status is lower than that of unskilled casual labourers in the unorganized sector.

Workers are shifting from handloom to other occupations in urban areas like construction, shop- keeping and transport (mainly auto-rickshaws). The Clusters in most cases are functioning with much less than the declared number of weavers or not functioning at all.

I request the Ministry of Textiles to look into the matter and take measures so that the economic condition of the weavers in Bankura could improve.

(ends)

Re: Need to set up a committee to review the NCERT history books

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर): भारत वर्ष जिसका शाब्दिक अर्थ ऐसा क्षेत्र जो ज्ञान के प्रकाश से प्रज्जवलित हो। ज्ञान के प्रमाणीकरण का संस्कार भारतीय संस्कृति की मौलिकता है। परिणाम स्वरूप भारत में परिष्कृत विचारो का निरंतर संरक्षण एवं संवर्धन होता रहा है। परंतु NCERT की इतिहास की विभिन्न कक्षाओ की पुस्तकों में उल्लिखित पाठ्य सामग्रियों में और वेदो में वर्णित जानकारियों में विरोधाभास है। यहाँ पर यह कहना उचित ही होगा कि वैदिक काल से संबन्धित ज्ञान की प्रामाणिकता का सबसे मजबूत साक्ष्य आधार वेद ही है। क्योंकि इस काल के पुरातात्विक साक्ष्यों की उपलब्धता दुर्लभ है। इस लिए इन विसंगतियो को दूर करना बहुत जरूरी है। कुछ आपत्तियां इस प्रकार है:

1. कक्षा 6 की इतिहास की पुस्तक में पृष्ठ 4 पर उल्लिखित है की भरत नाम का प्रयोग उत्तर पश्चिम में रहने वाले लोगो के लिए किया जाता था परंतु ऋग्वेद में भरत शब्द है और इसको क्रिया के रूप में लिया गया है जिसका शाब्दिक अर्थ होता है धारण करना। देश का नाम जिस शब्द पर पड़ा है उसके संदर्भ में भ्रामक तथ्य को पढ़ाया जाना शोचनीय

2. कक्षा 6 की इतिहास की पुस्तक में पृष्ट 72 पर यह बताया गया है कि बुद्ध काल में वर्ण व्यवस्था का निर्माण किया गया था जबकि वर्ण व्यवस्था वैदिकोतर न हो कर वैदिक कालीन है। और इसका उल्लेख वेदों में हुआ है।

इसी तरह की अनेक विसंगतियां है जिनका निराकरण करना अत्यंत आवशयक है और पूर्व में भी मेरे द्वारा मंत्रालय को कई बार अवगत कराया गया है। अतः पुनः मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से यह अनुरोध करता हूँ कि सभी विरोधाभासी तथ्यो की समीक्षा के लिए एक जांच कमेटी का निर्माण किया जाये जिससे देश का सही इतिहास सभी के सामने लाया जा सके।

(इति)

Re: Need to construct a bye-pass road in Dhanbad city, Jharkhand

श्री पशुपति नाथ सिंह (धनबाद): मेरे संसदीय क्षेत्र का मुख्यालय धनबाद है। राष्ट्रीय राजमार्ग 32 धनबाद शहर के बीचों बीच स्थित सड़क से कोर्ट कचहरी, रेलवे स्टेशन, प्रमुख बाजार होते हुए गुजरता है जिससे आए दिन बड़ी संख्या में दुर्घटनाएं हो रही हैं तथा प्रतिदिन सड़क जाम की समस्या भी बनी रहती है जिससे धनबाद के बीच गुजरते राष्ट्रीय राज्य मार्ग पर आने जाने में लोगों को बहुत दिक्कत हो रही है। इस समस्या से निपटने के लिए धनबाद शहर के बाहर बाई पास का निर्माण कार्य लोकहित में बनाना अति आवश्यक है।

अतः सरकार से मांग करता हूँ कि धनबाद शहर के बाहर से बाईपास रोड बनाया जाए जिससे शहर के बीच जाने वाले यातायात को बाई पास से होकर चलाया जा सके एवं शहर में होने वाले जाम एवं होने वाली दुर्घटनाओं से मुक्ति मिल सके।

(इति)

Re: Need to set up a Central University in Darjeeling, West Bengal

SHRI RAJU BISTA (DARJEELING): Darjeeling is a hub of education, not only in India, but also across the South and South-East Asian countries. It is home to some of the best schools in India and students from all over Asia come to study in the hills.

However, in terms of higher education, this region lags behind as compared to the rest of India. Lack of higher education facilities have seen huge proportions of brain drain from the region. The best and the brightest from this region are forced to take their knowledge, skills and passion elsewhere.

Institutions of higher and technical learning have been a long standing aspiration and pertinent demand of the people. Establishing a Central University in Darjeeling will turn it into one of the hubs for higher education in India, and in South and South East Asia. This will greatly compliment Government's 'Act East Policy'.

(ends)

Re: Need to correct the land records in Sikar and other districts of Rajasthan

श्री सुमेधानन्द सरस्वती (सीकर): सीकर जिले सहित राजस्थान के अनेक ग्रामों को प्रशासनिक भूल से वन विभाग की भूमि में दर्शा दिये गए। महोद्य ये ग्राम 500 वर्ष से भी अधिक समय से बसे हुये थे। इन गाँववासियों के पास नित्य प्रतिदिन वन विभाग के नोटिस आते रहते हैं, कि आप यह स्थान खाली करो। यह ग्रामवासी कोई भी सरकारी सुविधाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। मैं अनेक बार इस विषय में अधिकारियों को पत्र लिख चुका हूँ। परंतु इस समस्या का समाधान नहीं हो सका है। अत: मेरा वन एंव पर्यावरण मंत्री जी से निवेदन है कि इस समस्या का अतिशीघ्र समाधान करवाने का श्रम करें ताकि लोग सुख से रह सकें।

(इति)

Re: Setting up of a Passport Seva Kendra in Kolar, Karnataka

SHRI S. MUNISWAMY (KOLAR): Kolar is a very progressive district of Karnataka which housed Asia's first gold mine and has been progressing rapidly since several decades. Many MNCs have their establishments in order to benefit from a positively encouraging environment. Therefore, the demand for passport will increase in the days to come. It is also important that many young talents from Kolar district should be able to get their passports in time if they desire to make use of opportunities available globally.

I request the Government to establish a Passport Seva Kendra in Kolar.

(ends)

Re: Need to provide money through DBT to school children for Mid-day Meal

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): अध्यक्ष महोदय, हम सभी जानते है कि सर्व शिक्षा अभियान सरकार का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जिसकी शुरुआत पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी जी ने शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार के उद्देश्य से कि थी जिसके कई उल्लेखनीय परिणाम सामने आए है। परंतु इन दिनो "मध्याहन भोजन योजना" अपनी उपलब्धियों को लेकर नहीं बल्कि, दूषित भोजन परोसने, अनियमितताओ व सामाजिक भेदभाव की वजह से ज्यादा चर्चा में रहता है। महोदय, दुख के साथ सदन को बताना चाहती हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र अंतर्गत शिवहर, सीतामढ़ी एवं पूर्वी चंपारण जिले सहित बिहार के लगभग सभी सरकारी स्कूलो में सर्व शिक्षा अभियान के तहत जारी मध्याहन भोजन कार्यक्रम में भारी अनियमितता व्याप्त है। इस कारण सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष करोड़ो रुपये खर्च किए जाने के बावजूद यहाँ के सरकारी विध्यालयों एवं इसमें पढ़ने वाले बच्चो की दशा में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है। क्षेत्र भ्रमण के क्रम में ऐसे कई मामले सामने आये है जिसमें विद्यालयो में शिक्षको द्वारा छात्रो की वास्तविक उपस्थिति से अधिक संख्या दर्शायी जाती है। कई स्कूलो के शिक्षक तो पठनपाठन का कार्य छोड़कर सिर्फ मिड डे मील के रजिस्टर मेंटेन करने की खानापूर्ति में लगे रहते है। इससे बच्चो के शिक्षा भी प्रभावित हो रही है। जो खाना बच्चो के लिए बनाया जाता है वह सरकार द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुरूप नहीं होते और उस में गुणवत्ता की भारी कमी होती है। मेरा मानना है कि सरकार की अन्य योजनाओ के तर्ज पर बच्चो के लिए DBT के माध्यम से मध्याहन भोजन की राशि के आबंटन का विचार करे तो बेहतर होगा।

अतः सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध होगा कि मध्याहन भोजन योजना में व्याप्त अनियमितताओ को देखे हुए इसके निवारण हेतु ठोस कदम उठाते हुए बच्चो के लिए DBT के माध्यम से मध्याहन भोजन की राशि उपलब्ध कराई जाये जिससे कि सरकार द्वारा बच्चो को शिक्षा के साथ भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश की पूर्ति हो सके |

(इति)

Re: Need to provide a rake point near Maharajganj and Chainwa Railway Stations in Maharajganj parliamentary constituency, Bihar

श्री जनार्दन सिंह सिग्रीवाल (महाराजगंज): महोदय, आपके माध्यम से रेल मंत्री जी का ध्यान मैं अपने संसदीय क्षेत्र के पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के महाराजगंज एवं चैनवा रेलवे स्टेशन के पास रेलवे की खाली पड़ी जमीन की ओर दिलाना चाहता हूँ। यह जमीन बिना उपयोग के ऐसे ही खाली पड़ी हुई है। इसलिए उक्त खाली पड़ी जमीन में किसान हित एवं व्यवसायियों के हित में रैक प्वाईंट बनाना बहुत ही अच्छा रहेगा।

हमारा संसदीय क्षेत्र कृषि प्रधान होने के साथ ही व्यावसायिक दृष्टि से भी काफी महत्वहपूर्ण है। हमारे संसदीय क्षेत्र के महाराजगंज, गोरियाकोटी, भगवानपुर, मशरक और एकमा के साथ ही कई अन्य व्यावसायिक केन्द्र हैं जो अलग-अलग वस्तुओं के थोक व्यवसाय के लिए काफी प्रसिद्ध हैं। इन व्यवसायियों और क्षेत्र के किसानों को रैक से अपना माल सिवान या छपरा से मंगवाना पड़ता है जोकि काफी दूर है। इससे इन्हें माल अन्य स्थान से मंगवाने में खर्च अधिक होता है और समय भी लगता है।

अतः उपर्युक्त स्थिति के मद्देनजर आपके माध्यम से भारत सरकार के माननीय रेल मंत्री जी से मेरा अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के महाराजगंज एवं चैनवा में रैक प्वाईंट का निर्माण कराया जाये जिससे कि हमारे क्षेत्र के किसानों और व्यवसायियों को इसका लाभ मिल सके।

(इति)

Re: Need to review the functioning of *Cattle Breeding Farm*, Andeshnagar , L*akhimpur* - Kheri district, Uttar Pradesh

श्री अजय कुमार (खीरी): मेरे लोक सभा क्षेत्र लखीमपुर खीरी के अंदेशनगर में 1976 में कैटर ब्रीडिंग फार्म पशुपालन डेयरी विकास मंत्रालाय द्वारा शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य नस्ल सुधार के साथ देश में दूध का उत्पादन बढ़ाने व अच्छी नस्ल के सांडो को देश के पूर्व व पूर्वोत्तर में वितरित करने की योजना थी जिसके लिए क्षेत्र की लगभग 300 हैक्टेयर भूमि पर यह फार्म बनाया गया था।

परंतु कालांतर में कई कमियों के कारण यह फार्म अपने उद्देश्यों में सफल नहीं हो पा रहा है जिसमें न कवल मंत्रालय के स्तर पर उक्त संस्थान को निरीक्षण उपरांत दिशा निर्देश देने तथा संबन्धित संस्थान की कुछ आवश्यकताओं की पूर्ति की आवश्यकता है।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है की उक्त संस्थान का निरीक्षण करने व बेहतर परिणाम हेतु पूर्ण मूल्याकन करने की कृपा करें।

(इति)

Re: Need to connect Gumla district in Jharkhand with rail services

श्री सुदर्शन भगत (लोहरदगा): माननीय अध्यक्ष महोदय, हम सभी यह जानते हैं कि मेरा संसदीय क्षेत्र लोहरदगा जनजातीय बहुल क्षेत्र है, यहाँ के लोगों की मुख्य आय का श्रोत कृषि कार्य होने के साथ-साथ यहाँ के लोगों का बहुत बड़ी संख्या में नौकरियों के लिए देश के अन्य प्रान्तों में आवागमन रहता है। स्वास्थ्य, शिक्षा, व्यवसाय और अन्य कारणों से भी यहाँ से बहुत बड़ी संख्या में लोग अन्य प्रान्तों में जाते-आते रहते हैं जिसके कारण मेरे संसदीय क्षेत्र में रेल सुविधाओं की अत्यंत आवश्यकता है। हम सभी के लिए प्रसन्नता का विषय है कि सरकार द्वारा संचालित सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं का यहाँ क्रियान्वयन भली प्रकार से हो रहा है। परन्तु दूसरी ओर बहुत दुःख के साथ कहना पड़ रहा है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के गुमला जिले तक अभी भी रेल सेवाएँ नहीं पहुंच सकी हैं। इस क्षेत्र को रेल सेवाओं से जोड़े जाने पर यहाँ के लोगों के जीवन स्तर में गुणात्मक परिवर्तन आ सकेगा।

महोदय, रेल सेवाओं से जुड़ने के बाद यहाँ की जनता के जीवन स्तर में सुधार होने के साथ-साथ यहाँ के लोगों को देश के विभिन्न भागों से जुड़े होने का अहसास होने के साथ-साथ उन्हें बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ने का मौका भी मिलेगा एवं व्यवसाय और बेहतर रोजगार के अवसर भी प्राप्त हो सकेंगे। अतः मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से यह मांग करता हूँ कि जनभावना और क्षेत्र की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए गुमला जिले को अविलम्ब रेल सेवाओं से जोड़ा जाए।

(इति)

Re: Need to improve internet services in Chhota Udaipur parliamentary constituency, Gujarat

श्रीमती गीताबेन वजेसिंहभाई राठवा (छोटा उदयपुर): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र, छोटा उदयपुर (गुजरात) में BSNL नेटवर्क की बहुत बड़ी समस्या है। नेटवर्क की समस्या होने के कारण लोगों का एक दूसरे से संपर्क करने में काफी परेशानियाँ होती हैं।

साथ ही वर्तमान समय में डिजिटल इंडिया होने के कारण सारे कार्य ऑनलाइन हो रहे हैं। लेकिन नेटवर्क की समस्या के कारण सारे कार्यों में बाधा उत्पन्न होती हैं।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के छोटा उदयपुर, पंचमहल, तथा नर्मदा जिले के ग्रामीण क्षेत्र में नेटवर्क की सुविधा बिलकुल भी नहीं हैं तथा नर्मदा जिले के कुछ स्थानों पर नेटवर्क हैं परंतु फ्रिक्वेन्सी कम होने के कारण नेटवर्क कार्य नहीं करती हैं।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र पहाड़ी इलाका होने के कारण अधिक फ्रिक्वेन्सी की आवश्यकता हैं।

महोदया, में आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध करती हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र छोटा उदयपुर में BSNL नेटवर्क में सुधारकर नेटवर्क की फ्रिक्वेन्सी को बढ़ाया जाए, जिससे लोगों को संपर्क करने में परेशानी न हो और डिजिटल इंडिया का सपना भी साकार हो सकें।

(इति)

Re: Need to include Dausa district in Rajasthan in Aspirational Districts

श्रीमती जसकौर मीना (दौसा): भारत सरकार द्वारा आकांक्षी जिलों का चयन कर पेयजल, स्वास्थ्य एंव पर्यावरण के क्षेत्र में सुविधाजनक करने सम्बन्धी अनेक सुधार के कार्य करने का लक्ष्य रखा है। माननीय प्रधानमंत्री जी का सपना है कि पिछड़ों को आगे लाकर मुख्य धारा में लाया जावे। जिला मुख्यालय की पेयजल योजना अत्यंत क्षतिग्रस्त हो चुकी है। जगह-जगह गन्दगी फैली हुई है। बीसलपुर परियोजना से जिले की 10 प्रतिशत आबादी को भी पेयजल नहीं मिल पा रहा है।

माननीय प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए आकांक्षी जिलों का सुधार कार्यक्रम का उद्देश्य इन जिलों का त्वरित और कारगर रूप से सुधार करना है। सरकार अपने नागरिकों के जीवन स्तर को सुधारने और सभी के लिए समावेशी विकास सुनिश्चित करने अर्थात सबका साथ-सबका विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उनकी क्षमता का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने के लिए कार्यक्रम फलतीफूलती अर्थव्यवस्था में पूर्ण रूप से भाग लेने के सम्बन्ध में लोगों की क्षमता को सुधारने पर ध्यान केन्द्रित करता है। स्वास्थ्य एंव पोषण, शिक्षा, कृषि एंव जल संसाधान, वित्तीय समावेशन एंव कौशल विकास तथा बुनियादी अवसंरचना इस कार्यक्रम के विशिष्ट क्षेत्र हैं।

इसलिए माननीय अध्यक्ष महोदय जी आपके माध्यम से में माननीय मंत्री जी से अनुरोध करती हूँ की दौसा जिले को भी आकांक्षी जिलों का सुधार कार्यक्रम में शामिल किया जावे।

(इति)

Re: Disinvestment of Bharat Earth Movers Limited

SHRI V.K. SREEKANDAN (PALAKKAD): Bharat Earth Movers Limited is a public sector company which has been manufacturing critical defence equipments for the defence of our country since 1964 and is the only metro rail coach manufacturer in India. The company has been paying dividend to the government uninterrupted. This public sector company has one unit in my parliamentary constituency Palakkad also. The government is considering to sell its 26 per cent stake in BEML through strategic disinvestment. All the employees of BEML are against the disinvestment and they have been protesting against it for the last several months. The governments of Karnataka and Kerala had opposed the said disinvestment move. The disinvestment in BEML will also put a question mark on our national security as this company is the only supplier of critical defence equipments to our defence forces. Therefore, I urge upon the government not to make any disinvestment in Bharat Earth Movers Limited in the national interest.

(ends)

Re: East Kolkata Wetland

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY (BAHARAMPUR): One of the wetlands which provides most of the ecosystem services as designated in the millennium assessment report about wetlands is the East Kolkata Wetlands or EKW. EKW is the world's largest resource recycling ecosystem which helps to treat around 600 million litres of sewage and wastewater daily. This sewage and wastewater are generated mainly by the city of Kolkata (Mukherjee 2016). Canals and creeks, both natural and man-made, constructed during the colonial times are used to bring sewage to flow through the wetlands.

Development of such a system to treat sewage has been possible because the old city Calcutta (now Kolkata) is located between the river Hooghly, a distributary of the Ganga on its west and numerous Wetlands on its east. These wetlands are the inter-distributary marshes between the Hooghly and the now dead Bidyadhri river (declared dead in 1920), another distributary of the Ganga and the Brahmaputra delta (Chatterjee 1993). These water bodies, being the spill basin of the estuarine river Bidyadhari, are salty in nature and thus earned the name salt lakes. From the 1940s, the distributary is further east of the city. Before this, since the last decade of the 19th century, the locals had embanked these salt lakes and started saline water fishing. But the treated sewage water is sweet in nature since it is domestic sewage and thus the local fishers switched to sweet water fishes from the saline ones. This treated water is also used for paddy and vegetables cultivation. The wetlands, over a period of time, not only treated sewage of the city but also performed various ecosystem services which appealed to the locals who adapted to the wetland.

The beautiful wetland is a victim of human aggression including builders and promoters. This needs to be protected.

I urge upon the concerned ministry to look into the issue.

(ends)

Re: Need to upgrade state roads in Telangana as National Highways

SHRI KOMATI REDDY VENKAT REDDY (BHONGIR): I would like to bring to the notice of Central Government that after formation of Telangana state, the Central Government was kind enough to approve in-principle the up-gradation of about 3155 km. length of state roads as National Highways. Out of 3155 km. of in-principle approved sections, so far 1388 km. have been notified as NHs and 1767 KMs are yet to be notified as National Highways. The roads are :-

(1) Hyderabad (Junction of ORR at Gowbelly-Valigonda -Thorrur-Nellikuduru-Mahabubabad-Yellandu-Kothagudem (Junction of NH30-234 kms.).
(2) Medak-Yellareddy-Rudur-92 kms.
(3) Bodhan-Basar-Bhainsa-76 kms.
(4) Medak-Siddipet-Elkathurthy-133 kms.
(5) Choutupal-Shadnagar-Kandi-186 kms.

It is requested to notify the above five roads as new National Highways in Gazette of India at an early date for initiating the process of land acquisition.

(ends)

Re: Setting up of an IT park at Viluppuram in Tamil Nadu.

SHRI D. RAVIKUMAR (VILUPPURAM): Viluppuram Lok Sabha Constituency has several Engineering colleges and producing thousands of engineering graduates every year. It is also well connected by Road with NH 45 with Chennai and by NH 234 with Mangalore Railways- with fully electrified double BG line and Airways-airport at Pondicherry (40 KMs).

An IT park should be set up at Viluppuram to boost the economic activity and employment opportunity.The neighbouring Kanchipuram district has already become one of the hubs of IT industries.It can be easily expanded to Viluppurarn.

(ends)

Re: PMGSY in Andhra Pradesh

DR. BEESETTI VENKATA SATYAVATHI (ANAKAPALLE): PMGSY is a very good scheme to develop Rural Road connectivity to hospitals schools and markets. Due to heavy rains in monsoon almost 80% of our Rural Roads get badly damaged in our state of Andhra Pradesh. My request to the Rural Development Ministry is to increase the allocation of roads from the present 3285 Km to 8000 Km and also for my Anakapalle Parliamentary Constituency from 121 Km to 659 Km.

(ends)

Re: Financial condition of Life Insurance Corporation

PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM): I want to raise the matter of LIC. The unrealized loan in LIC upto September, 2019 is Rs. 30000 crore. This loan has been taken by some companies like Deccan Chronicle, Essar Port, Gammon, IL&FS, Bhushan Power, Videocon Industries, Alok Industries, Amtrak Auto, ABG Shipyard, Unitech, GVK Power and GTL. Out of Rs. 30,000 crore, Rs. 25,000 crore were disbursed from insurance business fund, Rs. 2500 crore from premium fund, Rs. 5000 crore from pension fund, and Rs. 500 crore from ULIP fund. This was all the money of the public. We do not know what proceedings have been taken against these defaulting companies. In addition to this, the LIC had to purchase shares from the loss-making IDBI Bank amounting to Rs. 21,024 crore on Finance Ministry's instruction. Each share of IDBI was bought at Rs. 61 and in a short time the share value fell to Rs. 27. This was the beginning of destruction of LIC. Now, the government has decided to sell shares of LIC and IDBI. LIC insures the lives of lakhs of Indians, but there is no insurance for LIC which was nationalized by Pt. Nehru in 1956 with Rs. 5 crore capital. In the current fiscal, the LIC had paid Rs. 2610 crore as dividend to the government. It has mopped up Rs. 1816 crore as new business premium. Now the government is killing this organization.

(ends)

Re: Outstanding dues to be paid to Maharashtra

SHRI ARVIND SAWANT (MUMBAI SOUTH): I would like to draw the attention of Hon'ble Finance Minister towards central government legitimate dues of tax devolution and GST compensation to Maharashtra government. The matter has already been raised by Hon'ble Chief Minister of Maharashtra through his letter to Hon'ble Finance Minister for immediate release of tax dues to state. With present slowdown in economy and state's huge outstanding dues which the centre has to pay, any government would face acute fiscal pressure. Instead of receiving the enhanced amount, the state has received less than the budgeted amount. Such huge deficits have the potential to disrupt the budget and planning processes. With further slowdown of the economy, it is anticipated that there will be further reduction in tax devolution and shortfall in GST collection.

(ends)

Re: Need to provide compensation to maize farmers in Purnia parliamentary constituency, Bihar

श्री संतोष कुमार (पूर्णिया): बिहार राज्य में मेरे संसदीय क्षेत्र पूर्णिया के सीमांचल एंव कोशी क्षेत्र में मक्का, किसानों की मुख्य फसल है और यहाँ के किसान मक्का की खेती पर ही निर्भर हैं। एक अनुमान के अनुसार पूरे देश में बिहार के सीमांचल और कोशी क्षेत्र में मक्का की खेती सबसे अधिक होती है। एक शोध से पता चला है कि एक तितली किस्म का कीड़ा जो अमेरिका में पाया जाता है, उसके प्रकोप से इस क्षेत्र में मक्का की फसलें बुरी तरह से बर्बाद हो गई हैं। बताया जाता है कि यह कीड़ा केवल मक्का की फसलों को खाता हैं उस पर जहाँ यह बैठता है तो अंडे देता है और उसी अंडे से कीड़ो की संख्या काफी बढ़ जाती है। यह कीड़े मक्के की बाली को खोखला बना देते हैं। यह कीटाणु इतने फैल गए हैं कि किसानों की हजारों एकड़ जमीन में लगी मक्के की खेती नष्ट हो गई है। इससे किसान अपने को असहाय महसूस कर रहा है। उसकी आमदनी का जरिया खत्म हो गया है।

अत: आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूँ कि बिहार राज्य के अन्तर्गत सीमांचल एंव कोशी क्षेत्र के मक्का किसानों को, जिनकी मक्का की फसल कीटाणुओं के प्रकोप से नष्ट हुई है, उसकी क्षतिपूर्ति के लिए प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की कार्यवाई की जाय।

(इति)

Re: Exemption to Defence personnel at Toll Gates

SHRI ANUBHAV MOHANTY (KENDRAPARA): It is a matter of great concern as the matter relates to the personnel of the Defence forces. As per 'The Indian Tolls (Army and Air Force) Act 1901' Section 3 (A) which clearly says that the Defence forces personnel, whether on duty or off duty, when they produce their Defense Identity Card, should be exempted from paying the Toll Tax. But it has come the notice that on some Toll Gates in some of the States even the Defence Personnel are not exempted and that too on the orders of some General Manager. The General Manager who has no authority to amend or change the provisions of law, has suo-motu assumed the authority and has withdrawn the privilege of the soldiers.

The Road Transport Minister may recall his instructions issued to the Toll Gate operators that whenever a Defence Personnel produces his Identity Card at the Toll Gate, they are to be greeted with a smile and should be given a salute or a standing ovation in their honour.

It is earnestly requested that the Hon'ble Minister of Road Transport and Highways may please look into the matter and once again issue orders clearly mentioning the exemption granted to the Defense personnel at all the Toll Gates and also should mention that severe action may be taken against those who violate the instruction. They should be asked to display the instruction clearly and prominently on all the Toll Gate.

(ends)

Re: Need to expand the capacity of Ganga Kisan Sahkari Chini Mills Limited, Morna in Uttar Pradesh and also ensure its proper maintenance

श्री मलूक नागर (बिजनौर): महोदय, पूरे देश में व पूरे उ0प्र0 में कई सरकारी चीनी मिलों की क्षमता नहीं बढाई गयी है व मेंटीनेंस भी नहीं की गयी है। ऐसी ही एक चीनी मिल - दि गंगा किसान सहकारी चीनी मिल, मोरना बीते 28 जनवरी, 2020 की रात्रि में पावर टर्बाइन का मेन गियर बॉक्स टूटने से बंद हो गयी है। इससे क्षेत्र के सेंकडो गांवो के किसानो के सामने गन्ना आपूर्ति का संकट छा गया है। इन सभी गांवो के गन्ने के आपूर्ति तुरंत दूसरे चीनी मिलो को कराई जाये। किसानो के मामलों में हमेशा से ही सरकारो का ढुलमुल रवैया रहा है। सरकारी शुगर मिलो का उचित ढंग से रखरखाव और मेंटीनेंस नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण आए दिन इस तरह की समस्याओ का सामना करना पड़ता है। कई बार मांग उठाने के बावजूद उस मिल की क्षमता क्यों नहीं बढाई गयी। ऐसा सुनने में आया है कि सरकारी लोग प्राइवेट मिल मालिको से मिले हुए है। वे नहीं चाहते कि इस सरकारी मिल की क्षमता बढ़े और यह सही तरीके से चले क्योंकि इससे प्राइवेट मिल मालिको को नुकसान होगा।

महोदय, आपके माध्यम से माननीय कृषि मंत्री महोदय से प्रार्थना है कि किसानो का गन्ना खरीद का बकाया भुगतान तुरंत कराया जाये व उपरोक्त चीनी मिल की तुरंत क्षमता बढाई जाये व इसका रखरखाव अच्छे स्तर पर कराया जाये व इसमें घोटाले की जांच कराकर दोषियो को तुरंत सजा दिलाई जाये।

(इति)

Re: Need to set up the National Police University within the precincts of Sardar Vallabhbhai Patel National Police Academy, Hyderabad

DR. G. RANJITH REDDY (CHEVELLA): People of the country are unable to control their senses due to various factors, be it relating to decisions of the Government of the day or be it due to sudden spurt in tempers between groups or individuals and, at times, such tempers spread across the length and breadth of the country. In such a situation, it will be a challenging task for Police to bring the situation under control.

As per the Constitution, Law and Order is a State Subject. But, at the same time, Government of India also supplement the efforts of the States, through various interventions, be it Modernisation of Police Force or through other schemes/programmes to train and provide other facilities to police.

Sardar Vallabhbhai National Police Academy is one such institution which is playing a pivotal role in imparting training to Police to lead with courage, uprightness, dedication and a strong sense of service to the people. But, this institute is catering only to the needs of IPS officers. But, there is no institution or university in the country run by Government to impart education in policing and internal security through UG and PG academic programmes in specialized subjects like policing, science, cyber forensic, risk management, forensic science, correctional administrative aspects, criminology, etc.

Now,. Ministry of Home Affairs is proposing to set up National Police University to focus on the above issues. I strongly feel, since SVPNPA is imparting necessary training, management skills, etc., to IPS officers, it is most appropriate to set up the proposed National Police University within the precincts of SVP National Police Academy which will be a befitting tribute to this great freedom fighter and also is the most suitable place since it has huge tracks of land to set up National Police University.

Hence, I once again request Ministry of Home Affairs to set up National Police University at SVPNPA, Hyderabad, and give it the name as SVP National Police University.

(ends)

Re: 'Merit-cum-Means' Scholarship

SHRIMATI SUPRIYA SADANAND SULE (BARAMATI): The Scheme "Merit-cum-Means' Scholarship is being implemented by the Government of India for students from minority communities pursuing professional and technical courses. The Central Government has set a quota of 5797 students from the state of Maharashtra who may avail the scholarship. As it stands, the unutilized quota for Buddhist students (from Maharashtra) is being diverted for Buddhist students from other states. Considering the increasing number of applications for this scholarship, I urge the Central Government to increase the quota for the minority students from the state of Maharashtra. I further urge the Central Government to consider a policy where the unutilized Buddhist quota from the state of Maharashtra may be utilized for students from other minority communities, who also come from Maharashtra. This has been a repeated request of the Maharashtra state government since December 2016, and I would request the Central Government to grant this request.

(ends)

Re: Need to provide legal assistance to an Indian national arrested by Egyptian Coast Guard

SHRI RAM MOHAN NAIDU KINJARAPU (SRIKAKULAM): One innocent resident of Srikakulam has been sentenced to death by an Egyptian court. He was working as a seaman for a marine company which fraudulently made him board a drug trafficking ship from Iran and alongwith the crew he was arrested by Egyptian Coast Guard on 18 December 2016.

It was only after two years that his family got the information of his arrest. He was hired for the seaman job through 'SKD Marine Company based in Vizag. The company also allegedly took Rs. 4 lakh from him and is now refusing to provide any assistance to his family.

Sir, I request the Government to provide legal assistance to him at the earliest and also help his family to communicate with him once. His mother hasn't seen him for the last 4 years. It is my earnest request to facilitate his mother talk to him through video-conferencing.

(ends)

प्रमोशन में रिज़र्वेशन विषय पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के संबंध में - जारी

श्री रितेश पाण्डेय (अम्बेडकर नगर): माननीय अध्यक्ष जी, माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा जो आदेश आया है, इस पर हमारी पार्टी और हमारी पार्टी मुखिया का व्यू पहले से था कि जिस तरह से उत्तर प्रदेश में हम लोगों ने यह करके दिखाया था और प्रमोशन में आरक्षण की व्यवस्था करवाई गई थी।...(व्यवधान) यह व्यवस्था आर्टिकल 16 के तहत पूरी तरह से व्यवस्थित है और उसके तहत यह संविधान में अधिकार दे रखा है कि कोई भी राज्य सरकार प्रमोशन में भी आरक्षण दे सकती है।...(व्यवधान) इस तरह की टिप्पणी सर्वोच्च न्यायालय से आना और उसके पक्ष में उस प्रदेश की सरकार को इन लोगों के विरोध में कोर्ट में जाना यह साबित करता है कि ये पूरी तरह से एससीएसटी और दलित विरोधी सरकार है।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री मलूक नागर को श्री रितेश पाण्डेय द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्रीमती अनुप्रिया पटेल (मिर्जापुर): माननीय अध्यक्ष जी, मैं अपनी पार्टी अपना दल की ओर से माननीय सर्वोच्च न्यायालय के उस ताजा फैसले के खिलाफ अपनी आपत्ति, अपनी असहमति दर्ज करती हूं जिसके माध्यम से उन्होंने कहा है कि राज्यों को सरकारी नियुक्तियों में आरक्षण की व्यवस्था लागू करने को वे बाध्य नहीं हैं और प्रमोशन में आरक्षण का दावा करने का उनको अधिकार नहीं है। (1250/RAJ/KSP)

अध्यक्ष जी, मैं कहना चाहती हूं कि एससी, एसटी और ओबीसी के संविधान प्रदत्त आरक्षण के खिलाफ दिया गया, यह कोर्ट का आज तक सबसे दुर्भाग्यपूर्ण फैसला है और वंचित वर्गों के अधिकारों पर इससे भयानक कुठाराघात और कुछ भी नहीं हो सकता है।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष जी, कोर्ट के माध्यम से एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण के खिलाफ बार-बार इस प्रकार के जो फैसले आते हैं, उसका सबसे बड़ा कारण यह है कि हमारी न्यायपालिका के अंदर एससी, एसटी और ओबीसी का प्रतिनिधित्व नहीं है।...(व्यवधान) इसलिए मैं अपनी पार्टी, अपना दल की ओर से बार-बार यह मांग करती हूं कि न्यायपालिका के अंदर एससी, एसटी और ओबीसी का जो प्रतिनिधित्व है, उसको सुनिश्चित किया जाए।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष जी, संसद के पास यह अधिकार है कि कानून बना कर ऐसे मामलों का निपटारा करे। इससे पहले भी एक परिस्थिति आई थी, जब एससी/एसटी एट्रोसिटीज एक्ट में सुप्रीम कोर्ट के द्वारा बदलाव किया गया था, तब हमारी सरकार ने अध्यादेश लाकर और एक नया कानून बना कर वंचित वर्गों के अधिकार को संरक्षित करने का काम किया था।...(व्यवधान) आज फिर वैसी ही भयावह स्थिति खड़ी हुई है।...(व्यवधान) इसलिए मैं अपनी पार्टी की ओर से सरकार से मांग करना चाहती हूं कि इस मामले में त्वरित हस्तक्षेप करे और इस मामले का निपटारा करे, क्योंकि आज देश का वंचित वर्ग हाशिए पर खड़ा है और अपनी चुनी हुई सरकार से यह उम्मीद करता है कि

इस तरीके के फैसले जो बार-बार कोर्ट के द्वारा दिए जाते हैं, सरकार को इसमें सामने आ कर वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए।…(व्यवधान) धन्यवाद।

SHRI E.T. MOHAMMED BASHEER (PONNANI): Mr. Speaker, Sir, if the verdict given by the Supreme Court on last Friday is implemented, the very principle of social justice will be jeopardized. …(*Interruptions*) Now, the Government is asking as to what they have to do in this matter. The Government should not be a silent spectator because the basic principle of social justice should be adhered to. …(*Interruptions*) We all know that work and employment participation of the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, Minorities and the Other Backward Classes is very low in this country. …(*Interruptions*) In these circumstances, I humbly appeal to the Government to file a review petition in the Supreme Court against this verdict. …(*Interruptions*)

ADV. A.M. ARIFF (ALAPPUZHA): Mr. Speaker, Sir, the Government should file a review petition against this verdict. …(*Interruptions*) On behalf of our party, the Communist Party of India (Marxist), I demand that the Government should file a review petition and make a legislation in this regard, if necessary. …(*Interruptions*)

SHRIMATI SUPRIYA SADANAND SULE (BARAMATI): Hon. Speaker, Sir, I request the Government to immediately address this issue because it is creating confusion. …(*Interruptions*) I appreciate the Treasury Benches saying that they are doing something. But we need action; we do not need just words. …(*Interruptions*) So, I take this opportunity to request the Government to immediately intervene in this matter instead of just keep talking about it. …(*Interruptions*) We would appreciate if the Government could intervene in this matter urgently. …(*Interruptions*)

रक्षा मंत्री (श्री राजनाथ सिंह): अध्यक्ष महोदय, मैंने सदन की कार्यवाही प्रारंभ होते ही, आपके माध्यम से सदन के सभी सदस्यों से अनुरोध किया था कि इस संबंध में हमारे सामाजिक न्याय मंत्री जी स्टेटमेंट देने वाले हैं। मैंने सभी से विनम्रतापूर्वक यह अनुरोध किया था कि उनके स्टेटमेंट की प्रतीक्षा की जाए। यदि आप उनके स्टेटमेंट से संतुष्ट नहीं हैं और आज बहस चाहते हैं, तो इस संबंध में अध्यक्ष महोदय की अनुमति से इस सदन में बहस भी हो सकती है।…(व्यवधान) क्षमा कीजिएगा, वर्ष 2012 में उत्तराखंड में आपकी कांग्रेस की गवर्नमेंट थी, भारतीय जनता पार्टी की गवर्नमेंट नहीं थी।…(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, मेरा यह कहना है कि इतने संवेदनशील मुद्दे को जिस तरह से कांग्रेस के लोगों द्वारा, मैं आरोप लगाना चाहता हूं कि पॉलिटिसाइज किया जा रहा है, यह बहुत ही गंभीर मामला है।...(व्यवधान) सभी को प्रतीक्षा करनी चाहिए। ...(व्यवधान) सामाजिक न्याय मंत्री स्टेटमेंट देने वाले हैं, उसके बाद आपको जो बहस करनी है, आप वह कीजिए।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : सभा की कार्यवाही भोजनावकाश के लिए दो बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

1254 बजे

तत्पश्चात् लोक सभा मध्याह्न-भोजन के लिए चौदह बजे तक के लिए स्थगित हुई।

(1400/VB/KKD)

1403 बजे

मध्याह्न-भोजन के पश्चात् लोक सभा चौदह बजकर तीन मिनट पर पुनः समवेत् हुई।

(माननीय अध्यक्ष पीठासीन हुए)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, जिस विषय पर चर्चा हुई थी, उस विषय पर माननीय मंत्री जी राज्य सभा में वक्तव्य दे रहे हैं। राज्य सभा से आने के बाद वे यहाँ वक्तव्य देंगे।

…(व्यवधान)

SHRI KODIKUNNIL SURESH (MAVELIKKARA): No, Sir. Till then, you adjourn the House …(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष: सुरेश जी, बैठिए। आप यह फैसला कैसे करने लगे कि हाउस एडज़र्न कर दिया जाए। No. यह गलत है। आज के बाद ऐसा वक्तव्य सदन में न दें।

…(व्यवधान)

SHRI KODIKUNNIL SURESH (MAVELIKKARA): Whatever assurance has been given by the hon. Minister should be fulfilled …(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष: आप सचेतक हैं। आप कैसे नीचे से आसन की व्यवस्था देने लगे?

…(व्यवधान)

SHRI KODIKUNNIL SURESH (MAVELIKKARA): The Government should fulfil their assurance …(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: No.

…(व्यवधान)

सामान्य बजट - सामान्य चर्चा – जारी

1404 बजे

श्री रामप्रीत मंडल (झंझारपुर): माननीय अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे वर्ष 2020-21 के बजट पर बोलने की अनुमति दी, इसके लिए आपका धन्यवाद।

मैं इस बजट के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूँ। सरकार द्वारा काफी अच्छा और संतुलित बजट पेश किया गया है। मैं माननीय प्रधान मंत्री जी को, जो देश के विकास के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं और माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को धन्यवाद देना चाहता हूँ। (1405/PC/RP)

उन्होंने मेरे संसदीय क्षेत्र झंझारपुर का पूरा ख्याल रखा है।

श्री अनुराग सिंह ठाकुर : क्या कांग्रेस पार्टी और आप इस बात का समर्थन करते हैं कि …(कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) माननीय सदस्य ने भी कहा है। आपने तमिल लैंग्वेज की जो प्रशंसा करनी है कीजिए लेकिन आप संस्कृत के बारे में गलत शब्दों का प्रयोग करेंगे तो यह मंजूर नहीं होगा।…(व्यवधान) यह गलत है, आपको इस पर माफी मांगनी चाहिए और इसे कार्यवाही से बाहर निकालना चाहिए।…(व्यवधान)

माननीय सभापति: इसे निकाल दीजिए।

…(व्यवधान)

माननीय सभापति: ये गलती करते हैं लेकिन माफी नहीं मांगते हैं।

…(व्यवधान)

श्री अनुराग सिंह ठाकुर : आपको बजट की जितनी आलोचना करनी है कीजिए, आपको एफएम की आलोचना करनी है कीजिए, आपको सरकार की आलोचना करनी है कीजिए, लेकिन आप संस्कृत भाषा के बारे में अपशब्द बोलेंगे तो यह मंजूर नहीं है, यह गलत है।…(व्यवधान) यह बिल्कुल भी नहीं होना चाहिए।…(व्यवधान)

माननीय सभापति: मैंने शब्द कार्यवाही से निकालने के लिए कह दिया है।

…(व्यवधान)

माननीय सभापति: केवल गोपाल शेट्टी जी की बात रिकॉर्ड में जाएगी।

…(व्यवधान)

माननीय सभापति: कृपया, आप शांत हो जाइए।

…(व्यवधान)

श्री अनुराग सिंह ठाकुर : हम सभी भाषाओं का सम्मान करते हैं, लेकिन जिस तरह से माननीय सदस्य ने संस्कृत के बारे में अपशब्द कहे हैं, वह निंदनीय और अशोभनीय है। उन्हें खेद प्रकट करना चाहिए।…(व्यवधान)

1538 बजे

श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर): माननीय सभापति जी, आपने मुझे जनरल बजट 2020-21 का समर्थन करने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं।

मैं देश के प्रधान मंत्री सम्मानीय मोदी जी का धन्यवाद अदा करना चाहता हूं। मैं इसके साथ ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन जी का धन्यवाद करना चाहता हूं जिन्होंने बहुत ही अच्छा बजट प्रस्तुत किया है। मैं मानता हूं कि संसदीय इतिहास में किसी महिला वित्त मंत्री ने ढाई घंटे से भी ज्यादा भाषण दिया और देश के सामान्य लोगों के बारे में सोचा, देश के मध्यमवर्गीय लोगों के हित के बारे में सोचा, देश के उच्च मध्यम वर्गीय लोगों के बारे में सोचा। उन्होंने कारपोरेट सैक्टर के लोगों के बारे में भी सोचा है और बजट में बड़े उद्योगपतियों के बारे में भी सोचा है। यह बजट दर्शाता है कि सबका साथ, सबका विकास वाला बजट है।

(1505/MK/GM)

इसलिए, मैं उनका एक बार फिर से धन्यवाद अदा करना चाहता हूं, उनका अभिनन्दन करना चाहता हूं। प्रधान मंत्री जी की अनेक योजनाओं में से एक सबके मन को भाने वाली योजना 'जन-धन एकाउंट' की है। जब हम लोगों ने जन-धन खाता प्रारंभ किया तो देश के सामान्य लोगों के घरों से, एक हिस्से से दो सौ रुपये, पांच सौ रुपये, हजार रुपये, ऐसा करते-करते साठ हजार करोड़ रुपये देश के खजाने में आया और देखते-देखते पांच सालों में यह पूंजी एक लाख करोड़ रुपये पार करके आगे गई है। इसके लिए हम सबको खुश होना चाहिए। ये सारे पैसे जो सामान्य लोगों के घरों में पड़े थे, वे चलन में आ गए। यह पैसा कामकाज में उपयोग आने लगा है। यह पैसा इतने बड़े पैमाने में, साठ हजार करोड़ रुपये से एक लाख करोड़ रुपये पार कर जाना यह बताता है कि सामान्य लोगों के पास आज भी पैसे आ रहे हैं। विपक्ष के लोग अपना रोना रो रहे हैं। लेकिन, यह बजट और बैंक में जो पैसे सामान्य लोगों के पास से आ रहे हैं, उससे पता चलता है कि सामन्य लोगों के पास आज भी पैसे आ रहे हैं। इसका सबसे बड़ा स्रोत, मैं मानता हूं कि जो डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर हुआ है, जो बिचौलिए के पास पैसा जाता था, जो येन-केन प्रकार से कुछ लोग पैसा खा जाते थे, जो सामान्य लोगों के हक को मारते थे, वह सारा पैसा प्रधान मंत्री के प्रयास के बाद सामान्य लोगों के पास आने लगा। सामान्य लोगों को जितना चाहिए, वे उसका उपयोग करते हैं और बचे हुए पैसे फिर से बैंक में जमा करते हैं। ये आंकड़े बताते हैं। इसलिए, मैं प्रधान मंत्री जी का फिर एक बार धन्यवाद अदा करना चाहूंगा। 38 करोड़ से भी ज्यादा लोगों ने खाता खोलकर एक बहुत बड़ी क्रांति करके पूरे देश को ही नहीं बल्कि दुनिया को बता दिया है कि भारत कितनी तेजी से आने वाले दिनों में आगे बढ़ने वाला है। यह पैसा स्टार्ट अप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया के माध्यम से सामान्य लोगों को मिलता है और इसके माध्यम से छोटे-छोटे व्यवसाय करने वाले लोगों को मुद्रा योजना के माध्यम से पैसे दिए जा रहे हैं। सामान्य लोग आज अपने पैरों पर खड़े होने के लिए प्रयास कर रहे हैं। इसमें एक बहुत बड़ा योगदान देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी का और बैंकिंग सेक्टर से जुड़े हुए लोगों का भी है। हम एक मानसिकता से बाहर निकल रहे हैं। वर्ष 2014 के पहले येन-केन कुछ ही लोगों को यह पैसा मिलता था। अब यह पैसा बड़े पैमाने पर सामान्य लोगों को मिल रहा है। इसलिए, मैं निश्चित ही सामान्य जनों का एक

प्रतिनिधित्व करने वाला हूं, इसलिए मैं उनके माध्यम से यहां सरकार का अभिनन्दन करना चाहता हूं।

प्रधान मंत्री जी की अनेक योजनाओं में से एक योजना 'एलपीजी कनेक्शन' के बारे में भी मैं कुछ बातें बताना चाहता हूं। मैं प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने आठ करोड़ लोगों के घरों में एलपीजी गैसे पहुंचाने का काम किया। हमारे विपक्ष के लोग आंकड़े दे रहे हैं कि अभी बहुत लोगों को मिलना बाकी है, बहुत लोगों को मिला नहीं है। मैं भी इस बात से सहमत हूं कि अभी बहुत लोगों को मिलना बाकी है। लेकिन, सर्वे के बाद जो बीपीएल का आंकड़ा बना था, वह वर्ष 2011 में बना था। वर्ष 2011 में इसको किसने तैयार किया? यह तो इन्हीं लोगों ने तैयार किया है। मैं मानता हूं कि इस सर्वे को फिर एक बार वर्ष 2020 में करके मैक्सिम लोगों को इसमें जोड़ने की आवश्यकता है। मैं मानता हूं कि जो सामान्य लोग हैं, ऐसे सारे लोगों को इसमें जोड़ने की आवश्यकता है।

बहुत सारे लोग 200 फीट के घर में, 300 फीट के घर में रहते हैं। वे दलित नहीं हैं, वे आदिवासी नहीं हैं, लेकिन वे गरीब हैं। हम ऐसे लोगों को एक गरीब की निगाह से देखते हुए सभी लोगों को, जो सरकार का जो लाभ है, वह पहुंचाना चाहिए। इसके लिए हम लोगों को प्रयास करना चाहिए। एलपीजी के कनेक्शन के बारे में तो मैं यही कहूंगा कि क्यों विपक्ष के लोग इस बात की मांग नहीं करते हैं, प्रधान मंत्री जी को एक सुझाव दें कि पचास प्रतिशत पैसा आप दीजिए और पचास प्रतिशत पैसा राज्य के लोग लगाएंगे और यदि ये दोनों फिफ्टी-फिफ्टी के पार्टनर्शिप में आते हैं तो बचे हुए सभी लोगों को, एलपीजी कनेक्शन मिल सकता है और देश में एक बहुत बड़ी क्रांति होकर महिलाओं के जीवन में एक नया बदलाव हम सब लोगों को देखने को मिलेगा।

मैं यह भी कहना चाहूंगा कि मैंने अपने मतदार संघ में एक प्रयास किया, मैं आपके माध्यम से देश के लोगों को इस बात को पहुंचाना चाहूंगा। हमारे पेट्रोलियम मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान जी ने इसका बहुत बार उल्लेख भी किया है। मुम्बई में बहुत बार आकर उन्होंने इस कार्यक्रम का आयोजन किया। मैंने अपने मतदार संघ में सीएसआर के माध्यम से प्राइवेट डोनरों के पास से पैसा इकट्ठा करके लोगों को चूल्हा मुफ्त में दिया। इसका परिणाम यह हुआ कि लोग सामने आए, उन्होंने गैस के कनेक्शन का पैसा भरा, डिपॉजिट का पैसा भरा और सिर्फ एक चूल्हा देने की वजह से पन्द्रह हजार लोगों को मैं अपने मतदार संघ में एलपीजी का कनेक्शन पहुंचा पाया। इसकी एक दूसरी वजह यह भी है कि जब सामान्य लोग एलपीजी का कनेक्शन पाने के लिए एजेंटो के पास, ऑफिसरों के पास जाते हैं तो उनको कोई नहीं पूछता है।

(1510/YSH/RK)

जब एक चुना हुआ प्रतिनिधि इस प्रकार की स्कीम को हाथ में लेता है तो ऑफिसर्स हमारे पास से लोगों तक स्कीम को ले जाते हैं। इसमें बहुत बड़े पैमाने पर बदलाव लाकर बहुत से लोगों को लाभ हुआ है। हमें इस बात को नहीं भूलना चाहिए। मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करूंगा कि राज्य सरकारों के साथ मिलकर, जो गरीब लोग हैं या मध्यम वर्गीय परिवार के लोग हैं, उन सभी लोगों को तुरन्त एलपीजी का कनेक्शन मिले।

सभापति महोदया, जल मिशन के बारे में राष्ट्रपति महामहिम के अभिभाषण में भी उल्लेख हुआ है और इसका बजट में भी उल्लेख हुआ है। मैं हमेशा एक बात से चिंतित रहता हूं कि हमारी जो संघवाद प्रणाली है, उसका एक महत्व है और होना भी चाहिए, लेकिन सामान्य लोगों के जीवन-यापन करने की जो आवश्यक वस्तुएं हैं, उसके बारे में हम संघवाद प्रणाली के कंसेप्ट को लेकर कितने दिनों तक आगे चलेंगे? क्या इसके बारे में कोई डिबेट या डिसकशन नहीं होना चाहिए? क्या इसके बारे में मानसिकता बदलने की आवश्यकता नहीं है? सामान्य लोगों को जो कुछ भी चीजें चाहिए, उदाहरण के तौर पर, चाहे पानी हो, बिजली हो, एलपीजी का कनेक्शन हो या लोगों को घर मिलना हो तो इन सारी बातों को हमें फेडरेलिज्म के चश्मे से न देखकर सामान्य लोगों की निगाह से देखना चाहिए। केन्द्र सरकार द्वारा जो योजनाएं लाई जाती हैं, उन योजनाओं को राज्य सरकार द्वारा तुरंत हाथ में लेकर सामान्य लोगों का भला करने की जरूरत है।

मैं मुम्बई शहर से आता हूं। मुम्बई शहर का पूरे देश में बोलबाला है। मुम्बई शहर देश की आर्थिक राजधानी है। मैं शिव सेना के मेरे मित्रों से इस बात के लिए निवेदन करना चाहूंगा कि हम आज भी मुम्बई शहर में वर्ष 2000 का डेटम लाइन लेकर चल रहे हैं। आज हम वर्ष 2020 में आ गए हैं। वर्ष 2000 से वर्ष 2020 तक मुम्बई शहर में बड़े पैमाने पर झुग्गी-झोपड़ियां बढ़ गई हैं, लेकिन आज भी उनको पानी नहीं दिया जा रहा है। यह मुम्बई जैसे शहर की स्थिति है तो पूरे देश की क्या स्थिति होगी? हमें इसके बारे में भी सोचने की आवश्यकता है। प्रधान मंत्री जी चिंतित हैं कि लोगों को पानी मिलना चाहिए। प्रधान मंत्री जी चिंतित है कि लोगों को लाइट मिलनी चाहिए। प्रधान मंत्री जी चिंतित है कि सभी को घर मिलना चाहिए, लेकिन सरकार में बैठे हुए कुछ सरकारी अधिकारी हैं, जो अपनी मानसिकता से बाहर नहीं आते हैं। फॉरेस्ट लैंड पर आज भी इलैक्ट्रिसिटी का कनेक्शन देने के लिए लोगों को क्या-क्या परेशानी होती है, यह हमारे जैसे सांसद बहुत नजदीक से अनुभव करते हैं। इसलिए मैं चाहूंगा कि जब हम अगला बजट पेश करें तो उससे पहले देश के सभी लोगों के लिए शौचालय, पानी और बिजली के कनेक्शन के साथ-साथ एलपीजी कनेक्शन की भी व्यवस्था करनी पड़ेगी।

सभापति महोदया, आजादी के 72 सालों के बाद भी अगर लोगों को अपने घरों को रिपेयर करना हो तो उसके लिए भी परेशानियां झेलनी पड़ती हैं। डिफेंस लाइन के अगल-बगल बसे हुए लोगों को आज भी कमरे को रिपेयर करने की परमिशन नहीं मिलती है। जिन लोगों के घर टूट गए तो कॉरपोरेशन द्वारा परमिशन देने के बाद वर्ष 2011 का एक सर्कुलर आ गया, जिसके बारे में मैंने लोक सभा में बहुत बार आवाज उठाई, लेकिन आज भी उस सर्कुलर का अंत नहीं हुआ है।

मैं इस बजट के माध्यम से कहना चाहूंगा कि वर्ष 2011 का जो डिफेंस का सर्कुलर है, जिसको हमारे स्वर्गीय पर्रिकर जी ने रैक्टिफाई किया था, वह सर्कुलर तुरंत इंप्लीमेंट होना चाहिए। आज वर्ष 2016 के सर्कुलर को भी चार साल हो गए है, लेकिन हमारे अधिकारियों की मानसिकता नहीं बदलती है इसलिए मैं उनसे निवेदन करना चाहूंगा कि वर्ष 2011 के सर्कुलर को रद्द करके वर्ष 2016 के सर्कुलर को अमल में लाया जाए। इसके लिए हमें प्रयास करने की आवश्यकता है।

सभापति महोदया, इस बजट में और राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में भी कर्त्तव्य के दशक का उल्लेख हुआ है। हमें अपने कर्त्तव्यों का पालन करना चाहिए। हम अपने अधिकारों की बात तो सभागृह के बाहर भी करते हैं और सभागृह में भी करते हैं। हमें जहां पर भी मौका मिलता है, वहां हम अपने अधिकारों की बात करते हैं, लेकिन हम सभी को अपने कर्त्तव्यों का भी पालन करना चाहिए, इसका संकेत हमें राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के माध्यम से और बजट से भी मिला है।

मैं किसानों के बारे में संक्षेप में बात करना चाहूंगा। किसानों की हालत दयनीय है। किसानों के बारे में महानगर पालिकाओं में चर्चा होती है। किसानों के बारे में विधान सभाओं में चर्चा होती है। किसानों के बारे में लोक सभा में भी चर्चा होती है। सभी लोग एक सुर में बात करते हैं कि किसानों की हालत को बदलना है, लेकिन जब देश के प्रधान मंत्री जी किसानों के लिए कोई स्कीम लाते हैं तो फिर से फेडरेलिज्म स्ट्रक्चर बीच में आ जाता है और फिर कुछ राज्य सरकार के लोग कहते हैं कि हम इसे अमल में नहीं लाएंगे। हम इसे इंप्लीमेंट नहीं करेंगे। मैं आपके माध्यम से सरकार को कहना चाहता हूं कि सभी के डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से खाते खुले हुए हैं तो क्यों केन्द्र सरकार सारा पैसा उनके खाते में नहीं भेजती है? राज्य सरकार को सम्मान देना चाहिए, यह लोकशाही है, लेकिन आप कितने दिनों तक उनका सम्मान करते रहेंगे। वे अपनी हरकतों से बाज नहीं आते हैं। सामान्य लोगों को लाभ नहीं पहुंचाते हैं। केन्द्र सरकार द्वारा डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से प्रधान मंत्री जी ने किसानों का जो पैसा घोषित किया है, वह किसानों को मिलना चाहिए। मैं इसकी भी मांग करना चाहूंगा।

(1515/RPS/PS)

सभापति जी, मैं कभी-कभी इस बात से भी हैरान-परेशान होता हूं कि अपने देश में कुछ किसान ऐसे हैं, जो बहुत कम जमीन में किसानी करते हैं और बहुत बड़ा मुनाफा कमाते हैं। मैं अनुराग ठाकुर जी से निवेदन करूंगा कि ऐसे सारे किसानों की आप एक लिस्ट बनाइए और वह लिस्ट प्रधान मंत्री जी को दीजिए, उनके नाम पद्म श्री और पद्म भूषण की लिस्ट में इन्क्लूड कीजिए। जैसे प्रधान मंत्री जी ने हम सभी सांसदों को दत्तक बस्ती योजना के माध्यम से एक-एक सांसद क्षेत्र हम लोगों को दिया और हम लोगों को काम पर लगाया, उसी तरह से कम जमीन पर प्रॉफिट करने वाले लोगों को पांच-पांच, दस-दस किसान दें, अगर वे एक साल में उनके भी खाते में इतना ही प्रॉफिट कमाकर देते हैं तो उनको पद्म श्री और पद्म भूषण देना चाहिए। इससे बहुत सारे लोग आगे आएंगे और किसानों का भला होगा। सरकार के ऊपर जो लोड है, उससे भी हम छुटकारा पाएंगे, यह भी मुझे विश्वास है। मैं इस बात को आपके माध्यम से सरकार और अन्य जो कोई भी सुनते हैं, उन तक पहुंचाने का प्रयास करता हूं।

सभापति जी, जब कर्त्तव्य की बात आती है, तब मैं कभी-कभी हैरान-परेशान इसलिए भी हो जाता हूं कि जो फल-भाजी पैदा करने वाले लोग हैं, फूल वाले हैं, फल वाले हैं, इन सारे लोगों को उपभोक्ता के रूप में अधिक पैसे देने की मानसिकता में हम सभी लोगों को आना पड़ेगा। हम सामान्य होटल में जाते हैं तो 100 रुपये या 200 रुपये की एक प्लेट भाजी खाते हैं, लेकिन अगर कोई भाजी वाला पांच रुपये या दस रुपये ज्यादा मांगेगा तो उसे देने की मानसिकता इस देश के हम जैसे सारे

लोगों में नहीं होती है। मैं मानता हूं कि जब हम कर्त्तव्य का यह दशक मनाते हैं तो हमें इस पर भी सोचकर, इन सारे लोगों की मदद करने का प्रयास करना चाहिए, इससे इनके जीवनमान में एक बड़ा बदलाव आएगा। मुझे मालूम है कि हम डब्ल्यूटीओ एग्रीमेंट साइन कर चुके हैं और हम सारी दुनिया के साथ जुड़े हैं, इसलिए हम दाल की कीमत अपने तरीके से नहीं तय कर सकते हैं, शक्कर की कीमत अपने तरीके से नहीं तय कर सकते हैं क्योंकि अगर हम कम या ज्यादा भाव में देंगे तो एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट में इसका भी एक मामला आता है। लेकिन कम से कम इस प्रकार की चीजों पर हमें तुरन्त सोचने की आवश्यकता है।

हाउसेस टू आल के बारे में प्रधान मंत्री जी ने बात कही है, मैं इसे ज्यादा विस्तार में न बताते हुए, सीधे मुंबई शहर पर आना चाहूंगा। मुंबई शहर में आज सभी प्रकार के उद्योग बन्द पड़े हैं। मुंबई शहर में एक ही इंडस्ट्री चलती थी – हाउसिंग इंडस्ट्री। लेकिन यह इंडस्ट्री भी इन दिनों पूरी बन्द पड़ी है। जब हम हाउसिंग इंडस्ट्री की बात करते हैं तो पोलिटिकल फील्ड हो या मीडिया हो, इन सारे लोगों को लगता है कि पोलिटिशियन लोग बिल्डर लोगों की बात करते हैं। बिल्डर लोग सिर्फ घर बनाते हैं, लेकिन हाउसिंग इंडस्ट्री के माध्यम से लाखों लोग रोजगार से भी जुड़े हुए हैं। जब हाउसिंग इंडस्ट्री बन्द पड़ती है, तब लाखों लोगों का रोजगार चला जाता है। मैं 100 चीजों का उल्लेख कर सकता हूं, इतने सारे लोगों को काम देने वाली यह इंडस्ट्री है। इसलिए आने वाले दिनों में अगर हमें इकोनोमिक ग्रोथ करना है तो हाउसिंग इंडस्ट्री पर हमें ज्यादा ध्यान देना पड़ेगा। ...(व्यवधान) सभापति जी, मैं संक्षेप में अपनी बात को पूरी करूंगा। मैं इतना ही कहना चाहूंगा कि इस इंडस्ट्री के बारे में भी हमें तेजी से ध्यान देने की आवश्यकता है।

सभापति जी, मैं रेलवे के बारे में संक्षेप में अपनी बात रखना चाहूंगा। हमारी बहन सुप्रिया सुले ने यहां बताया कि हर दिन मुंबई जैसे शहर में सात लोगों की मृत्यु होती है। रेलवे के बारे में मेरा पहला भाषण रिकॉर्डेड है, उस समय यह आंकड़ा दस मौतों का था, इसलिए मैं उनके आंकड़े को छ: या पांच पर नहीं लाना चाहता हूं। मैं उनकी बातों का समर्थन करते हुए, कहना चाहता हूं कि आज भी मुंबई शहर में सात लोग हर दिन मरते हैं। मैं प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहूंगा कि डोर क्लोजर लगाने के बारे में, जिस बात का मैंने 2014 के बजट के समय उल्लेख किया था, आज मुंबई शहर की बहुत से ट्रेनों में डोर क्लोजर लगे हैं और जानें जाना कम हो गयी हैं, दस से हम सात तक आए हैं, लेकिन हमें आने वाले दिनों में तेजी से इन आंकड़ों को कम करना पड़ेगा। मैं अपने शिवसेना के मित्रों से अपील करना चाहूंगा कि मुंबई शहर में देवेन्द्र फडनवीस जी ने मेट्रो रेल का काम बहुत कम समय में बहुत तेजी से आगे बढ़ाया है, उस मेट्रो रेल का काम शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस के लोग बहुत तेजी से आगे बढ़ाएं, तभी मुंबई शहर में रोज इतने लोगों का मरना बन्द हो जाएगा और मुंबई शहर के लोगों को बहुत बड़ी राहत पहुंचेगी।

अन्त में, इस बजट में हजारों फास्ट ट्रैक कोर्ट खोलने की बात देश के प्रधान मंत्री जी और वित्त मंत्री जी ने की है, मैं उसका स्वागत करता हूं। इसमें भी एक बहुत बड़ी ताकत है। कोर्ट में जो इतने केसेज चलते हैं, अगर उनका निपटारा हो जाए तो इकोनोमी बूस्ट होने में बहुत बड़ी मदद मिलेगी। आज कारपोरेट सेक्टर के लोग दूसरों को सिर्फ हैरान-परेशान करने के लिए भी कोर्ट में बहुत

सारे केसेज दर्ज कराते हैं, क्योंकि उनको पता है कि पांच-दस साल इसका निपटारा होने वाला नहीं है। इस तरह से इकोनोमी को स्लो-डाउन करने का यह भी एक बड़ा जरिया है।

(1520/IND/RC)

महोदया, फास्ट ट्रैक कोर्ट खुलने से सारे झमेले खत्म हो जाएंगे और कोई नया झमेला खड़ा करने का कोई प्रयास नहीं करेगा, क्योंकि कोर्ट में जाने से तुरंत केस का निपटारा हो जाएगा, ऐसा डर लोगों के मन में पैदा होगा। प्रधान मंत्री जी ने पांच ट्रिलियन इकोनॉमी की बात कही है, कुछ लोग इस बात का मजाक बनाते हैं। हम जब बचपन में थे, तब गरीब घर के लोग अपने बच्चों के बारे में यह सपना देखते थे कि मेरा बच्चा पढ़कर यदि एसएससी का एग्जाम भी पास करता है और पैसे कमाता है, तो उनका सपना 15 साल में पूरा होता। आज प्रधान मंत्री जी ने तो केवल पांच साल का सपना देखा है और हम सभी लोगों को मिलकर प्रधान मंत्री के सपने को सच करके देश के लोगों को इस झंझट से बाहर निकाल कर अच्छा जीवन जीने का अवसर देने का काम करना है। मैं मानता हूं कि यदि सभा में सभी इस बात के लिए खड़े हो जाएंगे, तो पांच ट्रिलियन ही नहीं, जयंत सिन्हा जी ने जो दस ट्रिलियन इकोनॉमी की बात कही है, उसे भी हम प्राप्त कर सकते हैं।

महोदया, आपने मुझे बोलने का अवसर प्रदान किया है, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं।

(इति)

1521 hours

SHRIMATI PRENEET KAUR (PATIALA): Madam Chairperson, I thank you for giving me time to speak on the Union Budget.

At the outset, let me say that the Union Budget is a sacrosanct document, a document that every Indian looks to with great hope and expectation - something that might improve their lot and alleviate the problems of their lives. Therefore, my comments as a Member of this House's principal Opposition Party may not be treated as partisan but as a small part of the large collective responsibility that we all share.

We must discuss ways and means of how to steer ourselves out of our present predicament. The last time India was in this predicament was when there was a serious economic crisis, *i.e*. the balance of payments crisis. In 1990-91, Dr. Manmohan Singh as the then Finance Minister guided the country out of the economic crisis and, in the process, imparted a new direction and orientation to our economy.

Our problems are not unknown to the people seated here - low economic growth, increasing unemployment, falling exports, and rising farm distress - all amidst the great expectations of our people who gave a decisive mandate to this government only last year.

The Budget is based as always on certain presumptions -
presumptions of 10 per cent nominal growth, and presumption of 12 per cent growth in revenue. These presumptions certainly look a little optimistic given the current tepid economic scenario.

Let me speak about some issues that are pertinent to the State I represent, the State of Punjab

Firstly, there is little denying the fact that distress in rural areas is growing. The concessions which were given earlier in this financial year to business have naturally aroused similar aspirations from the rural sector also. However, that special stimulus for the rural economy is missing. It is really surprising that allocation for MGNREGS for the next year has been reduced below the Revised Estimates of the current year at a time when there is general talk of a need to boost rural economy. I hope the Finance Minister will take note of it. Today, across the country, the rural poor look forward to NREGA funds to undertake small infrastructure works in villages. Let us keep their hopes alive.

In agriculture, there are some issues especially the one that has been expressed on converting fertilizer subsidy into DBT. These steps must be taken with due caution and after factoring both intended and unintended consequences lest our farmers are put to undue harassment.

Similarly, the Pradhan Mantri Krishi Bima Yojana deserves to be reviewed and re-oriented as it does not suit the interests of Punjab's farmers. This scheme should be farm / plot based instead of being area based. The indemnity level should be more than 90 per cent (up to 95 per cent) should be allowed and it should be based on last year's yield of affected and insured farmers. Post-harvest losses in the *mandies* due to natural calamities should also be covered. The localized calamities should also cover the losses due to unseasonal rainfall during Rabi crops and increase in cost of cultivation of Kharif crop due to deficient rainfall.

(1525/SNB/ASA)

As most of the farmers are facing huge economic distress, no premium should be charged from them and it should be shared between the Central and State Governments on 60:40 basis. The State has already taken up the matter with the Prime Minister’s Office in a letter dated 31/05/2019.

The next point is that the State of Punjab is facing a ground water crisis putting a serious question mark on the long-term sustainability of our agriculture and in turn, our country’s food security. The Budget does not offer anything for the State in this regard. In fact, notwithstanding that Punjab has the highest rate of decline of groundwater in the country it has sadly been omitted from the list of seven States selected under the *Atal Bhujal Yojana.* The State Government has taken up this matter with the Prime Minister and the Ministry of Jal Shakti and I would only expect that Punjab is given its due.

In parallel, there must be strong steps taken by the Government of India to promote diversification of agriculture through assured marketing of alternative and less water-intensive crops like maize etc. We were hoping for an announcement in the Budget, but it seems to have missed the attention of the Government. Let us not delay anymore, lest it would be too late.

I would also like to highlight one aspect that needs the collective attention of the House. The Commission on Agricultural Costs and Prices (CACP) has unfortunately given some recommendations of ending MSP based open-end

procurement of paddy and wheat largely on account of the inefficiencies in food management. This will be the final nail in the coffin of our already beleaguered farmers. I strongly urge the Government to put aside any such plan in case it truly believes in the welfare of farmers.

As I end, let me say that India's growth story, with dreams of becoming a super power that we dared to flirt with, is now at crossroads. The optimistic talk ten years ago – that we can become a developed nation in two to three decades – has today been replaced by cautious pragmatism of economists who warn of the real danger of India falling into the `middle-income trap'.

In the backdrop of this growing pessimism that we must renew our pledge to fulfil, in the words of Pandit Jawaharlal Nehru, `our tryst with destiny'. Here, the words of Franklin D Roosevelt in his famous speech during the Great Depression may also be instructive in this -- `The only thing we have to fear, is fear itself'. While I pray that we may economically rise once again as a great nation, I only hope that the Government will equip the country with the right economic policies to help catalyse our economic growth and development.

Thank you.

(ends)

1529 hours

SHRIMATI APARAJITA SARANGI (BHUBANESWAR): Madam Chairperson, thank you for giving me this opportunity. As I stand here to speak on the Budget for the financial year 2020-21, I would be failing in my duty if I do not thank the hon. Prime Minister whose vision has guided the Budget and the hon. Finance Minister who has worked extremely hard to present this Budget which addresses the needs and concerns of the common man. As our hon. Prime Minister has rightly said, this Budget has both vision and action and it focuses on boosting economic growth which would strengthen the foundations of Indian economy in this current decade.

Madam Chairperson, I would say with all conviction at my command that this particular Budget is an extraordinary reflection of the balance between intent and content, vision and provision. When we read this Budget, about six major sectors and 24 key areas come to mind. Against the backdrop of the current economic scenario, this particular Budget will definitely facilitate investment, spur consumption growth, give a push to infrastructure projects, give a fillip to rural and agricultural development and strengthen social sector interventions which would go a long way in bringing relief to the poor, the needy and the vulnerable sections of the country.

(1530/RU/RAJ)

This is an age of technology and we are all aware of the fact that emerging technologies like blockchain, 3D printing, artificial intelligence, quantum computing, etc. have evolved and encompassed all aspects of our day-to-day existence. And I am extremely glad to inform this august House that this particular Budget has recognised this fact and is all out to leverage the technologies for the benefit of society and the common man.

There are two things which I would like to mention here. All of us are aware of them. Firstly, there is a provision of Rs. 8000 crore for National Mission for quantum applications and technologies. We are also talking of the use of artificial intelligence in healthcare, in streamlining GST and different direct taxes. We are also talking of setting up of Data Centre Parks. It is very encouraging and it is a very wonderful step.

There is also a provisioning of about Rs. 6000 crore for BharatNet Programme. This particular Programme is very interesting in the sense that

there will be one lakh panchayats which would be having fibre connections to homes. I am sure that all these efforts in boosting technology and leveraging technology will go a long way in benefiting all of us and will create ample job opportunities in the days to come.

After technology, we move to the next area which is agricultural and rural development. There are eight key areas which come to my mind out of the list of 16 points. I would definitely try to list out eight action points. The first and foremost is this and I would like to draw the attention of this august House to the debate on an allegation which I have been hearing for the past two days regarding less allocation for Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme.

With all humility, I would like to inform the House that I had the privilege of working as a Joint Secretary to the Government of India and I was handling Mahatma Gandhi NAREGA for five full years, from 2013-2018. This particular allegation that there is less allocation is baseless.

Madam, the comparison of BE can always be BE. The comparison of RE of last year cannot be compared with BE of this year. The Budget Estimate for 2019 for MGNREGS was Rs.61,115 crore and this time, the BE says that it is Rs.61,500 crore. Now, last year, RE for MGNREGS went up Rs. 71,000 crore. I have handled this Programme and I know the concern of this Government for the poor, the vulnerable sections and the labourers. the MGNREGS is a demand driven Programme, and whenever there has been a need for money or wages, the Government has come up and has checked in a lot of funds for actually meeting the wages.

From an amount of Rs. 61,115 crore last year, it went up to Rs. 71,000 crore and this Government being so very considerate for the needs of the poor, there is no reason why we should believe that this Government will not come up again at the RE stage if the demand is there on the ground.

So, my dear friends on the right, let us all compare apples with apples and let us not compare apples with oranges. We have to compare BE with BE and we cannot compare BE with RE. That is the whole point.

Secondly, I would like to mention a very major step that the Government has planned through this Budget regarding agriculture and rural development. That particular step is taking the States on board with a spirit of cooperative and

competitive federalism, by encouraging them to go for a massive structural reform in the farming sector by formulating Acts on the basis of model Acts for contract farming, for land leasing and for agricultural and livestock production and marketing. These reforms have been pending for long. If these are done, there would be tremendous employment generation in the farming sector and many of the long standing problems of the farmers would be solved.

(1535/NKL/VB)

Now, the third issue which I would like to point out here is the idea of the 'Kisan Rail' and the 'Krishi Udan'. These are extremely good ideas. We are aware of the fact that we have a lot of fresh fruits and vegetables that go waste. We need to have transport logistics, we need to have proper coal supply chain, and for that matter, we are talking of Indian Railways coming up with 'Kisan Rail' for transport logistics, and 'Krishi Udan' for taking our fresh fruits and vegetables to national and international destinations.

We are talking of PM-KUSUM. This is the fourth point. We are talking of leveraging solar energy. About 20 lakh farmers would be given funds for solarising their pumps, and 15 lakh farmers, who already have grid connected water pumps would be given funds for solarising them. What a wonderful idea it is! If it is executed properly, what benefit it would give to the farmers, I think, we all can understand that.

Madam Chairperson, all of us, over a period of time have been talking of diversification in agriculture. But the credit goes to our farmers and to our Government that today, 311 metric tonnes of horticulture produce actually is much more than the food grain produce. This is all because of the farmers' and the Government's intervention. So, to encourage such farmers, the Government has come up with the concept of 'One district, One Crop', which I am sure is going to encourage exports in the days to come.

We are talking of bridging the infrastructure gap. As far as Agri-storage facilities are concerned, our women would come up as *Dhanya Lakshmi*, and there would be storage godowns by the women for the farmers of the villages.

Madam Chairperson, we are also talking of milk production. The milk processing capacity is planned to be enhanced from 53.5 million tonnes to 108 million tonnes. Just imagine the kind of encouragement the milk producing farmers would be getting. We are talking of marine fishery changes and marine

fishery revolution, I would say, if it is not an exaggeration. I would say that we are talking of the development of marine fisheries sector in a major way. We are talking of 'Sagar Mitras'. More than 3000 'Sagar Mitras' would come up. The rural youth would be getting employment. Apart from that, we are aiming at 200 lakh tonnes of fish production by 2022-23. What a major leap we are thinking of; what a dream it is! This Government has shown, in the last five years, that whatever it dreams, it actually translates that into reality.

The next point I would definitely like to focus on is the 'Jal Jeevan Mission'. This shows our hon. Prime Minister's vision, his dream, and his focus on water stressed districts of the country. This is a welcome step. The agricultural credit is planned to go up hugely from Rs. 11.5 lakh crore to Rs. 15 lakh crore, which is going to be a major step, and we all need to thank the hon. Prime Minister, the hon. Finance Minister, and her entire team for having conceptualised such a wonderful Budget.

Madam, now we come to investment. I will just take about 10 to 15 minutes. This is a very important point. Therefore, I would request you to give me some more time. To strengthen the investment sector, we are talking of a single investment cell for expediting grant of licenses and promoting entrepreneurship. Five new smart cities would come up in PPP mode for promoting entrepreneurship.

Madam, we have all been talking about the Dividend Distribution Tax. This will almost release Rs. 25,000 crore for the companies to invest, and of course, the rejig of the Personal Income Tax slab would leave a lot of money in the hands of the individual for spending.

Madam, now, I come to infrastructure. Just give me one more minute. I would like to read out what hon. Prime Minister said on the speech of his Excellency, the hon. President of India, and that says all about the vision of the Government about infrastructure. This is what our hon. Prime Minister said in this House, the other day.

(1540/KSP/PC)

I would read out. I quote:

> "For us, infrastructure is a combination of aspirations and achievements, about connecting people to their dreams, people's creativity to consumers, infrastructure is connecting a child to her

school, a farmer to the market, a businessman to his customer; it is about connecting people to people."

We are talking of National Infrastructure Pipeline, and we are talking of 6,500 projects. As far as social sector interventions are concerned, in the health sector, there is an increase of 15.4 per cent in the health budget. We are talking of about Rs. 69,000 crore which is a huge amount. The Jan Aushadi Kendras will have 2,000 medicines from this year with about 300 surgical equipment. What a leap? Urban local bodies will provide internships and degree level online education programmes started by institutions which rank within top 100 in the National Institutional Ranking Framework.

Madam, I would like to inform this august House about one thing. If you really read the Budget carefully, if we think about the works that this Government has done in the last five years and the kind of vision that our hon. Prime Minister has, I would definitely say that we have moved from a regime of policy paralysis to a regime of policy action, we have moved from policy of scams to a policy where the Government is trying to provide a transparent Government.

As I conclude, I am reminded of the words of Ex-US President Barrack Obama. He had said, "A Budget is not just a series of numbers on a page; it is the embodiment of the value of a nation", and this particular Budget, which was presented by our Finance Minister, is the embodiment of our values. We are trying to care for our society, supporting innovation, and building good human resources.

With these words, I fully endorse this Budget for the financial year 2020-21 presented by our hon. Finance Minister.

(ends)

1542 hours

SHRI HASNAIN MASOODI (ANANTNAG): Madam Chairperson, I thank you for permitting me to speak on the Budget.

Madam, Budget is not a mere Statement of Revenue and Expenditure. It reflects the ambitions and aspirations of the masses, an effort to address the failures, rectify the mistakes, and help realise the dreams. The Budget must reasonably take cognizance of challenges and propose steps to meet those challenges.

The status of economy is disturbing. There is an agreement between all of us that it is not to the satisfaction of the people and to the satisfaction of the decision makers. All the universally accepted indices, all the indicators of fiscal health point to a downslide in the economy, including the sluggish growth of GDP. Some key challenges were expected to be taken note of and they confronted the Government. One of them was the ever-increasing unemployment. It is not only millions of our young men are unemployed, but even those in employment are under-employed or their employment is not commensurate with their qualification.

The Budget was also expected to take note of the decrease in consumption and the consequent decrease in demand which, in turn, leaves manufacturing subdued. The Budget was expected to go in for some massive tax reforms to give relief to the tax payers and also promote investment.

Madam, one of the major challenges before the Government was also resource mobilisation and giving a fillip to agriculture. A closer look at the Budget points to a mere patch work. We see a mere patch work. The Budget lacks vision. We do not find path breaking decisions on thrust areas. The deficit, though estimated to be 3.8 per cent, would anywhere be around 4.6 per cent.

(1545/KKD/SPS)

The Government owes FCI Rs. 2 lakh crore, and there are borrowing by those to whom the Government has to pay in the same way. But the agriculture does not get the due attention. Eleven per cent decrease in subsidy on fertilisers will hit the farmers hard. It may lower the use of fertilisers, and in turn, impact

agricultural production. Though PM-KISAN Scheme has shown an increased allocation of 37.9 per cent, the benefit has not reached the beneficiaries. A mere Rs. 1,241 crore has reached the target group out of previously allocated Rs. 20,000 crore.

The resource mobilisation is not to go on expected lines. It is highly doubtful if the Government would be able to get the money it plans to mobilise by disinvestment. With the success rate of 62 per cent disinvestment the previous year, it is highly doubtful and hard to believe that the Government would be able to mobilise the additional Rs. 2.10 lakh crore from disinvestment.

The tax reforms are also lackadaisical with half-hearted measures. Most of the tax payers are not to benefit by the new tax regime because of non-availability of benefits of deductions and exemptions. Changes in tax governance are also not to get the desired results, and stripping the Appellate Authority of its powers may prompt the tax payers to flock to the high courts and invoke the writ jurisdiction.

Though there is some relief to the start-ups, but the Dividend Distribution Tax relief is also not going to get the desired result because the recipient shall have to pay, in most of the cases, tax at the higher rate. Even if, as has been pointed out, it helps the corporates to have an additional amount of Rs. 25,000 crore, but the real target may be the recipient, who receives the dividends. So, so far so much is the overview of the tax.

But let me now come Jammu and Kashmir. Jammu and Kashmir has recently experienced a massive assault on its autonomy, territorial integrity and identity. It is true that Rs. 20,000 crore has been earmarked for Jammu and Kashmir in the current Budget, but there can be no trades-off between political aspirations and budgetary allocations. The State that has 5,000 years history has been reduced to a Municipality, and Rs. 20,000 crore may not be that important, more so when Rs. 80,000 crore was previously allotted and the benefit did not reach the target or did not reach the ground.

There are 61,000 casual workers, consolidated workers and daily waged workers. I expect and I would request the hon. Finance Minister to ensure that steps are taken for their regularisation. They are on the streets. They have not been paid for months together, and they are waiting for their regularisation from anywhere between five and 10 years.

The electricity distribution system is in shambles. In sub-zero temperature, most of the villages, most of the rural Kashmir and parts of Jammu are without electricity. It is expected that some kind of exemptions would be given.

HON. CHAIRPERSON (SHRIMATI RAMA DEVI): Please conclude.

SHRI HASNAIN MASOODI (ANANTNAG): When it comes to Jammu and Kashmir, you say, it is our crown, it is the crown of India. Now, you are ringing the bell. Please give me a minute.

HON. CHAIRPERSON: Okay.

SHRI HASNAIN MASOODI (ANANTNAG): There are frequent blockades of national highways, and connectivity between Jammu and Srinagar and other parts of Kashmir is at its worst.

(1550/RP/MM)

People are stranded on national highways for days together without adequate support. So, all these areas need attention. We will continue to demand that the decisions of 5th August should be revoked and the status before 5th August should be restored in Jammu and Kashmir to fulfil the political aspirations of the people. Mere allocations will not be a substitute for fulfilment of political aspirations. These are only some of the areas which I expect will find attention of the Government and, in particular, the attention of the Finance Minister of India.

(ends)

1551 बजे

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज): माननीय सभापति महोदया, मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं कि आपने मुझे बजट पर अपनी बात रखने का मौका दिया। हमारे माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं हमारे माननीय मुख्य मंत्री श्री नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में देश एवं बिहार राज्य क्रमश: प्रगति के पथ पर लगातार आगे बढ़ रहे हैं। देश के लिए पेश किए गए बजट से यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि यह सरकार सबके लिए विकास का काम कर रही है।

महोदया, केन्द्रीय बजट वर्ष 2020-21 में किसानों की आमदनी वर्ष 2022 तक दोगुनी करने का लक्ष्य बहुत ही सराहनीय है। बजट में कुसुम योजना के दायरे में और 20 लाख किसानों को लाने का प्रस्ताव है तथा 15 लाख अतिरिक्त किसानों को उनके बिजली के पंपों को सौर ऊर्जा से चलाने में भी मदद का प्रावधान है। यह एक ग्रामीण विकास की अहम पहल है। ब्लॉक स्तर पर भंडार गृह बनाने के लिए 15 लाख करोड़ रुपये का लक्ष्य है। इससे अनाज भंडारण के क्षेत्र में प्रगति होगी। इस बजट में जीरो बजट प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने पर भी जोर दिया गया है। इस बजट में खास बात यह भी है कि जल संकट की समस्या से जूझ रहे देश के 100 जिलों की समस्याएं निपटाने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

इस बजट में पशुपालन क्षेत्र में योगदान बढ़ाया गया है। मवेशियों के खुर और मुंह में होने वाली बीमारी ब्रूसिलोसिस तथा बकरियों को होने वाली बीमारी पीपीआर को पूरी तरह से खत्म करने का प्रावधान है। वर्ष 2025 तक देश में दूध प्रोसेसिंग केपेसिटी 53.5 मिलियन मीट्रिक टन से दोगुना करके 108 मिलियन मीट्रिक टन कर दी जाएगी, जो कि बहुत ही सराहनीय है।

महोदया, इस बजट में सरकार ने सभी के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए 69000 करोड़ रुपये दिए हैं जो कि एक महत्वपूर्ण कदम है। जहां अस्पताल नहीं हैं, वहां अस्पताल खोलने का भी प्रावधान है।

मेरा संसदीय क्षेत्र गोपालगंज है। यहां एवं आस-पास के जिलों में कोई भी बड़ा अस्पताल नहीं है। लोग बड़े शहरों से इलाज के लिए बाहर जाते हैं। इनमें से कई रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। मैं इस सदन के माध्यम से यह आग्रह करूंगा कि गोपालगंज में एक मेडिकल कॉलेज देने का प्रावधान है, उसके काम को अनुमोदित किया जाए।

महोदया, जैसा कि हम जानते हैं कि अभियान “टीबी हारेगा, देश जीतेगा” की शुरुआत की गयी है। इसके ज़रिए वर्ष 2025 तक टीबी को पूरी तरह से समाप्त करने का प्रावधान है। यह भी एक सराहनीय पहल है कि देश के सभी जिलों में 2000 किस्म की दवाइयां एवं 300 सर्जिकल उपकरण उपलब्ध कराने वाले जन औषधि केन्द्रों का विस्तार होगा। यह भी सराहनीय है कि पोषण के लिए 35,600 करोड़ रुपये का प्रस्ताव है। यह पहल 10 करोड़ से अधिक परिवारों की पोषणात्मक कंडिशन को अपलोड करने के लिए 6 लाख से अधिक आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्ट फोन दिए गए हैं। इन बदलावों का पैमाना अभूतपूर्व है।

महोदया, बजट वर्ष 2020-21 में स्वच्छ भारत मिशन के कुल 12300 करोड़ रुपये दिए गए हैं। इससे सभी घरों के लिए स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता पर विशेष बल दिया गया है। साथ ही साथ जल जीवन अभियान के लिए 3.60 लाख करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। आज हमारे माननीय मुख्य मंत्री श्री नीतीश कुमार जी की पहल से "जल जीवन एवं हरियाली" प्रोग्राम बिहार में काफी प्रगति पर है, जिसे अगले तीन वर्षों में पूरा कर लेना है। इसके तहत करीब 24 करोड़ पेड़ लगाने का लक्ष्य है, जिसमें से 19 करोड पेड़ लगाए जा चुके हैं और केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तावित राशि के साथ-साथ 24524 करोड़ रुपये का प्रावधान इसकी सफलता के लिए राज्य सरकार द्वारा भी किया गया है। आज लगभग हर घर को नल के द्वारा जल मिल रहा है। हर गांव को स्वच्छ पानी मिल रहा है। हर घर को बिजली मिल रही है। वर्षा जल का संचय हो रहा है। सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र के लिए 99300 करोड़ रुपये एवं कौशल विकास के लिए 3000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, जो सराहनीय है।

(1555/SJN/RCP)

महोदया, पूरे भारतवर्ष को जोड़ने वाली एवं सेवा देने वाली भारतीय रेल के जो प्रावधान किए गए हैं, वह देश एवं आम लोगों के लिए महत्वपूर्ण हैं। जैसा कि 100 दिनों के भीतर 550 स्टेशनों में वाई-फाई, 27,000 किलोमीटर रेल लाइनों का विद्युतीकरण, रेलवे की जमीन पर सोलर पावर क्षमता स्थापित करना इत्यादि सराहनीय कदम हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज से कोई भी ट्रेन लंबी दूरी या महानगरों के लिए नहीं है। मैं इस सदन के माध्यम से यह निवेदन करना चाहता हूं कि गोपालगंज से विभिन्न महानगरों के लिए ट्रेन चलाई जाए, ताकि हमारे क्षेत्र के लोगों को रेल की सुविधाएं मिल सकें।

महोदया, मैं इसके साथ ही इस बहुमुखी बजट का समर्थन करते हुए अपनी बात को समाप्त करता हूं।

(इति)

1556 बजे

श्रीमती सुनीता दुग्गल (सिरसा) : आदरणीय सभापति महोदया, मुझे आपने बजट 2020-21 पर बोलने का समय दिया है, उसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं। हमारी वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने इस दशक के पहले यूनियन बजट को इस सदन में जिस तरह से माइक्रो लेवल पर प्रस्तुत किया है, उसमें उन्होंने सभी देशवासियों को यह बताने और समझाने की कोशिश की है कि यह बजट आम आदमी, गरीबों, किसानों, अनुसूचित जातियों, जनजातियों और सभी लोगों के लिए है। इसीलिए, उन्होंने इसको तीन थीम्स में डिवाइड किया है। जैसा कि पहले अर्थशास्त्र में भी उसको इसी तरह से तीन भागों में वर्णित किया जाता था। एस्पिरेशनल इंडिया, इकोनॉमिक डेवलेपमेंट फार ऑल एंड केयरिंग सोसायटी। ये जो तीन थीम्स हैं, इनका जो सार है, ईज ऑफ लिविंग और ईज़ ऑफ डूइंग। एक आम इंसान की जिन्दगी को किस तरह और ज्यादा से ज्यादा से आसान बनाया जा सके, इस बजट में इस बात की कोशिश की गई है।

आदरणीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का लक्ष्य 5 ट्रिलियन डालर की इकोनॉमी को हासिल करना है। मुझे लगता है कि यह लक्ष्य केवल प्रधान मंत्री जी का या केवल वित्त मंत्री जी का नहीं है। सरकार जो है, वह आपको सहूलियतें दे सकती है, आपको सुविधाएं दे सकती हैं, लेकिन उस लक्ष्य को हासिल करना हम सबकी जिम्मेवारी है। मुझे लगता है कि हम लोग इसको इस तरह से पूरा कर पाएंगे -

न संघर्ष न तकलीफें, फिर क्या मजा है जीने में,
तूफान भी रुक जाएगा, जब लक्ष्य रहेगा सीने में।

हमारा 5 ट्रिलियन डालर का जो लक्ष्य है, यह हम सबकी जिम्मेवारी है कि हम इसको किस तरह से पूरा करते हैं। एस्पिरेशनल इंडिया के तहत एग्रीकल्चर, इर्रिगेशन, रुरल डेपलेपमेंट, जो 16 एक्शन पाइंट्स हैं, आदरणीय वित्त मंत्री जी ने इसमें दिए हैं। मैं यह कहना चाहूंगी कि पहली बार किसान, जो हमारा अन्नदाता है, उसके बारे में सोचा गया है। वर्ष 2014 से पहले केवल और केवल 27,000 करोड़ रुपयों का बजट किसानों के लिए जाता था। लेकिन इस बजट के अंदर अब की बार 2.83 लाख करोड़ रुपयों का जो बजट है, वह एग्रीकल्चर सेक्टर के लिए एलोकेट किया गया है। इसमें 1.60 लाख करोड़ रुपये इर्रिगेशन और एग्रीकल्चर के लिए हैं और 1.23 लाख करोड़ रुपये रुरल डेवलेपमेंट के लिए हैं। मॉडल एग्रीकल्चर लैंड लीजिंग एक्ट के तहत किसान अपनी जमीन का सही तरीके से कैसे उपयोग कर सके, उसमें इस बात का ध्यान रखा गया है।

आदरणीय सभापति महोदया, फसल बीमा योजना के तहत किसानों ने सिर्फ 13 लाख करोड़ रुपयों का प्रीमियम दिया है और उसके बदले में हमारे किसान भाइयों को 56 लाख करोड़ रुपयों का बीमा मिला है। प्रधान मंत्री किसान निधि योजना के तहत 45,000 करोड़ रुपया सीधे किसानों के खाते में गए हैं। कांग्रेस की सरकार में क्या होता था? उनको दो या ढाई रुपये का चेक मिलता था। मैं सिरसा लोक सभा क्षेत्र से आती हूं, वह कृषि प्रधान एरिया है।

सभापति जी, वहां पर किसान हैरान होते हैं कि हमारे खातों में सीधे पैसा आ रहा है। उनको इस बात का यकीन नहीं होता है। आदरणीय प्रधान मंत्री किसान निधि योजना के तहत उनके खातों में 45,000 करोड़ रुपये सीधे गए हैं। पहली बार किसानों के लिए इस तरह का बजट आया है। मैं हमारी वित्त मंत्री जी को इस बात के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहती हूं। 'उठाती है, जो खतरा हर कदम पर डूब जाने का', एक बहुत बड़ा खतरा है।

(1600/GG/SMN)

यह ठीक है हमारी इकॉनोमी को बहुत अच्छा करने के लिए आप बिज़नस के लिए बहुत लगाते हैं, किसान की तरफ कोई नहीं देखता है। लेकिन हमारी वित्त मंत्री जी ने यह किया है कि –

" उठाती है जो खतरा हर कदम पर डूब जाने का,
वही कोशिश समुंदर में खजाना ढूंढ लेती है।"

इसीलिए मुझे लगता है कि पांच ट्रिलियन डॉलर की उम्मीद को हम पूरा करेंगे।

सभापति जी, मैं यह कहना चाहती हूँ कि चाहे हम बात करें 20 लाख किसानों को सोलर पंप लगाने के लिए, 15 लाख किसानों को ग्रिड कनेक्टिड पंप्स देने के लिए सरकार अपनी तरफ से पूरी सहायता करेगी। सोलर पॉवर जनरेट कर के वे इसको ग्रिड में बेच भी सकते हैं। उससे भी आमदनी हो सकती है। क्योंकि जब तक हम किसान का ध्यान नहीं रखेंगे, वह हमारा अन्नदाता है। कल ही हमारे गुरु रविदास जी का जन्मदिन था, उनकी जयंती थी और गुरु रविदास जी ने कहा है कि

" ऐसा चाहूं राज मैं, मिले सभी को अन्न।
छोटे-बड़े सब सम बसें, रविदास रहें प्रसन्न। "

जब तक हमारे किसानों का ख्याल नहीं रखा जाएगा, जब तक इनको मेनस्ट्रीम के अंदर नहीं लाया जाएगा, तब तक मुझे नहीं लगता है कि हमारा भारतवर्ष तरक्की कर पाएगा। यह हिम्मत हमारे आदरणीय प्रधान मंत्री और हमारी वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने दिखाई है। मैं यह कहना चाहूंगी कि सैल्फ-हैल्प ग्रुप – सभापति जी, पिछले दिनों हमारे फतेहाबाद जिले में गीता जयंती हुई। आप हैरान होंगी कि सैल्फ-हैल्प ग्रुप के तहत वहां पर महिलाओं ने इतना स्वादिष्ट भोजन परोसा, इतने अच्छे सैल्फ-हैल्प ग्रुप वहां पर बने हैं, उनके तहत जो वहां पर सरकारी दफ्तर हैं, वहां वे टिफिन सर्विस प्रोवाइड करती हैं। आप हैरान होंगी कि वह खाना इतना स्वादिष्ट था। उसके साथ-साथ उनको आय का साधन मिल रहा है। मैंने बहुत देर तक उनके साथ समय बिताया। मैं यह कहना चाहूंगी कि इसीलिए हमारे आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने 58 लाख सैल्फ-हैल्प ग्रुप्स को पॉवर्टी लाइन से ऊपर उठाने का काम अबकी बार इस बजट में किया है। हमारे सैल्फ-हैल्प ग्रुप बहुत अच्छा काम कर रहे हैं।

महोदया, पिछले दिनों मुझे क्लाइमेट पार्लियामेंट के तहत आबू-धाबी जाने का मौका मिला था। आप हैरान होंगी कि वहां पर उन लोगों ने प्रकृति को भी हिला कर रख दिया है। पहली बार दुबई में इतनी रिकॉर्ड बारिश हुई कि वे हिल गए। उनको इतनी बारिश की आदत नहीं थी। वे लोग रिन्युएबल एनर्जी की तरफ इतनी जबरदस्त तरीके से लगे हैं। वहां पर 48 हजार गीगावॉट की एनर्जी उन्होंने स्टोर कर ली है और आगे भी वे इस तरह से लगे हुए हैं तो इसी बात को ध्यान में रखते हुए मुझे लगता है कि प्रधान मंत्री जी की कोशिश है कि किसान बैरन लैंड पर भी खेती कर सके। हमारे सिरसा में भी बहुत बैरन लैंड है। वहां पर वे सोलर प्लांट लगाएं और उसके तहत वे सोलर एनर्जी जनरेट करें। उससे खुद भी लाभ पाएं और जो उनके पास स्टोरेज होता है, तो उसको वे सरकार को बेच कर आमदनी का साधन भी बना सकते हैं। मैं यह कहना चाहूंगी कि इसी तरह से सरकार की तरफ से 100 वॉटर स्ट्रेस्ड डिस्ट्रिक्ट्स को चिह्नित किया गया है और उन पर पूरा ध्यान हमारे आदरणीय प्रधान मंत्री का है। वे बार-बार कहते हैं कि हमारा ध्यान माइक्रो इरिगेशन की तरफ होना चाहिए। अभी पिछले दिनों विज्ञान भवन में एक कार्यक्रम था। उसमें प्रधान मंत्री जी ने बताया कि एक बच्चा बहुत कमजोर है तो आप क्या करेंगे? उस बच्चे को

सवेरे, दोपहर और शाम तीन टाइम दूध में मेवा डाल कर उस बच्चे को नहला दीजिए, क्या वह बच्चा ताकतवर हो जाएगा? नहीं होगा। उसकी बजाय अगर आप उसको सौ-सौ ग्राम दूध दो टाइम पिला देंगे तो वह ज्यादा महत्वपूर्ण है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने माइक्रो इरिगेशन की तरफ ध्यान दिया कि हमारे किसान भाई जो माइक्रो इरिगेशन की तरफ चलेंगे और 100 वॉटर स्ट्रेस्ड जिलों को उन्होंने चिह्नित किया है कि वहां पर उनको हर तरह से सरकार की तरफ से लाभ दिया जाएगा। धीरे-धीरे हम लोग कैमिकल फर्टीलाइजर्स को छोड़ कर अपनी एग्रीकल्चर को ऐसे प्रोत्साहित करें ताकि वे संपन्न हो सकें।

1604 बजे (श्री पी.वी. मिधुन रेड्डी पीठासीन हुए)

सभापति महोदया, आप हैरान होंगी कि भटिंडा में, कांग्रेस की सदस्य परनीत जी अभी यहां पर नहीं हैं, भटिंडा से एक ट्रेन चलती है, जिसको कैंसर ट्रेन बोला जाता है। कारण क्या है कि वहां पर इतना ज्यादा यूरिया इस्तेमाल होता है, वहां पर इतना ज्यादा कैमिकल फर्टिलाइजर यूज़ होता है, उसकी वजह से बहुत ज्यादा लोग कैंसर से पीड़ित हैं। हमारी सरकार की कोशिश है कि वहां पर जैविक खाद को प्रोत्साहित किया जाए।

(1605/KN/MMN)

वेलनैस, वाटर एंड सेनिटेशन, इसके बारे में भी अगर हम बात करें, सरकार ने 69,000 करोड़ रुपये इसके लिए एलोकेट किए हैं। हेल्थ सेक्टर के लिए 69,000 करोड़ रुपये ओवरऑल हेल्थ सेक्टर के लिए हमारी सरकार ने इसके लिए दिए हैं। इसके साथ-साथ मैं यह कहना चाहूँगी, अगर मैं अपनी कॉन्स्टीट्यूएंसी की बात करूँ, प्रधान मंत्री नेशनल रिलीफ फंड से लाखों रुपये वहाँ पर जो पीड़ित लोग हैं, उनको मिल चुके हैं।

मैं जल जीवन मिशन की बात करूँ, एजुकेशन की बात करूँ तो 99,300 करोड़ रुपये एजुकेशन के लिए दिए गए हैं। इसके साथ-साथ इनफ्रास्ट्रक्चर में आप देखें कि पाँच नई स्मार्ट सिटीज़ बनाने की सरकार की कोशिश है। इनफ्रास्ट्रक्चर में 103 लाख करोड़ रुपये, ताकि हमारा जो यूथ है, उनको पावर मिले और 6500 प्रोजेक्ट्स ऐसे हैं, जो कि 31 दिसम्बर, 2019 को लॉन्च किए गए हैं। इनफ्रास्ट्रक्चर में इतना ज्यादा पैसा सरकार ने लगाया है, ताकि रोज़गार मुहैया करवाए जा सकें।

आज के न्यूजपेपर्स मैं पढ़ कर आई, तो मैंने देखा कि मुम्बई में ट्रैनक्यूलिटी, एक ऐसा रूम बनाया गया है कि जो मोटरमैन है, वे वहाँ पर बैठ कर थोड़ा आराम कर सकें। क्योंकि अभी बात कर रहे थे कि वहाँ पर उनको काफी परेशानी रहती है और बहुत से माननीय सदस्य बता रहे थे कि वहाँ पर उनकी डेथ हो जाती है। मोटरमैन को कोई दिक्कत न हो, उनके लिए ऐसा सुंदर एक रूम बनाया गया, वहाँ पर वे आराम कर सकें। इस तरह की योजना हमारी सरकार की है, ताकि किसी को कोई दिक्कत न आए।

इसके साथ-साथ मैं कहना चाहूँगी कि हमारी सरकार की यह कोशिश है कि हम वेलनैस सेंटर बना रहे हैं। मैंने खुद कई वेलनैस सेंटर्स के उद्घाटन किए हैं। We do not always need advice. Sometimes, all we need is a hand to hold, an ear to listen, and a heart to understand.

HON. CHAIRPERSON (SHRI P.V. MIDHUN REDDY): Please conclude.

श्रीमती सुनीता दुग्गल (सिरसा): इस तरह की सोच हमारी सरकार की है और इसी के तहत मैं आगे कहना चाहूँगी कि केयरिंग सोसायटी के तहत वीमेन, चाइल्ड, इन सब के मामले में हमारी आदरणीय वित्त मंत्री जी ने पिछले बजट में कहा था कि 'नारी तू नारायणी' और आप हैरान होंगे कि वह करके दिखाया। अब की बार हमारी बेटियां 94.3 परसेंट हायर एजुकेशन में...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON : Please conclude.

श्रीमती सुनीता दुग्गल (सिरसा): आपने 15 मिनट का समय दिया है। 94.3 परसेंट हायर एजुकेशन में, 59 परसेंट एलिमेंट्री एजुकेशन में, हमारी बेटियाँ आगे बढ़ रही हैं तो मुझे लगता है कि जिस तरह का ध्यान हमारी बेटियाँ का रखा गया है, वह इससे पहले आज तक कभी नहीं रखा गया। पाँच आर्केलॉजिकल साइट्स जो हैं, उनके लिए अब की बार पैसा एलोकेट किया गया है।

HON. CHAIRPERSON: Please conclude. The time allotted is 10 minutes only.

श्रीमती सुनीता दुग्गल (सिरसा): हमारी हरियाणा में राखीगढ़ी एक जगह आती है, तो मैं उसके लिए भी बहुत-बहुत धन्यवाद करना चाहती हूँ।

अगर हम इनकम टैक्स की बात करें, क्योंकि मैं खुद इनकम टैक्स डिपार्टमेंट में पहले थी, उसमें बहुत ज्यादा ध्यान रखा गया है कि किस तरह से पहले सिर्फ चार स्लैब्स थे। अब की बार सेवन स्लैब्स कर लिए हैं। लेकिन मैं अनुराग जी, मंत्री जी को कहना चाहूँगी, हम यह चाहते हैं कि ढाई लाख से 5 लाख, अगर उसमें वह टैक्स 'निल' कर दें, तो बहुत बढ़िया रहेगा। क्योंकि-

"हजारों ख्वाहिशें ऐसी कि हर ख्वाहिश पे दम निकले
बहुत निकले मेरे अरमां, लेकिन फिर भी कम निकले।"

मुझे लगता है कि अगर थोड़ी सी इसमें और रिबेट कर देंगे तो और ज्यादा अच्छा रहेगा। इसके साथ-साथ मैं यह कहना चाहूँगी कि कारपोरेट टैक्स 3 परसेंट हमारी सरकार ने किया है।...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: You please conclude. Now, Shri Gajanan Kirtikar.

श्रीमती सुनीता दुग्गल (सिरसा): लास्ट में, विवाद से विश्वास। देखिए, यह लास्ट है। विवाद से विश्वास, इसलिए मैं कोई विवाद नहीं चाहती। एक मिनट दीजिए।

लास्ट बजट में सब का विश्वास स्कीम इन-डायरेक्ट टैक्सेस में आई थी, जिसमें एक लाख 89 हजार केसेस सॉल्व हुए थे। अब की बार 4 लाख 83 हजार केसेस डायरेक्ट टैक्सेस में एपीलेट में पैंडिंग हैं। सरकार की तरफ से योजना है कि 31 मार्च, 2020 तक कोई इंट्रेस्ट नहीं लगेगा, कोई पैनल्टी नहीं लगेगी। सिर्फ टैक्स के बेसिस पर अगर करना चाहते हैं तो सॉल्व करवा सकते हैं।

अंत में, मैं यही कहना चाहूँगी-

"सर्वे भवन्तु सुखिन: सर्वे सन्तु निरामया:,
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दु:ख भाग्भवेत्।"

(इति)

1604 बजे

श्री गजानन कीर्तिकर (मुम्बई उत्तर पश्चिम): आपने मुझे समय दिया, इसके लिए मैं आभार प्रकट करता हूँ। इस बजट में देश के आम आदमी को लाभ देने वाली आसान कर प्रणाली का अमल किया। बैंक एफडी पर 5 लाख का बीमा संरक्षण दिया गया। शिक्षा के लिए 99 हजार 300 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा। कृषि एवं ग्रामीण विकास के लिए 3 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान रखा। कृषि क्षेत्र के लिए 16 सूत्रीय कार्यक्रम का ऐलान किया। इसका मैं स्वागत करता हूँ।

(1610/CS/VR)

लेकिन इस बजट में सम्पूर्णतया महाराष्ट्र राज्य को अनदेखा किया गया है। महाराष्ट्र से केन्द्र को टैक्स का सबसे बड़ा हिस्सा जाता है, इसके बावजूद भी महाराष्ट्र को बजट में नजरअंदाज करना दुर्भाग्यपूर्ण लगता है। अनुराग जी, ऐसा मैं बोलता हूँ।

मुंबई में रेलवे यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए व मुंबई रेल विकास कारपोरेशन की माँग के अनुसार गोरेगांव से बोरीवली हार्बर लाइन विस्तारीकरण के लिए 846 करोड़ रुपये, रेलवे स्थानकों के विकास हेतु 942 करोड़ रुपये, बोरीवली से विरार पांचवीं और छठी पटरी डालने के लिए 2, 241 करोड़ रुपये तथा मुंबई अर्बन ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट की तीसरी परियोजना के लिए करीबन 50 हजार करोड़ रुपये की निधि केन्द्र से तत्काल मंजूर और रिलीज की जानी चाहिए। मैं यहाँ यह माँग करता हूँ।

महोदय, मैन्ग्रोव्स के संरक्षण हेतु केन्द्र से राज्यों को निधि दी जाती है, परन्तु विगत तीनों बजट में मैन्ग्रोव्स संरक्षण हेतु महाराष्ट्र की झोली खाली रखी है। महाराष्ट्र का 720 किलोमीटर तक का समुद्री किनारा है। इसे देखते हुए मैन्ग्रोव्स वनस्पति संरक्षण के लिए 300 करोड़ रुपये की निधि केन्द्र से महाराष्ट्र को दी जाए।

एक तरफ मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना की घोषणा, तो दूसरी ओर बजट में मुंबई उपनगरीय रेलवे नेटवर्क, पश्चिम और मध्य रेल मार्गो के विकास का उल्लेख मात्र नहीं है, यह एक तरह से महाराष्ट्र के साथ सौतेला व्यवहार इस बजट में हमें देखना पड़ता है।

गुजरात में अंतर्राष्ट्रीय वित्त केन्द्र को मजबूत किया गया है और सही मायने में देश की आर्थिक राजधानी मुंबई की ओर संपूर्णता दुर्लक्ष की गई, इस पर मैं निषेध व्यक्त करता हूँ।

प्रतिष्ठित स्थल के रूप में महाराष्ट्र के एक भी स्थल का नाम नहीं है। आदिवासी बहुल एरिया के बावजूद महाराष्ट्र में आदिवासी संग्रहालय नहीं हैं।

महाराष्ट्र के विविध भागों में बीते जुलाई/अगस्त, 2019 में हुई अतिवृष्टि व बाढ़ से भारी आर्थिक हानि के साथ ही जीवित हानि हुई है। बाढ़ पीड़ितों की सहायता हेतु केन्द्र से आवश्यक 7288.05 करोड़ रुपये की माँग अगस्त 2019 में महाराष्ट्र सरकार ने की है, जिसको शीघ्र मंजूर कर रिलीज करना जरूरी है।

देश में करीब 39 लाख मछुआरे समुद्र के किनारे रहते हैं। केन्द्र सरकार से उनको मकान बनाने हेतु 75 हजार रुपये का अनुदान दिया जाता है, जो कि अत्यधिक कम है। कम से कम 3 लाख

रुपये प्रति मछुआरों को मकान के लिए देना चाहिए। उसके सिवाय उनके लिए 7 लाख रुपये के बीमे का प्रावधान करना चाहिए। मैं ऐसी माँग करता हूँ।

बजट में पर्यटन विकास के लिए 2 हजार 500 करोड़ रुपये की घोषणा की गई है, परन्तु महाराष्ट्र में ही इतना बड़ा पर्यटन क्षेत्र है, जो आज तक दुर्लक्षित ही होता आ रहा है।

स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया कांदिवली, मुंबई में है। यह अच्छा काम करने वाली अथॉरिटी है। कांदिवली, मुंबई के परिसर में पीने के पानी के लिए सेफ्टी टैंक तक की सुविधा नहीं है। स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के मुंबई प्रशिक्षण कार्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए पिछले दो वर्षों में 9 करोड़ 1 लाख 5 हजार रुपये का प्रस्ताव सादर किया था, उसकी मंजूरी नहीं मिली है। मैं इसकी माँग करता हूँ।

यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन के सर्वेक्षण के अनुसार देश के 374 जिले शैक्षणिक दृष्टि से पिछड़े हुए हैं। इसमें महाराष्ट्र के बुलढाणा, गढ़चिरौली, हिंगोली, जालना, रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिले शामिल हैं। केन्द्र सरकार से महाराष्ट्र का शैक्षणिक दर्जा बढ़ाने हेतु कम से कम 500 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर होनी चाहिए।

महाराष्ट्र की कुल 21 नदियों के पुर्नजीवन करने का रुपये 3 हजार 810 करोड़ 66 लाख का प्रस्ताव नीति आयोग के सामने पेश किया गया है। इस पर तत्काल निर्णय होना चाहिए।

बजट में एक तरफ एजुकेशन के ऊपर 99 हजार 300 करोड़ रुपये की घोषणा की है, परन्तु महाराष्ट्र के आश्रम स्कूलों में पढ़ने वाले 2 लाख 19 हजार बच्चों के लिए सस्ती दरों पर मिल रहा अनाज केन्द्र सरकार ने अगस्त, 2019 से बंद कर दिया है।

वर्तमान में देश की विकास दर मात्र 4.5 परसेंट है।

(1615/RV/SAN)

देश में बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्या बनी है। 22 लाख से अधिक सरकारी पद खाली हैं। इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, परन्तु इस बजट में ऐसा कुछ भी नहीं है। देश का सुशिक्षित बेरोजगार ठगा-सा महसूस कर रहा है।

महोदय, पार्टी की तरफ से मैं अकेला बोलने वाला हूं। मैंने 15 मिनट बोला है। आप इस पर जरा ध्यान दीजिए। मेरी पार्टी के कोई और सांसद इस पर बोलने वाले नहीं हैं।

महोदय, सन् 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने की घोषणा इस बजट मे की गई है। ऐसी ही घोषणा सन् 2014 के बजट में भी की गई थी, परन्तु पहले जैसे थे, वैसे ही अभी भी है। अभी तक कुछ भी नहीं हुआ। वास्तव में किसानों की आय दोगुनी करने के लिए देश की वृद्धि दर 11 प्रतिशत होनी चाहिए, परन्तु प्रत्यक्ष में यह केवल दो से तीन प्रतिशत है। वर्तमान विकास दर की गति को देखते हुए केन्द्र सरकार की यह घोषणा अव्यावहारिक-सी लगती है।

वर्तमान बजट में नए पाँच शहरों को स्मार्ट सिटी बनाने की घोषणा की गई है, परन्तु पिछले बजट के दौरान की गई 100 शहरों को स्मार्ट सिटी बनाने की घोषणा का क्या हुआ? पहली घोषणा को पूरा न करते हुए दूसरी घोषणा करना काल्पनिक-सा लगता है। यह बजट वास्तविकता से काफी दूर है।

एल.आई.सी. और आई.डी.बी.आई. की हिस्सेदारी बेच देना, एयर इंडिया और रेलवे का संभावित निजीकरण भी चिंताजनक बात है।

देश को 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था वाला देश बनाना केवल सपना-सा लगता है। आज की स्थिति को देखते हुए यह हासिल करने की क्षमता दिखाई नहीं देती है।

जी.एस.टी. के जरिये लोगों की क्रय शक्ति कम हुई, श्रमिकों को परेशानी हुई, जिससे छोटे उद्योगों पर असर हुआ।

HON. CHAIRPERSON (SHRI P.V. MIDHUN REDDY): Kindly conclude now. Already one hon. Member, Shri Arvind Sawant, has spoken from your Party who had taken 22 minutes though your Party has got 15 minutes.

श्री गजानन कीर्तिकर (मुम्बई उत्तर पश्चिम): कई व्यवसाय बंद करने पड़े, जबकि रोजगार पैदा करने वाले उद्योगों को प्रोत्साहित करने की जरूरत है, लेकिन बजट में ऐसी कोई भी ठोस घोषणा नहीं है।

'बेटी बचाओ, बेटी पढाओ' का केवल नारा ही है। कागजों पर योजना ही बनाई गई है। हर दिन देश की बेटी बलात्कार का शिकार हो रही है। वह भरे चौराहे पर जलाई जा रही है और आरोपी खुले आम घुमते हैं, सजा से बचते हैं, उनको बचाया जा रहा है। बजट में इसके बारे में भी प्रावधान होने चाहिए।

आखिर में, वर्तमान बजट का ध्यानपूर्वक अध्ययन करने पर यह पता चलता है कि महाराष्ट्र के लिए कुछ भी ठोस प्रावधान नहीं है। मैं अपेक्षा करता हूँ कि इसमें शीघ्र ही सुधार करें।

जय हिन्द। जय महाराष्ट्र।

(इति)

*श्री राजेश नारणभाई चूड़ासमा (जूनागढ़):

---

*Laid on the Table

***डॉ. भारतीबेन डी. श्याल (भावनगर)**:

---

*Laid on the Table

1618 hours

ADV. A.M. ARIFF (ALAPPUZHA): Hon. Chairperson, Sir, before entering into the discussion on Budget, I want to go through some relevant issues related to Kerala. Hon. Prime Minister, while replying in the Rajya Sabha on Motion of Thanks to the President's Address, distorted the answer given by the Kerala Chief Minister, Comrade Pinarayi Vijayan in relation to a question raised in the State Assembly regarding the intruders of SDPI in the anti-CAA protest. Yes, I am proudly saying that we, the Left Parties, are always keeping an alert on any invaders against the uncompromising struggle against CAA, NPR and NRC. That is why, Comrade Pinarayi Vijayan took a solid stand against SDPI.

Sir, I cannot understand why the Prime Minister is so silent about the firm stand taken by Comrade Pinarayi Vijayan against the implementation of NRC and CAA. Hon. Modiji, have you noticed that the Kerala Assembly has passed a Resolution demanding scrapping of CAA, under the leadership of Comrade Pinarayi Vijayan? Have you seen the human chain created by the Kerala people for a length of 620 kilometres? After passing of the Resolution by Kerala Assembly against the CAA, many other States also came forward against the CAA. Hon. Prime Minister would not have spread some words of his speech for playing his communal agenda.

At the same time, why did you become so silent when the Chief Minister of Kerala talked about the discrimination done by the Central Government in connection with Kerala flood relief package? Kerala faced two massive floods in 2016 and 2017. You gave Rs. 2,000 crore only for flood relief and rebuilding process, and did not give a single paisa for the second flood, despite the fact that the Central Government agencies and the specialist team of the United Nations had estimated that the total loss of the State was around Rs. 31,500 crore. Whenever Kerala asks for help, you turn your face and portray our State as if it is an enemy country.

In connection with the development of the national highways in the State, Kerala has to bear the brunt of half of the total cost of land.

(1620/RBN/MY)

Related to the project of laying an additional railway track, Kerala has to bear half the cost for acquisition of land. In fact, you are taking revenge against the people of Kerala by creating new criteria when it comes to the

implementation of the Centrally sponsored developmental schemes. You are continuously denying the GST share of the State. Besides, you decreased Kerala's tax share. You are always adopting a reluctant approach whenever Kerala demands things such as semi-high speed corridor, Angamali-Sabari rail project, separate AIIMs for the State, Central Ayurvedic Research Centre, more investment in the public sector undertakings, rehabilitation package for Gulf Malayalis, etc.

Despite all these injustices, Kerala has achieved a GDP growth rate of 7.5 per cent and managed to achieve the top most position in the school education in the NITI Aayog's Report. Kerala is also at the top of the MNREGA Scheme as well. Moreover, NITI Aayog's Report also identified that Kerala's health sector stands far ahead with the rest of the country in terms of quality and assurance. The State's Health Department was highly successful in preventing contagious diseases caused by Nipah virus and novel Coronavirus treatment.

At the outset, the General Budget is great in length, but hopeless in content. The speech lasted for two hours and 45 minutes, using poems of great renowned poets. I am thanking the Poets Shri Deena Nath Nadeem of Kashmir, Avvaiyar, Thiruvalluvan and Kalidasan for having extended the speech of our Finance Minister for so much of time.

But the senior leader Dr. Farooq Abdullah from Kashmir could not hear your voice when the poem of Kashmiri Poet Deena Nath Nadeem was read out in this House. Your Government had detained and put him under house arrest for the last five months. Through this Budget you could not address burning issues of this country and people.

We want to know what is the rank of our country in many global indices. According to Poverty Index of the United Nations, India is ranked at 103rd position. This implies that the number of poor has increased considerably. Our Finance Minister and our Prime Minister have not uttered a single word in this regard. Shri Krishnamurthy Subramanyam's Thalinomics is not enough to address this Index.

According to the United Nations' Human Development Index, India is ranked at 135th position. Earlier, in 2014, it was ranked at 130th position.

According to IMF review, our GDP growth was eight per cent during 2015, but now the GDP growth rate is under 4.8 per cent. This is because of insecurity and unemployment.

In the Happiness Index, according to the United Nations Sustainable Development Solution network, India is ranked at 140th position. It was ranked 117th position during 2015. As far as Security Index of Women is concerned, India is now ranked at 133rd position.

In the Budget, did you say any word about Make in India? Now, you are telling 'Assemble in India'. Who will come and invest in a country where you have divided communal voice?

You have hung a board before the Parliament saying that all PSUs are for sale, including the LIC with attractive offers and huge reduction. Anybody can purchase these PSUs for a small price. You should remember the history of our country. East India Company came to India for trade. But at last our country came under its rule.

(ends)

***श्री पी.पी.चौधरी (पाली):**

---

*Laid on the Table

***डॉ. वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़):**

---

*Laid on the Table

1624 बजे

श्री बृजभूषण शरण सिंह (कैसरगंज): सभापति महोदय, मैं माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत बजट के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। अगर हमें वर्तमान को समझना है तो हमें बीते हुए कल को भी देखना होगा। वर्ष 2009 से वर्ष 2014 के बीच, जब यूपीए की सरकार थी तो उनके बजट में पांच साल के अंदर जो वृद्धि हुई थी, वह 6,44,549 करोड़ रुपये की टोटल वृद्धि हुई थी। वर्ष 2014 से वर्ष 2020 के बीच मोदी जी की सरकार ने जो बजट प्रस्तुत किया है और उसमें जो वृद्धि हुई है, वह 12,42,338 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है।

(1625/CP/SM)

महोदय, मैं अपने भाषण की शुरुआत एक छोटी सी कहानी से करना चाहता हूं। समुद्र के किनारे एक सज्जन टहल रहे थे। उन्होंने देखा कि एक बच्चा, समुद्र की लहर के साथ जब कुछ मछलियां बहकर किनारे आती थीं, तो वह उन्हें पलटकर समुद्र के अंदर फेंक देता था। उन सज्जन से रहा नहीं गया और उन्होंने पूछा कि जब एक लहर के साथ लाखों मछलियां बहकर किनारे पर आती हैं, तो आप ये दो-चार मछलियों को जो फेंक देते हो, इससे क्या फर्क पड़ता है? उस बच्चे ने यह उत्तर दिया कि न आपको फर्क पड़ता है, न मुझे फर्क पड़ता है, लेकिन जिन मछलियों को मेरे कारण दोबारा जीवन मिल जाता है, उन्हें फर्क जरूर पड़ता है।

मान्यवर, मैं थोड़ा सा पीछे चलना चाहता हूं। सन् 1991 में मैं पहली बार सांसद बना और देश की राजनीति को समझने की कोशिश की। हम देखते हैं कि सन् 1984 में राजीव गांधी जी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनी थी। वर्ष 1984 के वर्ष 1989 में चुनाव हुआ, सरकार बनी, लेकिन किसी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला। वर्ष 1989 के बाद वर्ष 1991 में किसी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला, वर्ष 1991 के बाद वर्ष 1996 में किसी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला, वर्ष 1996 के बाद वर्ष 1998 में किसी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला, वर्ष 1998 के वर्ष 1999 में किसी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला और इसी तरह वर्ष 2014 आया। 2014 के पहले, मैं चाहूंगा कि आप इसको अन्यथा न लें, लेकिन देखें कि देश की स्थिति क्या थी? कुछ बुद्धिजीवी लोग कहते थे कि संविधान में कहीं न कहीं कोई दिक्कत है। कुछ लोगों ने यह कहना शुरू कर दिया था कि शायद अब इस देश के अंदर किसी पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार नहीं बनेगी। चिंता होने लगी थी, लोग राजनीति से निराश हो गए थे, राजनीतिक दलों से निराश थे और इसीलिए किसी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला। वर्ष 2014 में चुनाव हुआ। प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में देश की जनता विश्वास करती है और पूर्ण बहुमत की सरकार 32 सालों के बाद बनती है। यह भी अपने आप में बहुत बड़ा परिवर्तन है।

हमारे प्रधान मंत्री जी ने, हमारी सरकार ने देश के सामने जो चुनौती थी, उसको स्वीकार किया और इस भावना के साथ स्वीकार किया –

"है कौन काम ऐसा जग में,
टिक सके आदमी के मग में?
खम ठोक ठेलता है जब नर,
पर्वत के जाते पाँव उखड़,
मानव जब जोर लगाता है,
पत्थर पानी बन जाता है।"

मान्यवर, कुछ लोगों को नहीं दिखाई पड़ता, नहीं समझ में आता और उनको कोई समझा भी नहीं सकता है। जैसे आज सीएए की चर्चा चल रही है, सब कुछ जानते हुए भी समझ में नहीं आता है। किसी ने कहा है कि कोई व्यक्ति सो रहा हो, अगर वह वास्तव में सो रहा हो, तो उसको एक आवाज मारिए, वह जाग जाएगा, लेकिन अगर वह जान-बूझकर सो रहा हो, तो आप चाहे जितनी आवाज मारिए, वह नहीं जागेगा। यही हाल आज हमारे इन मित्रों का हो गया है। ये सब जानते हुए जान-बूझकर सोने का काम कर रहे हैं।

(1630/NK/SPR)

इसलिए मैंने कहा कि इनको नहीं फर्क पड़ता है तो न पड़े, लेकिन आयुष्मान योजना के कारण दस करोड़ परिवारों की जिन्दगी में फर्क पड़ा है, आप इस बात को मान लीजिए, आपको फर्क पड़े या न पड़े। किसान सम्मान निधि द्वारा बारह करोड़ परिवारों को फर्क पड़ा है। मैं इसमें एक छोटी सी बात जोड़ना चाहता हूं। यह मात्र सवाल छह हजार रुपये का नहीं है। मैं गांव से आता हूं और देखता हूं कि पहले छोटे किसान जिनके पास एक बीघा जमीन है या उससे भी छोटा खेत है, उनके खेत में कुछ पैदा नहीं होता है। जिनको जमीन की जरूरत थी, शहर के किनारे बड़े लोग पहुंचते थे और समझाते थे कि इसमें कुछ पैदा नहीं होता है, मुझको दे दो, दो लाख की जमीन है चार लाख रुपये रेट लगा दिए, चार लाख की जमीन है तो आठ लाख रुपये रेट लगा दिए। गरीब आदमी सोचता है कि इसमें कुछ पैदा नहीं होता है तो इस जमीन को रखकर क्या करूं।

मैं प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि इस योजना के कारण गरीब की जमीन बिकनी बंद हो गयी क्योंकि गरीब यह जान गया कि यह जमीन रहेगी तभी हमें इस योजना का लाभ मिलेगा, इसलिए बड़े लोग जमीन बेचने के लिए तैयार हैं लेकिन गरीब आदमी आज की तारीख में जमीन बेचने के लिए तैयार नहीं है। 37 करोड़ लोगों के खाते खोले गए। हो सकता है कि किसी को फर्क न पड़े, लेकिन जिन लोगों का बैंक से रिश्ता बना है उनको फर्क पड़ा है।

इसी लोक सभा के अंदर राजीव गांधी जी प्रधान मंत्री थे। उन्होंने कहा था कि जब मैं एक रुपये भेजता हूं तो पन्द्रह पैसे पहुंचते हैं, उस सच्चाई को उन्होंने स्वीकार किया था। जो हम भेजते हैं वह आम आदमी या जिनके लिए भेजते हैं, उसके पास नहीं पहुंचता है। लेकिन आज डॉयरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के तहत 65 हजार करोड़ रुपये देश के बचे हैं। आज इस बात को सभी स्वीकार करेंगे, कहीं न कहीं उस परंपरा में मंदी आने का काम हुआ है।

आज उज्ज्वला योजना के कारण आपको न फर्क तो न पड़े, लेकिन आठ करोड़ परिवारों की जिन्दगी में फर्क पड़ा है। आज विद्युत के क्षेत्र में यही काम हुआ, मातृत्व वंदना योजना के तहत छह हजार रुपये के कारण भी फर्क पड़ा है।

एक चीज और जिस पर किसी की निगाह ही नहीं जा रही है। पहले हम कोई भी आवेदन करते थे तो हमें एक शपथपत्र बनवाने के लिए कचहरी और तहसील जाना पड़ता था। एक सर्टिफिकेट बनवाने का मतलब पांच सौ या हजार रुपये और कम से कम दो-चार घंटे बेकार हो जाते थे। आज कल्पना कीजिए, इस देश में एक दिन में कितने शपथपत्र बनते थे, एक झटके में उसकी आवश्यकता इस सरकार ने समाप्त कर दी।

इसी प्रकार से हमने 370 और 35 ए समाप्त कर दिए। किसी को फर्क पड़े या न पड़े, लेकिन 1989 में रातों-रात जम्मू-कश्मीर से जिनको भागना पड़ा था, उनको फर्क पड़ा। 42,000 नौजवान जिसकी रक्षा के लिए शहीद हो गए, उनको फर्क पड़ा। इसी तरह से राम जन्मभूमि प्रकरण है। यह मामला इतने दिनों से लंबित था। हमारे विरोधी पूछते थे कि बीजेपी के लोग नारा लगाते हैं कि रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे लेकिन तारीख नहीं बताएंगे। किसी को फर्क पड़ा हो या न पड़ा हो लेकिन जो लोग कई सौ वर्षों से उम्मीद लगा कर बैठे थे, आज उनको फर्क पड़ा है।

(1635/SK/UB)

अब मैं तीन तलाक की बात कहूंगा, कुछ लोग नाराज़ हो जाएंगे। 1984 में राजीव जी की पूर्ण बहुमत की सरकार थी। यहां कानून मंत्री बैठे हैं, शाह बानो को न्याय मिला था, एक महिला को न्याय मिला था। हम जिस लोक सभा क्षेत्र से सांसद हैं, आरिफ मोहम्मद खान, जो आज गवर्नर हैं, कांग्रेस के अच्छे नेताओं में थे। राजीव जी के बड़े करीबी थे, कांग्रेस परिवार के बहुत करीबी थे, लेकिन एक बार सच्चाई उनकी जुबान पर आ गई तो उन्हें कांग्रेस से बाहर का रास्ता देखना पड़ा। आज ऐसी महिलाओं को भी हमने न्याय देने का काम किया है।

राहुल जी, एक टेप चल रहा था- राफेल, राफेल, राफेल। हमें लगता है थोड़ा सा सुप्रीम कोर्ट ने टेप बैन कर दी, अब वह टेप बंद हो गई। अब एक टेप चल रहा है- बेरोजगारी, बेरोजगारी, बेरोजगारी। मैं बड़े खुले मन से पूछना चाहता हूं और कहना चाहता हूं कि यह एक दिन की समस्या नहीं है। हम भी मानते हैं कि बेरोजगारी समस्या है।

“दर्द कौन लेगा यह बताया जाए,
लोग सब चले गए बाज़ार उठाया जाए।
अकेले मेरा गुनाह नहीं है साहब,
अंधेरा बोला - अदालत में रोशनी को भी बुलाया जाए।”

यह एक दिन की समस्या नहीं है। आधे-अधूरे मन से कोई लड़ाई नहीं जीत सकता है। हमारे सामने विपक्ष बैठा है, उसके सामने एक ही दिक्कत है कि वह आधे-अधूरे मन से हर काम करने की कोशिश करता है। इन्होंने हर काम को करने की कोशिश की और इसीलिए समस्याओं का एक अंबार लग गया। माननीय प्रधान मंत्री जी ने आश्वासन दिया है कि इस समस्या का समाधान भी हम ही करेंगे। मुझे विश्वास है, भारतीय जनता पार्टी को विश्वास है कि हम आपका यह टेप भी जल्द बंद करेंगे, यह टेप भी ज्यादा दिन तक चलने वाला नहीं है। यह समस्या हमारी देन नहीं है।

मैं वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट का समर्थन करता हूं और अपनी बात समाप्त करता हूं।

(इति)

***श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावा (बारदौली):**

---

*Laid on the Table

***श्रीमती रंजनबेन भट्ट (वडोदरा):**

---

*Laid on the Table

*SHRIMATI APARUPA PODDAR (ARAMBAG):

*Laid on the Table

***श्री राजू बिष्ट (दार्जिलिंग):**

---

*Laid on the Table

1638 hours

SHRI LAVU SRI KRISHNA DEVARAYALU (NARASARAOPET): Sir, at the outset, please allow me congratulate the hon. Finance Minister for bringing this Budget. Continued focus on important sectors like sanitation, education, water, and manufacturing is welcome. It will continue to keep India on track to achieving its Sustainable Development Goals. We will be eagerly looking forward to the successful implementation of the Sustainable Development Goals. Further, providing the Viability Gap Funding for the setting up of effective warehouses, hospitals and medical colleges and other reformative proposals will encourage private investments and open up the sectors even more.

Sir, there are certain concerns that I am sure we all would have in our minds. First and foremost among them is how the revenue deficit will be addressed. The revenue deficit not only hurts the Central Government but also the States. The devolution of taxes to States is equally hurt.

(1640/KMR/MK)

Adding to this, the 15th Finance Commission has also reduced the devolution to Andhra Pradesh from 4.3 per cent to 4.11 per cent. This has resulted in a loss of nearly Rs.1500 crore.

The estimated fiscal deficit this year is 3.8 per cent of GDP. However, if the extra budgetary borrowings amounting to Rs.1,72,700 crore are included in the calculation, the fiscal deficit would increase to 4.6 per cent of GDP. Similarly, if the extra budgetary expenditure for 2020-21 is taken into account, the estimated fiscal deficit would increase from 3.5 per cent to 4.4 per cent of GDP. I would ask the hon. Finance Minister to clarify whether this has been accounted for or not.

The government has pinned its hope on disinvestment to arrange for funds. In the financial year 2019-2020 the government has targeted a disinvestment of Rs.1,05,000 crore. Instead it was able to achieve a disinvestment of only Rs.65,000 crore. In the coming year the government has planned to raise Rs.1,20,000 crore through disinvestment. We are eagerly waiting with high hopes that the Government meets its target this time without actually letting go out of its prized jewels.

While it is appreciable that the bank deposit insurance has been increased to Rs.5 lakh from the previous Rs.1 lakh level, there are many issues to be

sorted. The repo rate has been reduced to 5.15%, the lowest in nearly a decade. Even this has failed to translate into increased number of loans to industries, especially the MSME sector.

GST collection between April and November fell short by 40 per cent and it is likely to be lower than the growth target of 25 per cent. The slow pace at which GST dues are transferred to the States has been troubling, especially so in the case of Andhra Pradesh which already had a deficit revenue due to the bifurcation. A mechanism needs to be developed for speedy disbursement of the revenue to the States.

Coming to agriculture, the PMKISAN scheme which had promised so much has delivered little. The budget allocation has remained constant. Until now only Rs.43,000 crore have been distributed out of Rs.75,000 crore. The actual distribution of funds has been extremely low as compared to the budget allocation. The delay in reaching out to farmers hurts their livelihood. We need to find the reason for these delayed payments and the lack of full disbursement of the funds. We are coming up with the new scheme PMKUSUM wherein we are going to give solar panels to the farmers. If we cannot find the farmers to actually disburse funds under PM-KISAN, it will be very difficult to actually deliver the PM-KUSUM scheme.

I would like to bring to your attention that under the YSR Rythu Bharosa scheme that is being implemented in Andhra Pradesh, 46 lakh farmers are being provided an input assistance of almost Rs.13,500 annually. The government must consider increasing the budget allocation under PM-KISAN for Andhra Pradesh which has successfully extended this scheme to the actual tiller of the land.

The budget allocation for PM Fasal Bima Yojana has increased only marginally by Rs.1700 crore to Rs.15,700 crore. Considering the farm distress prevailing in India the government should hike the budget allocation for the scheme.

The primary concern of successive Governments has been to double farmers' income. For this to happen, there must be a comprehensive plan to tackle the issue. The main source of their supplementary income is livestock and dairy. This income too is under threat and diminishing every day. The lack of adequate fodder has resulted in lower milk production and malnutrition amongst

the livestock. We are neither importing nor producing sufficient fodder. According to a Cornell University study, a deficit of 65 per cent of green fodder and 25 per cent of dry fodder is expected for Indian livestock by 2025.

Sir, the revised estimate for the MGNREGA programme has already overshot the 2019-20 budget estimate by Rs.11,000 crore. Yet, the allocation for the programme for the coming financial year is pegged at Rs.61,500 crore. I would hope and also recommend that in light of the slowdown of the economy and the current high rate of employment, the Government would consider increasing allocation for the programme. It should also ensure that pending dues are cleared with immediate effect and funding for the same is ensured on time.

It was good to see that the Government will create warehousing and build a seamless national cold supply chain for perishables through PPP arrangement. However, the details of the same are not clear. I would really appreciate if the details are spelt out clearly.

The Government has increased the allocation for education to Rs.99,300 crore. However, at this rate, the six per cent GDP allocation by 2022 seems distant. The New Education Policy has sought to introduce many new ideas and innovations. It is apparent that to properly implement the New Education Policy the budgetary allocation would have to be at least three per cent of the GDP.
(1645/SNT/YSH)

The hon. Finance Minister in her speech had also stated that she would like to have world-class institutions. However, building is easy but staffing them with quality faculty and providing state-of-the-art resources requires adequate long-term funding.

I would also like to take this opportunity to bring to your attention that the Andhra Pradesh Government has initiated two schemes. One is Amma Vodi and the other one is Nadu-Nedu. Through Amma Vodi scheme, we are giving Rs.15,000 to the mother every January. We have reached out to 43 lakh mothers. Through Nadu-Nedu programme, we are refurbishing almost 15,715 schools. These are shared goals and cooperation between the Centre and the State which would ensure the success of these schemes while, at the same time, reducing the fiscal burden on Andhra Pradesh. I would hope the Finance Minister will try to support us.

I would also like to urge the Government to keep its promise of setting up of 12 national institutes in Andhra Pradesh. Currently, a paltry sum of Rs.2,209 crore have been sanctioned for only 7 institutes and out of this, only Rs.1,020 crore have been released. I hope the Government will release funds according to what was mandated.

Along with education, healthcare too needs to be given due importance. The Government has increased the budget allocation by just 5 per cent. The Government had a target to allot 2.5 per cent of GDP to healthcare by 2025. But in light of the 15 per cent healthcare inflation in India, this target would be difficult to achieve without higher allocation. It is good that the Government seeks to empanel 20,000 hospitals in the aspirational districts. But I hope that it will also address the dues already owed to empanelled hospitals amounting to nearly Rs.1,600 crore.

While we are in the midst of this slowdown, the Government must lend a hand to struggling industries. The overall credit gap in the MSME sector is estimated to be Rs.20-25 lakh crore; and this is despite the fact that the sector accounts for 111 million jobs, over 40 per cent of exports, and 28 per cent of the GDP. The NBFCs need to be bolstered to ensure that adequate credit is available in the market, especially for the manufacturing sector.

The hon. Finance Minister pointed out that India imports significant quantity of technical textiles worth 16 billion dollars every year. In a bid to reverse this, the Government has allocated nearly Rs.1,500 crore for the mission. Such initiatives are very much welcome. However, I would also urge the Government to consider its allocation to the Ministry of Textiles. The Ministry has been allotted a meagre sum of Rs.3,500 crore. In fact, the allocation for the Ministry of Textiles has fallen by Rs.1,300 crore. Weavers and textile industries across the country are facing stiff competition of cheap imported products from Bangladesh and Vietnam. The Textile industry in India is the second largest employer in the country.

The hon. Minster of Textiles is also here. She is very much aware of it. I hope, she will take it up with the Finance Ministry. It is a 100 billion dollar industry, which provides employment to 45 million people directly and 60 million people indirectly in India. I do not have to give these details. But I hope the Textile Ministry will be taking care of it. I hope it will be taken care of and extra

infusion will be done because it is very personal to me. We have the highest number of textile mills, ginning mills, and spinning mills in my district. I hope the hon. Minister will take care of them. I hope things will be sorted out.

The hon. Finance Minister has allocated Rs.103 lakh crore for the National Infrastructure Pipeline and has covered 6,500 projects under it. This is an ambitious and commendable target that will spur desperately required growth and employment. The past record of this Government has been admirable, however, there are still many projects that have been delayed. For example, Bharatmala Project, Sagarmala Project, River-Linking Projects and construction of inland waterways have all been delayed. It would also benefit the Members of this House if the hon. Minister would elaborate in greater detail how the Government intends to implement the PPP model and provide viability gap funding.

I would also urge the hon. Minister to include the projects from Andhra Pradesh which require Government funding within the National Infrastructure Pipeline. Many of these projects were promised under the AP Reorganization Act but still have not been delivered by the Central Government.

Firstly, the Polavaram Project is the lifeline of a successful Andhra Pradesh. It has also been declared as a national project. The Government of Andhra Pradesh has incurred an expenditure of Rs.11,860 crore on the Polavaram National Project as of 4th January, 2020. Furthermore, the Revised Cost Estimate of Rs.55,548 crore was cleared by the Technical Advisory Committee of Ministry of Water Resources. However, it is still pending approval with the Revised Cost Committee.

(1650/GM/RPS)

Secondly, the Government of Andhra Pradesh has taken an ambitious plan to create a water grid to supply 45 litres of clean drinking water to each household. I hope this will be taken care of. Another assurance in the Andhra Pradesh Re-organisation Act was establishing integrated steel plant in YSR district. We have been promised four smart cities at Visakhapatnam, Tirupati, Amaravati and Kakinada with a budget of Rs. 9,000 crore. I hope the fund will be released soon. I also hope that the Central Government will push for the growth of Visakhapatnam-Chennai corridor and also release funds for the crucial Amaravati-Anantapur Expressway.

I would like to reiterate that the Government of India in its wisdom bifurcated Andhra Pradesh and the former Prime Minister had assured us that the special category status would be given to the residual State. The overall financial position of Andhra Pradesh is very precarious and the only way to bring the State out of financial crisis and attract investment and provide a level-playing field is by granting the special category status to it. Therefore, I would request the hon. Prime Minister to grant Andhra Pradesh special category status and I request the hon. finance Minister to provide adequate funding to Andhra Pradesh. I hope these concerns will be addressed. With this, I wish the Government all the best for its endeavour and I hope it will take into consideration these concerns. Thank you.

(ends)

1652 hours

SHRI NAMA NAGESWARA RAO (KHAMMAM): Hon. Chairperson, thank you for giving me the opportunity to speak on the Union Budget 2020-21. The Budget was presented in the backdrop of the overall slowdown in the Indian economy. The GDP growth in 2019-20 was expected to be below five per cent. It is lowest in last 12 years. In such a backdrop, it was expected that the Union Budget 2020-21 would propose bold steps to address the decline in investment and announce a series of structural reforms to revive the growth of the country and address the problem of rising unemployment in the country. The Budget failed to provide any kind of stimulus required for reviving the economy. The target of disinvestment is Rs. 2.10 lakh crore. It is very ambitious. In the last year, the actual figure has been only Rs. 18,000 crore till today. So, I would advise the Government to keep the targets realistic and achievable. A lot has been talked about agriculture and allied sector but the allocation is only Rs. 1.55 lakh crore. Doubling the farmers' income by 2020 is one of the key targets for this Government. But it requires a minimum growth rate of 15 per cent per annum for the farmers' real income for next three years; then only we will be able to achieve this target. अभी हमारे तेलंगाना में केसीआर साहब फार्मर्स को सपोर्ट करने के लिए प्रति एकड़ 10,000 रुपये रायतु बन्धु योजना में दे रहे हैं। उसके बाद सेंट्रल गवर्नमेंट भी 6,000 रुपये दे रही है। हम डिमाण्ड कर रहे हैं कि जिस तरह से तेलंगाना में किसी के पास पांच एकड़ जमीन आने से उसके पास 50,000 रुपये आ जाते हैं, इधर पांच एकड़ के लिए 1000 या 1100 रुपये आते हैं, इसलिए किसानों की डबल इनकम एचीव करने के लिए हमें प्रति किसान को प्रति एकड़ 10,000 रुपये देने चाहिए। इसके साथ सरकार का टारगेट है कि 2024 तक इकोनोमी को पांच ट्रिलियन यूएस डॉलर तक ले जाना है। For achieving this, continuously you need a growth rate of 16 per cent. But the present growth rate is below 5 per cent. How will it be achieved? There is no proper roadmap in the Budget. In the Budget paper, it was mentioned that ours is the 5th largest economy. पूरे हाउस को यह बात सुननी चाहिए, यह बात मैं इस लिए बोल रहा हूं, क्योंकि यूएसए की इकोनोमी 21.3 ट्रिलियन यूएस डॉलर है, लेकिन उनकी पॉपुलेशन केवल 30 करोड़ है। China's economy is worth USD 14.1 trillion and their population is 130 crore. जापान का 5.2 ट्रिलियन यूएस डॉलर, जर्मनी का 3.2 ट्रिलियन यूएस डॉलर and the present Indian economy is only worth USD 2.9 trillion whereas our population is 130 crore. Even Japan and Germany are almost the size of the State of Maharashtra.

(1655/IND/RK)

Coming to the realistic figure, India's GDP per capita हमारी रैंकिंग वर्ल्ड में 145 नम्बर पर है। हम यहां अपने को पांचवें नम्बर पर बता रहे हैं। हमारी रैंकिंग 185 देशों में से 145 नम्बर पर है। हमें इस बात को ध्यान में रखना चाहिए कि हम कितना पीछे हैं। मैं यह डेटा आईएमएफ के बता रहा हूं।

Coming to the recommendations of the 15th Finance Commission, the tax devolution to States has been reduced from the existing 42 per cent of the divisible tax pool to 41 per cent. Never before in the history of the Finance Commission the tax share to the States has been reduced. For the first time it has been done on the plea of giving this one per cent share to Jammu and Kashmir. The Central Government should give

money from its own pocket. Why do you want to give the other State Governments' share to Jammu and Kashmir? We do not mind giving one per cent share to Jammu and Kashmir but that should be given from the Central Government pool and not from the State Government pool.

With regard to the 15th Finance Commission, from the beginning we have been demanding not to take 2011 census as the base year of computation. We had been requesting to take into consideration 1971 census as the developing States are being affected because of this formulation. डेवलपिंग राज्यों पर इस कारण प्रभाव पड़ रहा है। इसके बारे में दोबारा सोचें। इसकी वजह से तेलंगाना को 2383 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है, इसको जरूर कम्पनसेट करें। We would once again request the hon. Prime Minister, as also the hon. Finance Minister, to intervene and do justice to the State of Telangana and other Southern States. All Southern States have been affected due to the 15th Finance Commission.

The GST Act clearly says that the States which register less than 14 per cent growth rate due to GST implementation, would be compensated for five years. उसके लिए कम्पनसेट नहीं कर रहे हैं और तेलंगाना 5 हजार करोड़ रुपये की पेमेंट बाकी है। प्रश्न काल में मंत्री जी ने कहा था कि दो साल में दे देंगे।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CORPORATE AFFAIRS (SHRI ANURAG SINGH THAKUR): Not two years, two instalments.

SHRI NAMA NAGESWARA RAO (KHAMMAM): Thank you, Mr. Minister.

DR. K. JAYAKUMAR (TIRUVALLUR): Sir, I have only one point to make. You will agree with me. I want to mention about disinvestment. What is this Government going up with? Why are you going in for disinvestment? You do not have money. You are bankrupt. You do not have money to spend.

HON. CHAIRPERSON: Now, Shri Anubhav Mohanty.

DR. K. JAYAKUMAR (TIRUVALLUR): You are disinvesting to spend money. Otherwise, you will not go for the LIC. The Congress Government also did it but we were selling sick industries. We were selling breadmaking companies. The Government's duty was not to make bread. But here you are going to sell LIC, a company which is making crores and crores of rupees. Rs.14,000 crore is the

profit of that company today, and you are selling that company. What is the reason to sell this company? I will tell you the reason.

HON. CHAIRPERSON: Please do not explain all this.

DR. K. JAYAKUMAR (TIRUVALLUR): It is because the private parties are going to take part in it and in the later phase, it will slip into the hands of the private parties, and that is an illegal means that you are trying to do.

HON. CHAIRPERSON: Jayakumar Ji, if you can conclude, conclude it now.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: No, you are going further. Now, Shri Anubhav Mohanty.

… (*Interruptions*)

(1755/VR/MY)

HON. CHAIRPERSON: Anubhav, please hold for a second.

....(Interruptions)

HON. CHAIRPERSON: You please finish your speech with concluding remarks. You are going to talk about the new subject.

DR. K. JAYAKUMAR (TIRUVALLUR): It is going to give a spiralling effect to the economy. Your disinvestment will not help in the development of the economy. On the contrary, the disinvestment of Railways and other Public Sector Undertakings will affect about 1.3 million employees, who are there. *....(Interruptions)* What solution are you giving to the employees? *....(Interruptions)*

(ends)

1756 बजे

श्री अनुभव मोहंती (केन्द्रपाड़ा): सर, लोक सभा में आने के बाद बजट में यह मेरा पहला पार्टिसपेशन है। मैं बीजू जनता दल से हूं और जो भी बोलूंगा, वह बीजू जनता दल की तरफ से बोलूंगा। Till today, the Biju Janta Dal (BJD) has been an example for all. जब भी कोई सरकार केन्द्र में रही है, अगर कोई अच्छी चीज आई हो, अच्छा बिल आया हो, अच्छा बजट प्रस्तुत पेश किया गया हो तो हमने उनकी सराहना की है। लेकिन जब कभी भी कोई लूपहोल्स रहा हैं या किसी सेक्टर को गवर्नमेंट ने इग्नोर किया है तो हमने उनको वह चीज भी बतायी है।

सर, जब राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को ऐड्रेस किया गया था और आज भी जब बजट पर डिस्कशन हो रहा था तो हमारे सीनियर श्री महताब जी ने बजट के ऊपर कुछ अच्छा भी कहा था। मैं उनकी तरह अच्छा बोल नहीं पाऊंगा, but whatever I speak will be from my heart and will be genuine, and I hope these are the points which hardly any Member would have touched upon in this Session. Sir, I will request you to give me a little more time.

Sir, the current limit for loans by banks for studying abroad is Rs.7.5 lakh which is nowhere close to the cost of the education. The high education costs are making it hard for students to pursue higher studies in good colleges both in India and in foreign Universities.

सर, हम एक ऐसे देश में रहते हैं, जहां पर एजुकेशन लोन पर इंट्रेस्ट बहुत ही ज्यादा होता है। अगर हम इसको कार लोन से कम्पेयर करें तो कार लोन का इंट्रेस्ट उससे कम है। उसके साथ ही लाखों डिस्काउन्ट्स भी मिलते हैं। When education is considered to be the backbone, if you want to be a developed country and the intention is genuine, I would request the Government that the interest on education loan should be the lowest in comparison to any other loans in India. अगर उसे जीरो करें तो और भी अच्छी बात है। अगर एजुकेशन लोन को इंट्रेस्ट फ्री किया जाए तो अच्छी बात है।

My next point is related to farmers. The farmers, who have been identified by Pradhan Mantri Kisan Scheme or any other scheme by different States, I would request that the Government should exempt them from road toll tax. मैं रिक्वेस्ट करूंगा कि किसानों को पूरे भारत में रोड टोल टैक्स से फ्री किया जाए because they feed our nation. They themselves are unable to meet basic necessities of life. Taxing them is against the ethics and moral principles of our country's rich culture and conscience.

HON. CHAIRPERSON: Anubhav ji, please be seated. The hon. Minister wants to make an intervention.

सदन का समय बढ़ाए जाने के संबंध में

1758 बजे

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल): चेयरमैन सर, अभी कई स्पीकर्स बोलने वाले हैं, इसलिए मेरा अनुरोध है और अगर हाउस एग्री करें तो 9 बजे तक हाउस का समय बढ़ा दिया जाए।

HON. CHAIRPERSON: I want to say that we have to conclude the discussion on the Union Budget by today because the hon. Minister has to reply on it tomorrow. If the House agrees, we will extend the time up to 9 o'clock. After that, we will see whether it needs to be extended further. Suppose, there is no speaker left to speak on the Union Budget, then we need not have to extend the time further. For the time being, it will be extended up to 9 pm.

GENERAL BUDGET – GENERAL DISCUSSION – Contd.

SHRI ANUBHAV MOHANTY (KENDRAPARA): Thank you very much, Sir. As time of the House is extended, I feel I will get some more benefit out of it. *....(Interruptions)*

Sir, a study has revealed that more than 71 per cent of senior citizens in our country face harassment and humiliation by their own family members, relatives or children. गवर्नमेंट ने सीनियर सिटीजन्स को प्रोटेक्शन देने के लिए तथा उनके सेफगार्ड के लिए बहुत सारे लॉज लाए हैं। But I want to propose that senior citizens clubs should be there in every single district of India where we can provide them lifetime membership for indoor and outdoor games, auditorium for their events, entertainment zone, lawns, fitness zone, old age friendly restaurants and doctors available for 24 hours a day.

(1800/SAN/CP)

Sir, they must also be provided the facility of *tirth yatras* at State expenses, like our Government at State level in Odisha does. I will speak in Oriya a few lines in-between my entire speech.

*[Sir, Odisha Government has a scheme for pilgrimage of senior citizens. The Government of Odisha provides the facility for senior citizens in the age group 60-75 years.]

This facility can be availed of by senior citizens in the age group 60-75 years. While the pilgrims from Below Poverty Line, BPL, categories can avail of one hundred per cent concessions under the scheme, the non-BPL pilgrims, except income tax payees, in the age group 60-70 years, can avail of 50 per cent concessions and those above 70 and up to 75 years can get 70 per cent concession.

In this year's Budget, there is no provision or no special allocation for animals, apart from cattle, specifically provided. There must be separate Budget allocated for the upgradation of veterinary hospitals all over India. There must also be provided encouragement to veterinary doctors by enhancing their pay-scales and other benefits so that they are encouraged to pursue this noble profession with zeal.

---

* Original in Odiya

Sir, inclusion of OBCs in Census 2021 must be done on priority by the Government as my Party, BJD, and my leader, Shri Naveen Patnaik, have always been saying that the census should reflect a definite population in India and the Government should allocate Budget for their development and bring them into the mainstream of the country. This has been a long-standing demand of the State Government of Odisha and I would request the Government to consider this.

Sir, I am from film fraternity. यह एक बहुत जरूरी मुद्दा है, जो मैं केंद्र सरकार को यहां बताना चाहूंगा कि फिल्म इंडस्ट्री सिर्फ बॉलीवुड, टॉलीवुड या मॉलीवुड को नहीं बोला जाता है। There are so many regional film industries जिन फिल्म इंडस्ट्रीज़ में एक फिल्म को बनाने के लिए 1 करोड़ रुपये भी बहुत ज्यादा होते हैं। So, GST and other taxes have become a burden on these industries. यह इंडस्ट्री शट-डाउन होने की कगार पर है। So, I request the hon. Finance Minister to completely remove the GST on regional film industries. At the same time, India is rich in art and culture, and is having technicians and artistes, जो अपनी पूरी जिंदगी को डेडीकेट करते हैं, सैक्रीफाइस करते हैं, दूसरों के एंटरटेनमेंट के लिए, दूसरों को हंसाने के लिए, दूसरों के माइंडसेट को थोड़ा सा रिलैक्सेशन देने के लिए। मैं चाहूंगा, यह सरकार भी जानती होगी और वे मानेंगे कि ऐसे बहुत कलाकार हैं, बहुत से टेक्नीशियंस पूरे भारत में हैं, जो भुखमरी से मरते हैं। They die out of hunger. उनके पास कुछ खाने के लिए पैसा नहीं होता है। इंडिया में ऐसा भी इन्स्टैंस है कि बहुत मुश्किल से अगर उनका परिवार कुछ पैसा इकट्ठा करके उनको अस्पताल में भर्ती कराते हैं, ट्रीटमेंट कराने की कोशिश करते हैं और अगर वे हॉस्पिटल में ट्रीटमेंट के दौरान गुजर जाते हैं, तो उनकी डेडबॉडी को भी फ्री करके वहां से लाने के लिए उनके पास पैसे नहीं होते हैं। So, the Government must have a special Budget for payment of pension to these artistes and these technicians who have sacrificed their entire lives to entertain us and to give a smile on our faces.

Sir, Odisha is known for its susceptibility to recurring cyclones and natural calamities almost every single year. मैंने कुछ दिन पहले भी इसके बारे में बोला था that building resilient electricity transmission and distribution network in the coastal belts of Odisha will help in avoiding the recurring cost of re-building such damaged infrastructure due to such calamities.

*[Sir, our Party BJD under the able leadership of Shri Naveen Patnaik has been demanding a special category status. We were not given any such status by the NITI Aayog. Later on also, we kept on demanding and we have been

* Original in Odiya

requesting the Central Government to accord to such status to the State of Odisha.]

Now, our demand is for a special focus State status and we are not begging for this status life-long. ओडिशा को सिर्फ तीन साल स्पेशल फोकस स्टेट स्टेटस दिया जाए और हम पूरे देश को दिखा देंगे कि ओडिशा पूरे भारत में एक नंबर राज्य है। हमारी क्षमता उतनी है। पिछले सालों में हमने दिखाया है कि किस तरह से, किस ढंग से हमने हॉकी वर्ल्ड कप को होस्ट किया, किस तरह से एशियन गेम्स को होस्ट किया। आज इंडियन हॉकी टीम के सीने पर ओडिशा लिखा हुआ है, तो ओडिशा का एक सिटिजन होने के नाते मुझे इस चीज को लेकर गर्व होता है। मेरी इतनी ही रिक्वैस्ट है कि गवर्नमेंट इसको कंसिडर करे, हर बार की तरह इस बार इग्नोर न करे।

(1805/NK/RBN)

It is because our demands are very genuine. We are not begging before anyone. Railway projects meant for Odisha are pending for a very long time. There are no new railway projects for railway connectivity in Odisha apart from the Gopalpur-Sambalpur project. This Budget has disappointed us a lot. इस बार कोई नया रेलवे प्रोजेक्ट सैंक्शन नहीं हुआ है, जबकि हमारी डिमांड थी पुरी-कोर्नाक, बरगढ़-नुआपाड़ा, जाजपुर-अरडी धामरा, चकुलिया-बुरामारा, गुनपुर-थरुबली *[Sir, not a single railway line has been announced for Odisha this year. In my own constituency Kendrapara also, people are yet to get the services of the Railways even after so many years of Independence. Hon. Minister of Railways had promised us that by February 2020 railway line will be commissioned for my area and trains will run. Through you, I would like to request the hon. Finance Minister to kindly complete the work of long-pending railway lines. The State Government is providing free land and is prepared to bear fifty per cent of the expenditure. Despite all these, if the requisite work does not get completed, it is a matter of great regret.]

I would request you to please do it. Mobile network connectivity and bank services are some of the things on which I would like to speak. …(*Interruptions*) Two more points and I will conclude.

HON. CHAIRPERSON (SHRI N.K. PREMACHANDRAN): You please put your demands and conclude.

SHRI ANUBHAV MOHANTY (KENDRAPARA): I will make just two demands.

---

* Original in Odiya

I would also like to propose setting up of universities for the paramedics. There must be proper training of all paramedics for the use of equipment for MRI, CT scan, x-ray, blood test, and many such examinations that are done before, in-between the doctor's treatment or even after the treatment. This shall ease the work of doctors. हमारे देश में डॉक्टर के नम्बर की समस्या है, उसको यह बहुत मायने में कम करेगा।

HON. CHAIRPERSON: No explanation please.

SHRI ANUBHAV MOHANTY (KENDRAPARA): So, I request you to kindly consider this request and let Odisha be the first place to have such university or training centre at the national level.

My last point is this. मुझसे सारे एमपी एकमत होंगे, जब हम एमपीलैड की बात करते हैं, When it comes to MPLADS funds, since 2011 It has been stalled at Rs. 5 crore per year. On top of it, there are many other things in that, like the GST.If I cite my own example, I represent seven Assembly constituencies. पांच करोड़ रुपये अगर मैं हर असेम्बली में इक्विली बांटू तो भी एक करोड़ रुपये नहीं होता है। That MPLADS funds cannot be spent properly. There is no infrastructural development which can really serve the people. So, I would request and urge upon the Government to kindly consider this long-term demand. I believe all MPs will agree with me on this.

I will conclude by making a mention about the MSMEs. एमएसएमई के अंदर जो भी इंडस्ट्रीज होती हैं, उसमें लैंड इडको की तरफ से देते हैं या कोई गवर्नमेंट आर्गेनाइजेशन की तरफ लीज पर लोन देते हैं। अगर लीज से आगे बढ़कर गवर्नमेंट उसको फ्री-होल्ड दे तो उनके लिए बहुत ही अच्छी सुविधा हो जाएगी। यह ज्यादा लोन लाने और उसको एक्सपैंड करने के लिए होगा, इस फ्यूचर जेनरेशन की फैमिली इंडस्ट्री के ऊपर डिपेंड करती है। इसके ऊपर इम्पलायमेंट डिपेंड करता है, एक राज्य या एक देश डिपेंड करता है, उसके लिए सुविधा हो जाएगी।

I request the Government to kindly think of it. एक क्राइटेरिया को रखिए, कुछ पाइंट्स रखिए, दस सालों से जो इंडस्ट्री अच्छा रेवेन्यू जेनरेट कर रही है, अच्छा इम्पायमेंट दे रही है, उसको फ्री-होल्ड लैंड दी जाए। This would be a great help. Thank you for giving me this opportunity to speak on the Budget.

(ends)

1809 बजे

श्री अर्जुन सिंह (बैरकपुर): माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, धन्यवाद। मैं सबसे पहले माननीय प्रधान मंत्री जी और माननीय वित्त मंत्री जी को धन्यवाद दूंगा। माननीय प्रधान मंत्री जी के मार्गदर्शन मे वित्त मंत्री जी ने जिस तरह से देश के गांव, गरीब, किसान, मध्यम वर्ग, पिछड़ा वर्ग, छोटे और मंझोले व्यापारी को ध्यान में रखकर बजट बनाया है। दुध, मत्स्यपालन और पशुपालन के क्षेत्र में एक संतुलित बजट लाने की कोशिश की गई है जोकि वर्ष 2020-21 में भारतवर्ष के लोगों के लिए सुविधा लाएगी।

मैं एक बात कहना चाहूंगा कि माननीय वित्त मंत्री जी यहां उपस्थित हैं। एक अजीब माहौल देश के अंदर बनाने की कोशिश की जा रही है। हर दूसरे व्यक्ति के सामने यह बात लायी जाती है कि भारतवर्ष में मार्केट की अवस्था बहुत खराब है, बिजनेस चौपट हो गया है, धंधा खराब हो गया है। पिछली सरकार के पाप को इस सरकार को धोना पड़ रहा है।

(1810/SK/SM)

पिछली सरकार ने पाप किए, जिनकी औकात नहीं है दस रुपए लोन लेने की, उनको सौ-सौ करोड़ रुपये का लोन मिल गया, दो-दो सौ करोड़ रुपये का लोन मिल गया। सौ करोड़ की फैक्ट्री लगाने की जगह 400 करोड़ रुपये का लोन लिया और आज स्थिति यह है कि वह लोन चुकाने की स्थिति में नहीं हैं। कारखाने बंद हो गए और कारखानों में लोगों को काम नहीं मिल रहा है। उनका जो पाप 32 साल का है, मिली जुली सरकार का पाप हम लोगों को देखना पड़ा रहा है कि जहां भी जाइए, हर समय इस तरह का वातावरण दिखाई देता है।

सुबह चर्चा हो रही थी कि इंजीनियरिंग कॉलेजों में छात्रों की संख्या कम हो रही है, छात्र नहीं जा रहे हैं। इसका सबसे महत्वपूर्ण कारण है, मैं बंगाल से आता हूं। बंगाल की स्थिति यह है कि पिछले नौ-दस साल से घर में ही इंजीनियरिंग कॉलेज खुल गया है। दस कम्प्यूटर लगा दिए और उसे इंजीनियरिंग कॉलेज की मान्यता मिल गई, कोटा मिल गया, सर्टिफिकेट मिल गया। इस तरह की व्यवस्था पिछली सरकारों ने की है कि जिस कॉलेज का दिल्ली में नाम भी नहीं है, एक वहां के सांसद हैं, उन्होंने वहां से सर्टिफिकेट लेकर इलैक्शन के लिए एफिडेविट दिया है कि उन्होंने एमबीए किया है। इस तरह का एक चक्र चल रहा है। इसके अगेंस्ट मामला भी हुआ है, वर्तमान में यहां सांसद भी हैं। उनके अगेंस्ट दिल्ली में कोर्ट में मामला चल रहा है।

मैं पश्चिम बंगाल से आया हूं। इसे किसी जमाने में जूट उद्योग का मेनचेस्टर कहा जाता था। माननीय प्रधान मंत्री जी ने यूएन के पटल पर विश्व को संबोधित करते हुए भारत को प्लास्टिक मुक्त बनाने में अग्रणी भूमिका निभाने की बात कही थी। पहले मार्क्सवादियों की सरकार थी, अब यहां तृणमूल सरकार है। पश्चिम बंगाल में जूट मिलों की स्थिति यह है कि जूट के लिए एक शब्द सोचना भी इनके लिए गुनाह है। भारत सरकार सारे जूट प्रोडक्ट खरीद रही है। राज्य सरकार की तरफ से कोई सहयोग न मिलने की वजह से पीएफ, ग्रेच्युटी, ईएसआई इतना डिफॉल्टर है कि कर्मचारियों की सिर्फ ग्रेच्युटी का ही 200 करोड़ रुपया बाकी है। पीएफ में वर्कर का पैसा काट लिया जाता है लेकिन जमा नहीं होता है। ईएसआई का पैसा जमा नहीं होता है। ईएसआई में करोड़ों अरबों रुपया है लेकिन

राज्य में मालिक बनकर राज्य सरकार बैठी है। अस्पताल में चले जाइए, अगर आज पैर टूट गया है तो दस दिन बाद एक्स-रे होगा क्योंकि डॉक्टर नहीं हैं। इसकी देखरेख राज्य सरकार का लेबर डिपार्टमेंट करता है। जूट उद्योग से लोग पलायन कर रहे हैं, जबकि यहां जूट उद्योग अच्छा चल सकता है।

कुछ वर्ष पहले भारत का जूट उद्योग विश्व रैंकिंग में अव्वल था, जबकि आज बांग्ला देश है। छोटा सा देश हमें टक्कर दे रहा है। सारा एक्सपोर्ट का काम बांग्लादेश कर रहा है क्योंकि वहां लेबर कम्पोनेंट सस्ता है, पीएफ, ईएसआई का कोई झमेला नहीं है। मैं माननीय वित्त मंत्री से कहूंगा कि जो जूट उद्योग को आर्डर देता है, वहां से जिस पैसे की पेमेंट होती है, पीएफ और ग्रेच्युटी डायरेक्ट वर्करों को दी जाए, जिनकी बकाया है। माननीय प्रधान मंत्री जी कपड़ा ट्रस्ट में गए थे, इसका नामकरण भी श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर किया था। उन्होंने 500 करोड़ रुपये पेंशन के खाते में दिये ताकि जो पुराने लोग हैं उनको पेंशन दी जाए। बंगाल के जूट उद्योग में अगर डायरेक्ट पैसा काटकर श्रमिकों को दिया जाए तो वहां के श्रमिक बच जाएंगे, इंडस्ट्री बच जाएगी। जूट उद्योग ऐसा उद्योग है जिसमें 40 परसेंट श्रमिकों की कमी है, क्योंकि जूट मिल में लोग काम करने नहीं जाते हैं।

(1815/MK/SPR)

पश्चिम बंगाल की सरकार के बारे में मैं क्या बताऊं, यहां पर हमारे प्रधान मंत्री जी और वित्त मंत्री जी ने इस बार मत्स्य उत्पादन में बहुत ज्यादा ध्यान दिया है। बंगाल में सबसे ज्यादा लोग मछली खाते हैं, बंगाल में सबसे ज्यादा मछली का उत्पादन होना चाहिए, लेकिन सारा तालाब इन लोगों ने भर कर बेच दिया।

मैं रेलवे की बात करना चाहता हूं। मेरा एक प्वाइंट है। मैं बैरकपुर से आता हूं। हमारे बगल में माननीय सांसद सौगत राय जी हैं, इनके तीन विधान सभा क्षेत्र पड़ते हैं। जब केंद्र में टीएमसी के रेल मंत्री थे, उसी समय से दक्षिणेश्वर-बैरकपुर मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के लिए दो हजार साठ करोड़ रुपये पड़े हुए हैं, लेकिन आज तक राज्य की सरकार ने जमीन नहीं दी, जिसके कारण वह मेट्रो रेल प्रोजेक्ट पूरा नहीं हो पा रहा है। …(व्यवधान) वहां पर जिस तरह से ये लोग रेलवे की जमीनों को पब्लिसिटी करके ऐड दे रहे हैं और बोल रहे हैं इसमें पट्टा देंगे, लेकिन रोहिंग्या को लाकर बसाया जा रहा है। वहां रेलवे की जमीनों को, केंद्र सरकार की जमीनों को, राज्य सरकार एडवर्टाइजमेंट देकर बेच रही है।

माननीय सभापति (श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन): अब समाप्त कीजिए।

श्री अर्जुन सिंह (बैरकपुर): बजट में जिस प्रकार से एक भावना बनाकर लोगों को बरगलाया जा रहा है, पश्चिम बंगाल की जो स्थिति है, मैं मोदी जी को धन्यवाद दूंगा और एक बात कह कर अपने वक्तव्य को समाप्त करता हूं –

“हयात ले के चलो, कायनात ले के चलो,
चलो तो सारे जमाने को साथ ले के चलो।”

(इति)

1817 बजे

SHRI M. SELVARAJ (NAGAPATTINAM):

{For English translation of the speech
made by the hon. Member,
Shri M. Selvaraj in Tamil,
please see the Supplement. (PP 458A to 458D)}

1826 बजे

श्री प्रिंस राज (समस्तीपुर): सभापति जी, आज आपने मुझे बजट पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

सबसे पहले मैं आदरणीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और फाइनेंस मिनिस्टर श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को धन्यवाद दूंगा कि उन्होंने इतना अच्छा बजट प्रस्तुत किया है। मैं इस बजट का स्वागत करता हूं और इसके समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। इस बजट में किसान, शिक्षा प्रणाली, नए टैक्स स्लैब, ओबीसी, एससी और एसटी लोगों के लिए जो बजट एलोकेट किया गया है, वह बहुत ही सराहनीय है। नए भारत और मजबूत इकोनोमी के लिए जो फाउंडेशन तैयार की गई है, मुझे पूरा विश्वास है कि इससे बहुत मदद मिलेगी।

सर, हर साल जब बजट आता है, आम आदमी होने के नाते जब कोई टी.वी. खोलकर देखता है, तब उसकी नजर ज्यादातर एक चीज पर होती है कि जितनी हमारी आमदनी है, उस पर कितना टैक्स देना होगा। यह हमारे लिए एक एस्पिरेशन है कि फाइनेंस मिनिस्टर ने इतनी देर खड़े होकर पूरा बजट पढ़ा, लेकिन आम पब्लिक यह देखती है कि हम जितना कमा रहे हैं, हमसे कितना टैक्स लिया जाएगा।

इस बजट में जो प्रावधान किए गए हैं, जो नया टैक्स रिजीम लाया गया है, वह बहुत ही स्वागत योग्य है। इसमें पहले पांच लाख रुपये के ऊपर व्यक्ति की इनकम पर 20 प्रतिशत टैक्स देना पड़ता था, उसे अब पांच लाख रुपये से साढ़े सात लाख रुपये की स्लैब में घटाकर दस प्रतिशत किया गया है। इसी प्रकार से साढ़े सात लाख रुपये से दस लाख रुपये की स्लैब में 15 प्रतिशत टैक्स किया गया है। इस सरकार की जो नीयत है, जो सोच है, वह यह है कि जितने भी टैक्सपेयर्स हैं, उनकी जेब में ज्यादा से ज्यादा पैसा जाए, वे ज्यादा से ज्यादा खर्च कर सकें। इसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं।

साथ ही, जिस तरीके से किसानों के बारे में इस बजट में बातें की गई हैं, सोलर पावर का जो नया युग आया है, इसमें 20 लाख किसानों को डायरेक्ट सोलर पैनल के थ्रू बिजली मुहैया कराने से, उनको सिंचाई में जो मदद मिलेगी, वह सराहनीय है। सरकार ऐसे 15 लाख किसानों को पावर ग्रिड एस्टैबलिश करने के लिए जो मदद करेगी, वह सराहनीय है, ताकि वे अपनी खेती करें। साथ ही जो बिजली उत्पादित होगी, उसे आस-पास के जिलों में भेज सकें और उससे भी उनकी कमाई हो सके। सरकार हमेशा यह बात करती है कि जितनी भी आमदनी एक किसान की होती है, उसे डबल किया जा सके।

(1830/IND/SNT)

हमारे विपक्ष के साथी इस बारे में काफी सवाल उठाते हैं, लेकिन यह सोचने की बात है कि कम से कम यह सरकार ऐसा सोचने का साहस रखती है कि हमारे किसान भाइयों की आमदनी डबल हो। जब किसान ऐसी चीजों का उत्पादन करता है, जैसे दूध या कुछ भी हो, उससे किसान को बचाने के लिए सरकार ने 'किसान रेल' और 'कृषि उड़ान' जैसे प्रावधान किए हैं, जिससे जल्दी खराब होने वाली वस्तुओं को जल्द से जल्द मार्केट में पहुंचाया जा सके।

इस सरकार ने बजट में शिक्षा प्रणाली पर बहुत जोर दिया है। जिस तरह से एजुकेशन रिफार्म की बात हुई है, वह बहुत ही सराहनीय है। बजट में कहा गया कि 150 के करीब हायर एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन्स खोले जाएंगे, जो कि एपरेंटिस एम्बेडेड होंगे, ताकि कोई पढ़ाई खत्म करने के बाद नौकरी के लिए जाए या अपना बिजनेस करे, तो वह ऑलरेडी उस व्यवस्था के लिए तैयार होगा। जब हम एजुकेशन रिफार्म की बात करते हैं तो यह केवल हायर एजुकेशन तक ही सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि यह प्राइमरी लेवल से होना चाहिए। जिस तरह से हम एक बच्चे को शिक्षा देते आए हैं कि बच्चा पढ़ रहा है, वह उसे रट्टा लगा लेता है और एग्जाम देता है। हमें इस व्यवस्था को बदलना है ताकि बच्चे इंडिपेंडेंट हो सकें और उनका अच्छे से अच्छे व्यवसाय में चयन हो सके। आप कई उदाहरण देख सकते हैं कि जो बच्चे पढ़ाई के क्षेत्र में अव्वल नहीं होते हैं, लेकिन वे अन्य क्षेत्रों में बहुत अच्छा काम कर जाते हैं। ऐसे बच्चों को चिह्नित किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि अच्छे ट्रेंड टीचर्स की नियुक्ति हो, ताकि ऐसे बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा प्राप्त हो सके।

महोदय, सदन में युवा राज्य वित्त मंत्री जी मौजूद हैं। हम इनसे आग्रह करेंगे कि इनके पास भी युवाओं की कई समस्याएं आती होंगी। इन्होंने युवाओं के लिए बजट भी रखा है। हम इनसे आग्रह करेंगे कि एक युवा आयोग का गठन हो, ताकि वह सुनिश्चित कर सके कि जब पढ़ लिखकर नौजवान अपने कार्य क्षेत्र में जाते हैं, तब उन्हें इस तरह की काउंसलिंग मिल सके कि उन्हें रोजगार मिल सके, उनको बिजनेस सेट करने में सहायता मिले या किसी अन्य फील्ड में जाना है, तो वह आयोग उनकी मदद करे।

महोदय, आयुष्मान योजना के तहत सरकार पांच लाख रुपये का फ्री इलाज देती है। साथ ही इस बजट में हर डिस्ट्रिक्ट में नए अस्पताल का प्रावधान रखा गया है। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि यह बात अच्छी है कि हर जिले में अस्पताल होना चाहिए, लेकिन अभी जितनी भी डिस्पेंसरीज या अस्पताल हैं, उनमें डाक्टर्स का अभाव है। हम आग्रह करेंगे कि डाक्टर्स की पर्याप्त संख्या हो। पांच ट्रिलियन इकोनॉमी का लक्ष्य रखा गया है और यह बहुत सराहनीय है। हम सभी साथियों से आग्रह करेंगे कि इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लें। जैसा अभी हमारे विपक्ष के साथी बोल रहे थे कि देश पांच ट्रिलियन इकोनॉमी कैसे बनेगा। हमारी सरकार इस काम को करने में सक्षम है, इसलिए कहती है कि हम पांच ट्रिलियन इकोनॉमी बन सकते हैं। यदि किसी के मन में यह बात आ जाए कि हम पांच ट्रिलियन इकोनॉमी अचीव नहीं कर सकते, तो उन्होंने तो पहले ही माइंड बना लिया है कि हम ऐसा नहीं कर सकते हैं। आपने जिस तरह से देश चलाया है, वैसे अब देश नहीं चल रहा है। आज आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी की सरकार है और हमें पूरा विश्वास है कि हम पांच ट्रिलियन इकोनॉमी अचीव कर सकेंगे।

(1835/ASA/GM)

सर, मैं एक छोटी सी कहानी कहकर अपनी बात समाप्त करना चाहूंगा। यह कहानी एक बाप-बेटे की है। एक बाप-बेटा बहुत समय से पैदल चल रहे थे। एक गांव आया। गांव के लोगों ने कहा कि ये धूप में पैदल चल रहे हैं। कैसा बाप है, यह कोई घोड़ा क्यों नहीं ले लेता जिससे बेटे को बिठा दे? बाप ने घोड़ा लिया और बच्चे को उस पर बिठा दिया। फिर वे आगे बढ़े। लेकिन आगे जाकर एक गांव

आया। उस गांव के लोगों ने कहा कि यह कैसा बेटा है, बाप को पैदल चला रहा है और खुद घोड़े पर बैठा है। फिर बाप घोड़े पर बैठ गया। आगे एक और गांव आया। गांव वालों ने फिर कहा कि ये कैसे बाप बेटे हैं कि ये दोनों एक जानवर पर अत्याचार कर रहे हैं। दोनों उस जानवर पर चढ़कर बैठे हैं। फिर वे दोनों घोड़े से उतर गये। फिर आगे एक गांव आया। वहां के लोगों ने कहा कि ये कैसे बेवकूफ हैं कि घोड़ा साथ में है, लेकिन फिर भी दोनों पैदल चल रहे हैं। सर, कहने का मतलब यही है कि सरकार जो काम कर रही है, जो काम करना चाहती है, अच्छा कर रही है। अपोजीशन का काम कहना है, वे ये कहेंगे ही। उनके पास और कोई मुद्दा नहीं है। धन्यवाद।

(इति)

1836 बजे

डॉ. संघमित्रा मौर्या (बदायूं): माननीय सभापति जी, मैं वर्ष 2020-21 के बजट के संबंध में बोलने के लिए खड़ी हुई हूं। माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत बजट भविष्य की अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत है। दिनांक 01 फरवरी 2020 को वित्तीय वर्ष 2020-21 का केन्द्रीय बजट देश के सामने पेश किया गया। 21वीं सदी के तीसरे दशक में इस बजट में माननीय वित्त मंत्री जी ने दीर्घकालीन प्रभाव वाले कई सुधारों की घोषणा की है जो प्रशंसनीय है। मैं हृदय की अनंत गहराइयों से इसकी प्रशंसा करती हूं। मैं माननीय प्रधान मंत्री और माननीय वित्त मंत्री जी को बधाई देती हूं।

जिस ग्रामीण परिवेश से मैं आती हूं, जहां पर मेरा बचपन बीता, निश्चित तौर से तमाम तरह की मूलभूत आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ा जो मैं शब्दों में बयान नहीं कर सकती हूं। लेकिन जो यह बजट आया है, यह बजट साबित करता है कि जिन सुविधाओं से मैं वंचित रही हूं, आने वाला युवा, आने वाला बच्चा, इन सुविधाओं से वंचित नहीं रहेगा, बल्कि उन्हें सही प्रकार की सुविधाएं मिलेंगी। इस बजट से देश के आम अल्प आय वाले परिवार, खास तौर से मध्यम वर्गीय परिवार और आम सभी जनमानस को समान रूप से सुविधाएं मिलेंगी। मैं एक बार दोबारा माननीय प्रधान मंत्री जी और वित्त मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहती हूं जिन्होंने निचले तबके के लोगों को ऊपर के पायदान पर बैठे लोगों के समकक्ष लाने का अथक प्रयास किया है। इस बजट के मुख्य उद्देश्य- लघु अवधि, मध्यम अवधि और दीर्घ अवधि के उपयोगों के जरिये भारतीय अर्थव्यवस्था को ऊर्जावान बनाना है। केन्द्रीय बजट 2020-21 के बजट को मैं अगर एक लाइन में कहूं तो यह महत्वाकांक्षी भारत का बजट है। वह भारत जिसमें समाज के सभी वर्गों के लिए स्वास्थ्य और शिक्षा की पहुंच और रोजगार के बेहतर अवसर हैं ताकि उनके जीवन का स्तर ऊंचा और मजबूत हो सके।

वर्ष 2020 के इस केन्द्रीय बजट में सरकार द्वारा जिन नये प्रयोगों को किया जाना है, वह अर्थव्यवस्था के लिहाज से नि:संदेह सकारात्मक साबित होंगे। सभी के लिए आर्थिक विकास- यानी 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' हमारा परम ध्येय रहा है।

तमाम तरह के लोग टिप्पणियां करते हैं कि यह बजट जनता के हित में नहीं है और वे लोग टिप्पणी करते हैं जिन्होंने लम्बे समय तक इस देश पर राज किया, इस प्रधान मंत्री की कुर्सी को वे सुशोभित करते रहे लेकिन गरीबों, पिछड़ों का वोट लेने के अलावा उन्होंने उनके हित का कभी कोई कार्य नहीं किया। वे तो हम सब धन्य हैं जो वर्ष 2014 में आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी प्रधान मंत्री बनते हैं तो गरीबों, शोषितों, पिछड़ों और किसानों की चिंता करते हैं और उसी चिंता के कारण ही आज गरीबों, किसानों और जरूरतमंदों का हक उनको मिल रहा है।

यदि हम सिंचाई और ग्रामीण विकास को ध्यान में रखकर देखें तो हम देखते हैं कि हमारी सरकार ने गांवों और गरीबों पर विशेष ध्यान देने का काम किया है।

(1840/RAJ/RK)

निश्चित ही वह हमारे कृषक भाइयों को अनेक लाभ पहुंचाएगा। प्रधान मंत्री कुसुम योजना के तहत 20 लाख किसानों को सोलर पंप्स की सुविधा तथा साथ ही 15 लाख ग्रिड कनेक्शन पंप्स की सुविधा दिया जाना, डीजल और कैरोसिन से मुक्त, उसको समाप्त कर पंप सेट्स को सौर ऊर्जा से जोड़ कर

के किसानों के भार को कम करने का भी एक सराहनीय कार्य किया जा रहा है। कृषि सिंचाई और ग्रामीण विकास के लिए सोलह सूत्री कार्य योजना को लागू किया जाना, उसमें उक्त सोलह सूत्री कार्य योजना के लिए 2.83 लाख करोड़ रुपये का आबंटन, कृषि सिंचाई और उससे संबंधित गतिविधियों के लिए 1.60 लाख करोड़ रुपये और ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज के लिए 1.23 लाख करोड़ रुपये की कार्य योजना का विस्तार दिया जाना, इसके साथ ही पीएम किसान लाभार्थियों के लिए केसीसी योजना के तहत लाने का प्रस्ताव नाबार्ड के पुनर्वित्त योजना को और अधिक विस्तार देना है।

जल संकट से जूझ रहे 100 जिलों के लिए वृहद् उपायों के प्रस्ताव पर ध्यान दिया जाना, सिंचाई के लिए वर्षा जल आधारित क्षेत्रों को एकीकृत खेती का विस्तार और गैर फसल मौसम में बहुस्तरीय फसल, मधुमक्खी पालन, सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देना, आदि को स्थान दिया जाना शामिल है।

माननीय सभापति महोदय, पूर्व में जो प्रधान मंत्री रहे हैं, उन्होंने खुद स्वीकारा था कि वह एक रुपये देते हैं और जनता के खाते में 10 पैसे, 15 पैसे पहुंचते हैं, लेकिन धन्य हैं, इस देश के यशस्वी प्रधान मंत्री, आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी, जो किसान सम्मान निधि योजना के तहत 2000 रुपये देते हैं तो किसानों के खाते में 2000 रुपये, पूरे पैसे पहुंचते हैं। हमारा कोई किसान भाई यह नहीं कह सकता है कि उसे 1,999 रुपये मिले हैं, उसमें से एक रुपये की भी कटौती नहीं होती है, क्योंकि आदरणीय मोदी जी ने आदरणीय मोदी जी ने बीच से दलालों को हटा दिया है। वह सीधे-सीधे योजना का लाभ गरीबों तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं, जो जरूरतमंद हैं, उन तक उनकी योजनाएं पहुंच रही हैं।

मत्स्य व्यवसाय हेतु समुद्री मत्स्य संसाधनों के विकास प्रबंध और संरक्षण के लिए फ्रेम वर्क, जिससे वर्ष 2022-23 तक देश में 200 लाख टन मत्स्य उत्पादन का लक्ष्य और 3,477 मित्रों और 500 मत्स्य पालन कृषक संगठनों द्वारा युवाओं को लाभकारी मत्स्य पालन के क्षेत्र में जोड़े जाने की योजना है।

स्वच्छता को लेकर प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 20 हजार अस्पतालों का जोड़ा जाना, 'टी.बी. हारेगा और देश जितेगा', कैम्पेन के तहत वर्ष 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य, हर जिले में जन औषधि केन्द्र खोला जाना, हमारी सरकार का 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' जैसे नारे को चरितार्थ करता है। आज तक किसानों और गरीबों की चिंता किसी ने नहीं की है, स्वास्थ्य की चिंता किसी ने नहीं की है। यदि गरीब मर रहे हैं तो मरते रहें, लेकिन आज हम सब धन्य हैं, जो इस देश के यशस्वी प्रधान मंत्री, आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी गरीबों की चिंता करके, उनके स्वास्थ्य की चिंता करके, आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख रुपये की सुविधा देने का काम कर रहे हैं।

आज विपक्ष शिक्षा और रोजगार की भी चर्चा करता है कि हमारी सरकार रोजगार नहीं दे रही है, शिक्षा पर ध्यान नहीं दे रही है, बजट नहीं बना रही है। मैं कहना चाहूंगी कि आज जो सरकार शिक्षा और रोजगार की बात करती है, जो कहते हैं कि रोजगार और शिक्षा नहीं मिल रही है, जब हम दिल्ली

के चुनाव के दौरान गए तो देखा कि जिस उम्र में बच्चों के हाथों में किताब और पैन होना चाहिए, उस उम्र के बच्चों को सीएए के विरोध में सड़क पर तख्ती और मोमबत्ती पकड़ा कर खड़ा किया गया है, लेकिन उन बच्चों को यह भी नहीं पता है कि सीएए क्या होता है। पांच-छ: साल के बच्चे जिनके हाथ में हमें किताब और कलम पकड़ानी चाहिए, उनके हाथ में तख्ती और मोमबत्ती पकड़ा कर सड़क के किनारे खड़े करते हैं और हम यहां पर रोजगार और शिक्षा की बात करते हैं।

आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में, आदरणीय वित्त मंत्री जी के नेतृत्व में, निश्चित तौर पर यह देश बदल रहा है, उन्होंने देश के लिए बहुत अच्छा बजट लाया है। मैं चार लाइनें कह कर अपनी बात को विराम दूंगी और साथ ही साथ सरकार से यह अनुरोध करूंगी, क्योंकि मैं एक ऐसे लोक सभा क्षेत्र से आती हूं जो आजादी के इतने लंबे समय के बाद भी आज भी बहुत पिछड़ा है। चाहे वह ट्रेन हो, बस हो या रोजगार हो, हमारा क्षेत्र हर चीज से दूर है और हम चाहेंगे कि सरकार उन क्षेत्रों पर नजर रखे। मैं चार पंक्तियों के साथ अपनी बात को विराम दूंगी।

(1845/VB/PS)

गरीबों की आन-बान-शान और सम्मान हैं हमारे मोदी जी,
देश को जिसने दिया शानदार बजट, वो हैं हमारे मोदी जी,
जाति-धर्म से मुक्त होकर सबको एक जैसा लाभ दिया,
भारतवर्षी होने का गौरव हैं और स्वाभिमान हैं हमारे मोदी जी।

(इति)

1845 बजे

श्री राम शिरोमणि (श्रावस्ती): माननीय सभापति जी, आपने मुझे बजट पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूँ।

मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान बेरोजगारी और बढ़ती हुई आर्थिक मंदी की तरफ दिलाना चाहता हूँ, जिसका माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा बजट में कहीं भी जिक्र नहीं किया गया है। जनसंख्या की दृष्टि से भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा देश है तथा विश्व के सबसे अधिक युवा भारत में हैं। माननीय प्रधान मंत्री जी ने दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वायदा किया था, लेकिन आज युवा लोग बेरोजगार घूम रहे हैं। इसके बावजूद, बजट में बेरोजगारी दूर करने का कोई प्रावधान नहीं है। आज पूरा विश्व आर्थिक मंदी से गुजर रहा है, जिसका प्रभाव भारत पर भी पड़ रहा है। इससे निपटने के लिए सरकार द्वारा कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया है।

बजट भाषण में उच्च शिक्षा और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु कोई चर्चा नहीं की गई है। विश्व के कई देश अपनी जीडीपी का छ:-सात प्रतिशत शिक्षा पर खर्च करते हैं, लेकिन विश्व में सबसे अधिक युवाओं की जनसंख्या वाले भारत में जीडीपी का मात्र एक प्रतिशत ही शिक्षा पर खर्च करने का अवलोकन हो रहा है। सरकार से मेरी माँग है कि अन्य देशों की तरह शिक्षा की गुणवत्ता व सुगमता तथा सभी लोगों तक शिक्षा की पहुँच बनाने के लिए इसमें जीडीपी का खर्च और बढ़ाना चाहिए।

बजट भाषण में महिलाओं, दलितों, पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं किया गया है। बजट से आमजन, खास तौर पर मध्यम वर्ग एवं निम्न वर्ग, जिनको सबसे ज्यादा उम्मीदें होती हैं, नौकरीपेशा तबके की निगाहें करों में रियायत पर होती हैं, लेकिन वर्ष 2020-21 के बजट में नई कर व्यवस्था का समावेश करते हुए, जिस तरह से दो नई कर व्यवस्थाएँ बना दी गई हैं, वे राहत देने की बजाय संकट ही खड़े करेंगी। लोगों को एक कर व्यवस्था को चुनकर उसी के हिसाब से कर का भुगतान करना पड़ेगा। करदाता वैसे ही परेशान होंगे जैसे जीएसटी से व्यापारी परेशान हो रहे हैं।

सरकार पैसे जुटाने के लिए एलआईसी व आईडीबीआई में हिस्सेदारी बेचेगी। यह सरकार की खराब आर्थिक स्थिति की ओर संकेत करता है।

खनन, ऊर्जा और रीअल एस्टेट जैसे प्रमुख क्षेत्रों को रफ्तार देने के लिए जिस तरह की उम्मीद बजट से थी, इससे कारोबारियों को निराशा ही हाथ लगी है। किसानों की आय बढ़ाने और खेती के संसाधनों में बढ़ोतरी का कोई प्रावधान नहीं किया गया है।

आजादी के 73 वर्ष बाद भी 58 से 60 प्रतिशत खेती में सिंचाई की व्यवस्था सुनिश्चित नहीं हो पाई है, जो आज भी वर्षा पर निर्भर है। जो क्षेत्र सिंचित नहीं हैं, वहाँ पर प्रति हेक्टेयर औसतन 1.2 टन उत्पादन होता है, जबकि सिंचित क्षेत्र में लगभग चार टन प्रति हेक्टेयर उत्पादन होता है। आँकड़े बताते हैं कि 42 प्रतिशत गरीब ग्रामीण क्षेत्रों में ही रहते हैं। इनको न तो उपयुक्त पोषण मिलता है, न ही तमाम वंचित किसानों तक पहुँचने के लिए किसी महत्वाकांक्षी योजना का जिक्र है और न ही इसके लिए सरकार द्वारा कोई विशेष आवंटन किया गया है।

वर्ष 2001 से अब तक हमारा व्यापार घाटा छ: अरब डॉलर से बढ़कर लगभग 176 अरब डॉलर हो गया है अर्थात यह 30 गुना हो चुका है। इससे निपटने के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। यह बजट हवा-हवाई है, जैसे ऊँट के मुँह में जीरा।

बहुत-बहुत धन्यवाद।

(इति)

(1850/RC/PC)

1850 hours

SHRI MARGANI BHARAT (RAJAHMUNDRY): Sir, I thank you for giving me the opportunity to speak on the national Budget.

On behalf of my leader and hon. Chief Minister, Shri Y.S. Jaganmohan Reddy Garu, I congratulate the Central Government led by Shri Narendra Modi Ji. In the difficult times when the economy is sluggish and sentiment is weak, the hon. Finance Minister announced the first Budget of this decade and build confidence amongst the citizens of the country. But a lot of aspirations, expectations, thoughts, and hopes went in vain for the people of Andhra Pradesh.

I have no hesitation in saying that it is a double whammy for the State of Andhra Pradesh since there is no mention of Special Category Status, revenue deficit and industrial corridor which were promised and which were there in the AP Re-organisation Act. Neither in the President's Address nor in the Budget, it is there. It has disappointed the aspirations of five crore people.

I am deeply perplexed as to where I should start from. Should I start from the national Budget or should I start from the promises made in this noble House regarding the Andhra Pradesh Re-organisation Act? Our hon. Chief Minister, Shri Y.S. Jaganmohan Reddy Garu met the hon. Prime Minister and the hon. Home Minister many times for granting the Special Category Status, but the Central Government put forth the argument that in accordance with the recommendations of the 14th Finance Commission, the Special Category Status ceased to exist. The Ministry of Finance contended that at page no.17, para 2.29 and 2.30, the 14th Finance Commission stated that they had not taken into account any distinction between the special and general category States. Then why can the Special Category Status which was promised in this noble House not be given? At the time of bifurcation, it was promised.

A step further our State Government has requested the 15th Finance Commission to review the plea for granting of status. The Chairman and the members of the Commission were the most sympathetic towards the State of Andhra Pradesh. In a reply to a question asked by the media, the hon. Chairman, Shri N.K. Singh, stated that it was beyond the purview of the Finance Commission to consider recommending the grant of Special Category Status to

any State. But I would like to reiterate in this House that the hon. Prime Minister, Shri Narendra Modi Ji, mentioned that the Congress has killed the mother, *i.e.,* Andhra Pradesh and saved the baby, *i.e.,* Telangana. He further said that had he been there, he would have saved the mother also. Therefore, I would request the hon. Prime Minister to keep up his promises.

The hon. President has rightly said in his Address at para 78:

> "The fundamental mantra of Independence was a Self-reliant India. A self-reliant India is possible only when every Indian takes pride in every product made in India. My Government believes in the mantra of 'Buy local for a better tomorrow'. I urge every representative of the people, from Panchayat level to the Parliament, and every Government in the country, to transform the philosophy of 'Buy local for a better tomorrow' into a movement. I also urge every Indian to give priority to local products. By using locally manufactured products, you will be able to help the small entrepreneurs in your area to a great extent."

We appreciate the hon. Prime Minister and the Government for promoting 'Make-in-India' but in reality we have to deliver more efficiently.

Sir, give me two more minutes, I will conclude. There are a couple of points regarding tourism and about crude oil.

HON. CHAIRPERSON (SHRI N. K. PREMACHANDRAN): If you want to put more demands, kindly conclude with demands.

SHRI MARGANI BHARAT (RAJAHMUNDRY): Sir, instead of focussing and pushing the locally produced/manufactured goods we are screaming towards FDI. Sir, what do foreign direct investors do? They do not come to our country to do charity.

(1855/SNB/SPS)

They come here to earn profit and take them back in dollars. By converting one single dollar into rupee we are losing 70 times of our currency. The hon. Finance Minister mentioned in her Budget speech that FDI investments today got enhanced to 284 billion dollars from 190 billion dollars. Now, if the FDI goes up, how can rupee get stronger? How can we transform the philosophy of the Government `buy local for better tomorrow'? The hon. Finance Minister, in para

135 of her Budget speech, agreed that undue benefits given under the FDI is posing a threat to our domestic industry.

HON. CHAIRPERSON: Please conclude now. If you have any demands, you put them before the Government and conclude your speech. You are the third speaker from your party.

SHRI MARGANI BHARAT (RAJAHMUNDRY): Sir, please give me two minutes.

Sir, this august House is aware that this country has a foreign exchange reserve of 450 billion dollars. Instead of keeping that foreign exchange as a reserve can be used for productive purposes. We have a lot of scope and potential in the tourism sector.

HON. CHAIRPERSON: You are explaining things. Please conclude now.

SHRI MARGANI BHARAT (RAJAHMUNDRY): But unfortunately, the tourism sector has been given very less priority in this Budget. Smaller countries like Malaysia, Singapore, Mauritius, Maldives etc. are spending a lot on promotion of tourism. In fact, our country should pursue tourism aggressively for earning more foreign exchange through this sector.

The other point is this. Why is our GDP low? We all know that our country is a major importer of crude oil and the bullion. Why can we not implement the use of vehicles driven by natural gas? That has to be promoted. In fact, my constituency is located in the KG basin. Ten million cubic meters of gas is produced per day in the KG basin. …(*Interruptions*)

I want to conclude by making the demand that the special category status should be accorded to the State of Andhra Pradesh and whatever other promises were made in the Andhra Pradesh Reorganisation Act should be fulfilled. Also, I would like to mention that our hon. Chief Minister asked for a R&R package for the Polavaram project. Unless we get that R&R package, how can we construct the dam and store water? The R&R package for the Polavaram project has to be released at the earliest so that we have a means of survival for the people of Andhra Pradesh.

Thank you.

(ends)